3 बस्तर संभाग
पुलिया का निर्माण कर एप्रोच बनाना भूल गया आरईएस ...

6 अभिमत
बिजली क्षेत्र के समक्ष चुनौतियाँ

10 संस्कारधानी
फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड से होगा

11 छत्तीसगढ़
शहर में ठप पड़े विकास कार्यों के विरोध में भाजपा ने ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 26 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 275 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को प्रदान किया जाएगा अणुव्रत पुरस्कार



**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह को गुरुवार को अणुव्रत पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के अध्यक्ष संचय जैन ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह अणुव्रत आंदोलन का शीर्ष पुरस्कार है। डॉ. सिंह को यह पुरस्कार व्यक्तिगत जीवन में सादगी और शुचिता तथा नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के उन्नयन में उनके रचनात्मक योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है। अणुव्रत आंदोलन की स्थापना जैन आचार्य तुलसी ने समाज और व्यक्ति के जीवन में संयम, शुचिता और अहिंसा के मूल्य के लाने के लिए की थी।

### उत्तरकाशी में खाई में गिरे वाहन में लगी आग, सभी छह यात्रियों की मौत

**उत्तरकाशी/देहरादून।** उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी-टिहरी जिला की सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग-94 पर बुधवार को एक वाहन के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने के बाद उसमें आग लग गई। वाहन के चालक सहित सभी छह लोगों की मौत हो गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आज अपराह्न साढ़े तीन बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 94 पर, चंबा-धरासू मोटर मार्ग, तहसील कंडिसौड़, जनपद टिहरी के कोटी गाड़ के समीप एक बोलेरो कार संख्या यूके-10टीए-0564 अनियंत्रित होकर पैराफिट तोड़ती हुई 100 मीटर गहरी खाई में गिर गई।

### ज्ञानवापी प्रकरण में नयी अर्जी अदालत में पेश, फास्ट ट्रैक कोर्ट सुनेगी 30 मई को

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में दर्शन पूजन की अनुमति देने की मांग करने वाली एक नयी अर्जी स्थानीय अदालत में दायर की गयी है। विश्व वैदिक सनातन संघ की ओर से यह अर्जी मंगलवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में पेश की गयी थी। इसे सुनवाई के लिये 'फास्ट ट्रैक कोर्ट' को हस्तांतरित कर दिया गया है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश महेन्द्र कुमार पांडे की अनुपस्थिति में इस याचिका पर बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी।

# आम आदमी पार्टी का आरोप- गुमराह कर ली जा रही है

# जायसवाल निको इंडस्ट्रीज स्टील संयंत्र के विस्तार की अनुमति

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड सिलतरा रायपुर के स्थापित स्टील संयंत्र का विस्तार और आधुनिकरण पर जनसुनवाई के सम्बन्ध में आम आदमी पार्टी के नेता एवं रायपुर से लोकसभा प्रत्याशी रहे संदीप तिवारी ने लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है।

तिवारी ने बताया कि केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल ने सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया को देश का 19 वां प्रदूषित इंडस्ट्रियल एरिया और रायपुर शहर को 17 वां सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर घोषित कर रखा है। सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया का वायु प्रदूषण सिलतरा और उसके आसपास गांव के अलावा रायपुर शहर तक प्रभावित करता है। विशेष रुप से ठंड में रायपुर शहर सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया से होने वाले वायु प्रदूषण से त्रस्त रहता है। शहर के हर घर की जमीन, छत काली हो जाती है, ऐसे में और प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को लगाने या विस्तार करने से रायपुर की जनता को और अधिक प्रदूषित आबोहवा का शिकार होना पड़ेगा। शहर की जनता पहले से ही वायु प्रदूषण जनित रोगों से त्रस्त है, उनका अब और जीना दूभर हो जाएगा।

पायनियर लगातार



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 25 मई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 274 मूल्य 3.00 ₹

जायसवाल निको इंडस्ट्रीज के विस्तार के लिए जनसुनवाई आज

विरोध में उतरे राजनीतिक दल और पर्यावरण प्रेमी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सिलतरा स्थित जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपने स्टील संयत्र का विस्तार और आधुनिकीकरण करने जा रही है जिसके लिए जनसुनवाई आज होना है। उत्ला, सिलतरा राजधानी रायपुर का सबसे प्रदूषित इलाका माना जाता है। लगातार हो रहे इंडस्ट्रियों के विस्तार से रायपुर की आबोहवा पहले से ही काफी प्रदूषित है। ...ला उगलते कारखाने राजधानी को रहने लायक नहीं ... इलाके में पहले से ही काफी उद्योग संचालित ...रों तरफ आद्योगिक प्रदूषण से प्रभावित है। ... है कि यह खबर फैलाकर भ्रमित किया ...ते प्रदूषण कारण बढ़ रही वाहनों की ... वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ ही ... कारखाने आम-जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। जानकारों का मानना है कि अब जायसवाल निको इंडस्ट्रीज के विस्तार से क्षेत्र और अधिक प्रदूषित हो सकता है। बहरहाल एक ओर इंडस्ट्री प्रबंधन विस्तार को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूरी कर आगे बढ़ रही है, तो वहीं दूसरी ओर पर्यावरण प्रेमी तथा राजनीतिक दल इसके विरोध में उतर आये हैं।



राजधानी रायपुर का सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया देश के सबसे प्रदूषित इंडस्ट्रियल एरिया में 17वें स्थान पर : सिंघवी

पर्यावरण प्रेमी रायपुर निवासी नितिन सिंघवी ने कहा कि राजधानी रायपुर का सिलतरा इंडस्ट्रियल एरिया देश के सबसे प्रदूषित इंडस्ट्रियल एरिया में 17वें स्थान पर आता है। यहां का वायु प्रदूषण रायपुर शहर में आता है। विशेष रुप से ठंड में उतरी हवा चलने से रायपुर के निवासियों को कई बीमारियां होती हैं। सिंघवी ने कहा रायपुर शहर में किसी भी स्थान पर एयर क्वालिटी इंडिक्स बताने वाले ऑनलाइन रियल टाइम मीटर नहीं लगे हैं। इन मीटरों को लगाने से अत्यधिक बढ़े हुए वायु प्रदूषण की सत्यता उजागर हो जाएगी। सिलतरा में पहले इन मीटरों को लगाया जाए उसके बाद ही एक्सपेंशन की अनुमति दी जानी चाहिए।

2008 में ही सरकार प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग के नये स्थापना और विस्तार पर मनाही कर चुकी है : आप

आम आदमी पार्टी के नेता रायपुर से लोकसभा प्रत्याशी रह चुके संदीप तिवारी ने कहा कि सिलतरा क्षेत्र में पहले से ही बहुत प्रदूषण है। और यहां बहुतायत में उद्योग संचालित है। इसी के चलते 2008 में ही सरकार ने सिलतरा मे प्रदूषण फैलाने वाले उद्योग के नये स्थापना और विस्तार पर मनाही कर चुकी थी, फिर सरकार को ऐसा क्या हुआ की एक विशेष कोयला आधारित उद्योग के विस्तार को अनुमति देनी पड़ रही है। हम उद्योग विस्तार के विरोध में नहीं है लेकिन प्रदूषण फैलाकर लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करना ऐसा विकास ठीक नहीं है यह पूर्ण रूप से गलत है इसका हम पुरजोर विरोध करेंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय संधि का हो रहा है उल्लंघन

ग्लास्गो सम्मेलन में जलवायु संकट से निपटने के लिए भारत के सुझाव पर यह निर्णय लिया गया कि कोयले का उपयोग का फेस डाउन करना है परंतु इस विस्तार में कोयले का 17 लाख टन उपयोग बढ़ेगा। उपरोक्त संदर्भ में केन्द्रीय मंत्री, सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अध्यक्ष, सदस्य सचिव, केन्द्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल दिल्ली के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई जाने की बात सामने आई है।

तिवारी ने आरोप लगाते हुए कहा कि वायु प्रदूषण के गलत आंकड़े प्रस्तुत कर रायपुरवासियों को गुमराह किया जा रहा है। कंपनी ने जो रिपोर्ट प्रस्तुत की है उसमे बताया गया है कि सिलतरा क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2021 से 15 जनवरी 2022 के मध्य वायु प्रदूषक पीएम 2.5 की मात्रा 26 से लेकर 48 मापी गई तथा इसी प्रकार पीएम 10 की मात्रा 45 से 83 मापी गई।

उन्होंने कहा कि कंपनी द्वारा दिए गए यह आंकड़े पूर्णतः गलत है। बरसात होने की स्थिति के अलावा यहां दोनों प्रदूषकों का स्तर वर्षभर 150 के ऊपर 400 के स्तर तक रहता है। सच्चाई यह है कि जिस अवधि के आंकड़े कंपनी ने प्रस्तुत किए हैं उस दौरान स्टेट हेल्थ रिसर्च सेंटर रायपुर के आंकड़ों के अनुसार 23 नवम्बर 2021 को सिलतरा के पास स्थित बीरगांव में पीएम 2.5 की मात्रा 160 मापी गई, 21 दिसम्बर 2021 को 364 तथा 1 जनवरी 2022 को 160 मापी गई है।

### निको जायसवाल इंडस्ट्रीज ने तकरीबन 5 लाख पेड़ लगाए धरातल पर कितने?

रिपोर्ट में जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड सिलतरा द्वारा 487264 पेड़ लगाना बताया गया है। आम आदमी पार्टी के नेता तिवारी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ तो परसा कोल् ब्लाक के लिए कटेंगे। कंपनी के इस दावे का सत्यापन निष्पक्ष जांच एजेंसी से करवाया जाना चाहिए ताकि पेड़ कहां लगे? कब लगे? जिन्दा है कि नहीं? और दूसरों द्वारा लगाये गए पेड़ों पर कंपनी दावा तो नहीं कर रही? इन सबकी सच्चाई आम जनता के सामने उजागर होनी चाहिए।

### छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आधुनिक मशीनों से वायु प्रदूषण नहीं मापा जाता

तिवारी ने कहा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा आधुनिक मशीनों से वायु प्रदूषण नहीं मापा जाता है। जैसे कि केंद्रीय पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा देश के विभिन्न शहरों में ऑनलाइन रियल टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स मापा जाता है। वायु प्रदूषण के सही आंकड़े तभी निकल सकते हैं जब सिलतरा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पंडित रवि शंकर विश्वविद्यालय रायपुर तथा एनआईटी रायपुर एवं उपरोक्त वर्णित ऑनलाइन रियल टाइम मीटर से वायु प्रदूषण का माप कराया जावे।

### और अधिक प्रदूषित होगी राजधानी

विस्तार कार्य में प्लांट की क्षमता 6.5 लाख टन वार्षिक से बढ़ाकर 20 लाख मीट्रिक टन लोहा निर्माण किया जायेगा, इसके लिए 17 लाख टन प्रति वर्ष अतिरिक्त कोयले की आवश्यकता होगी। वर्तमान में यह संयंत्र 7.88 लाख टन कोयले का खपत करता है। तो वही विस्तार में 17 लाख टन अतिरिक्त कोयले का उपयोग लोहा निर्माण में किया जाएगा। कोयले के उपयोग तथा लोहा निर्माण से लगभग 40 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड प्रति वर्ष निकलेगी, जिसके साथ ब्लैक कार्बन भी उत्सर्जित होगा जो कि घातक वायु प्रदूषक पीएम की मात्रा बढ़ा कर जलवायु संकट और अधिक बढ़ा सकता है। जानकारों का मानना है कि कोयले से निकलने वाले विभिन्न वायु प्रदूषक राजधानी निवासियों के स्वास्थ्य पर जैसे हार्ट और सांस लेने से सम्बंधित सभी बीमारियां, अस्थमा, दमा और प्री मेचुयोर डिलीवरी इत्यादि बढ़ सकती है।

## यासीन मलिक को उम्रकैद 10 लाख रुपए का जुर्माना

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



आतंकवादी संगठन जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के सरगना यासीन मलिक को बुधवार को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आतंकवादियों को धन मुहैया कराने के मामले में आजीवन कारावास की सजा और 10 लाख रुपये का जुर्माना सुनाया। आतंकवादी सरगना मलिक जनवरी 1990 में कश्मीर में स्क्वाड्रन लीडर रवि खन्ना सहित भारतीय वायुसेना के चार अधिकारियों और जवानों की हत्या के मामले चर्चित हुआ था। उसके खिलाफ 2017 में आतंकवाद और विघटनकारी करतूतों में शामिल होने के आरोपों में मामला दायर किया गया था। मलिक ने 19 मई 2022 को एनआईए के मामलों की सुनवाई करने वाली पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष अदालत में अपने जुर्म कबूल किये थे। अदालत ने इस मामले में सजा सुनाने के लिए दोपहर बाद का समय निर्धारित किया था। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अदालत परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी थी और परिसर सुरक्षा कर्मियों के शिविर जैसा लग रहा था। सुरक्षा में पुलिस के अलावा अर्द्धसैनिक बल के दस्ते भी तैनात किये गये थे। परिसर में मलिक को लाये जाने से पहले बम निस्तारण दस्ते और प्रशिक्षित कुत्तों से जांच करायी गयी थी। न्यायालय कक्ष में विशेष एनआईए न्यायाधीश प्रवीण सिंह के करीब साढ़े पांच से पहुंचने से पहले मलिक को वहां लाया गया था।बुधवार को अदालती कार्रवाई के दौरान एनआईए ने मलिक को मृत्यु दंड दिये जाने की दलील दी थी।

## देश में कोरोना के 2,124 नए मामले दर्ज, 17 की मौत

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में उतार-चढ़ाव के बीच बुधवार को 2,124 नये मामले सामने आए हैं तथा 17 लोगों की मौत होने से कोरोना मृतकों की संख्या 5,24,507 हो गयी। नये मामलों के सामने आने के साथ कुल मामलों की संख्या चार करोड़ 31 लाख 42 हजार 192 तक पहुंच गई है। इस दौरान सक्रिय मामलों में 130 की बढ़ोत्तरी होने से अब इनकी संख्या 14,971 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 1,977 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं और इसी के साथ अब तक कुल चार करोड़ 26 लाख दो हजार 714 मरीज कोविड से उबर चुके हैं। देश में इस वक्त कोरोना से स्वस्थ होने की दर 98.75 प्रतिशत है। वहीं, सक्रिय दर 0.03 प्रतिशत और मृत्यु दर 1.22 प्रतिशत है। महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 61 बढ़ने से कुल संख्या 2,039 तक पहुंच गयी है। वहीं, 276 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 77,33,452 तक पहुंच गया है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 1,47,857 हो गया। केरल में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले 27 बढ़कर 3,955 हो गये हैं। इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 428 बढ़कर 64,77,952 हो गयी, जबकि मृतकों की संख्या 13 बढ़कर 69,630 हो गयी।

## कांग्रेस छोड़कर कपिल सिब्बल हुए सपा की साइकिल पर सवार

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस से इस्तीफा देकर अब सिब्बल ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरा है। बुधवार को लखनऊ में सिब्बल ने अपना नामांकन भरा।

इस दौरान उन्होंने बताया कि वो 16 मई को ही कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। सिब्बल के नामांकन के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और रामगोपाल यादव भी मौजूद रहे। सिब्बल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है, जिन्हें सपा समर्थन दे रही है। 2016 में सिब्बल को तत्कालीन सत्तारूढ़ समाजवादी पार्टी द्वारा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में यूपी से राज्यसभा के लिए चुना गया था। कपिल सिब्बल को लेकर ये भी माना जा रहा है कि अखिलेश इस मौके को आजम खान की उपेक्षा और रिहा होने के बाद के हावभाव के बीच भुनाना चाहते हैं। आजम खान ने जेल से बाहर आने के बाद कहा था कि मेरे विनाश में मेरे चाहने वालों का हाथ है। कहा जा रहा था कि अगर सिब्बल सपा की मदद से राज्यसभा जाते हैं तो ये जरूर आजम की नाराजगी दूर करने में कारगर कदम साबित हो सकता है। साथ ही समाजवादी पार्टी को एक बड़ा नेता और कानूनी सलाहकार भी मिल जाएगा।

### सरकार ने गरीब के लिए आटा भी कर दिया महंगा : प्रियंका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि सरकार राज्यों के लिए गेहूं का कोटा घटा कर गरीब से रोटियां छीनने का काम कर रही है। वाड्रा ने कहा कि सारी कटौती गरीबों के लिए ही क्यों। भाजपा सरकार ने आटा महंगा कर गरीबों की पहुंच से बाहर कर दिया और अब 'राशन' के झोले से भी गरीबों का गेहूँ छीनने की तैयारी है। कुछ दिनों पहले तक पूरे विश्व का पेट भरने का दावा और अब देश के लोगों के लिए ही गेहूँ का कोटा कम क्यों कर रही है सरकार।'' इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा हे कि अगले माह से उत्तर प्रदेश में लोगों को मुफ्त में गेहूँ की जगह चावल मिलेगा।

## हमारी बेटियों को स्टील प्लांट में देनी होगी नौकरी

# नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में नहीं जाने देंगे केंद्र या राज्य सरकार इसे चलाये : मुख्यमंत्री भूपेश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



नगरनार स्टील प्लांट को निजी हाथों में जाने नहीं देंगे। इसे किसी भी सूरत में बिकने नहीं देंगे। चाहे इसे केंद्र सरकार चलाये या छत्तीसगढ़ सरकार चलाये। नानगुर में भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह बात अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि नगरनार में स्थानीय लोगों के हितों और सरोकार से मैं हमेशा से जुड़ा रहा हूँ। धरना भी दिया हूं और पदयात्रा भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरनार प्लांट प्रबंधन को हमारी बेटियों को नौकरी देनी होगी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने नगरनार में मुख्यमंत्री से कालेज खोलने की माँग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कालेज प्लांट प्रबंधन से ही खुलवाएंगे। उन्होंने हमारे लोगों की जमीन ली है तो कालेज भी उन्हें ही खोलना होगा। मुख्यमंत्री ने नानगुर में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। ग्रामीणों ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

एक लाख भी जीवन में नहीं देखा था, इस साल सीजन में बारह लाख का किया सौदा- वनधन योजना की हितग्राही सुमन बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वनोपज का अच्छा शासकीय रेट दिलाने की योजना ने पूरे क्षेत्र में संग्राहकों को बड़ा लाभ दिलाया है। हम लोग हाटबाजारों में जाते हैं और संग्राहकों से सरकारी दर पर खरीदी करते हैं। इतना अच्छा मूल्य मिलने से वे लोग काफी उत्साहित हैं। हमने तो अपने जीवन में एक लाख रुपए भी नहीं देखा था और अब एक सीजन में बारह लाख रुपए का सौदा कर रहे हैं। हर्रा, बेहड़ा, गिलोय और ईमली की हम लोग बड़ी मात्रा में खरीदी कर रहे हैं। पहले बाजार में इमली 25 रुपए में बिकती थी अब इसका 35 रुपए मूल्य संग्राहकों को मिल रहा है।

### अपने खेतों में उगा भुट्टा मुख्यमंत्री को भेंट करने लाई साधना

मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम से स्थानीय लोग काफी उत्साहित हैं। विशेष रूप से आजीविकामूलक गतिविधियों के माध्यम से सशक्त महिलाओं का आर्थिक सशक्ति करण भेंट मुलाकात में दिख रहा है। आज नानगुर में भी ऐसा ही क्षण आया जब यहां की ग्रामीण महिला साधना कश्यप उठी और बताया कि किस तरह वे गौठान से जुड़कर और खेती कर आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही हैं। साधना ने बताया कि मैंने अपने खेतों में भुट्टा लगाया है और आपको भेंट देने आई हूँ। मुख्यमंत्री ने इस भेंट पर बहुत खुशी जताई और साधना की प्रशंसा की।

### नानगुर बनेगा पूर्ण तहसील, खुलेगा थाना भी

इस दौरान मुख्यमंत्री ने नानगुर के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने नानगुर उपतहसील को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की। यहां उन्होंने महाविद्यालय आरंभ करने, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ करने और सहकारी बैंक की शाखा आरंभ करने की घोषणा भी की। नानगुर में थाना भी खुलेगा। 108 एंबुलेंस की सुविधा भी नानगुर को मिलेगी। शहीद गुंडाधुर की जन्मभूमि नेतानार में हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की। मुख्यमंत्री बघेल ने चौपाल में लोगों से चर्चा के दौरान पनारापारा, भैरमगंज, बाण्डापारा, पोडागुड़, धनखोजी तथा तुरेनार के हाई स्कूलों को भी हायर सेकेण्डरी स्कूल बनाने की घोषणा की।

### भारत- अरब अमीरात ने रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय में चीफ ऑफ द फोर्स डिवलेपमेंट एथोरिटी के प्रमुख मेजर जनरल स्टाफ हसन मोहम्मद सुल्तान बानी हम्माद और रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने एक बैठक में रक्षा सहयोग बढाने के उपायों पर बात की। जनरल हम्माद ने मंगलवार को यहां हुई भारत-यूएई संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की 11वीं बैठक के बारे में भी रक्षा सचिव को जानकारी दी। रक्षा सहयोग समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता संयुक्त सचिव (सशस्त्र बल) दिनेश कुमार और जनरल हम्माद ने की। इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने सेनाओं के बीच परस्पर गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। इनमें संयुक्त अभ्यास, विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, उद्योग सहभागिता और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में सहयोग शामिल हैं।

## बारामूला मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी ढेर

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में जैश ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गये। मुठभेड़ के दौरान एलिट पुलिस यूनिट के विशेष पुलिस अधिकारी मुदस्सिर अहमद शहीद हो गए। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सुरक्षा बलों की ओर से नाजीभट क्रीरी इलाके में लगाए गए एक तलाश केंद्र पर मुठभेड़ हुई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि आज पूरे कश्मीर में कई नाका लगाए गए। नजीभट के एक नाके पर मुठभेड़ के दौरान जैश-ए-मोहम्मद के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में हमारा एक बहादुर पुलिसकर्मी शहीद हो गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से आपत्तिजनक सामग्री के साथ हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। वहीं, रक्षा मंत्रालय से जुड़े सूत्रों ने बताया कि तीनों आतंकवादी एक सैंट्रो कार में घूम रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के एक सैंट्रो कार में पुथका से मिरांगुंड की ओर जाने की विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने पर (सेना की) 52 राष्ट्रीय राइफल (आरआर) और बारामूला पुलिस की संयुक्त टीम ने एक निगरानी सह घात अभियान शुरू किया। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की टीम पर गोलीबारी की। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने गोलियां चलाई और मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में तीन विदेशी आतंकवादी मारे गए।

# मुख्यमंत्री पहुंचे लालबाग मैदान, झीरम के शहीदों की याद में फहराया तिरंगा



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर के लालबाग मैदान में झीरम घाटी शहीद मेमोरियल का लोकार्पण किया और झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां शहीदों की याद में लगभग 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया और मेमोरियल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि झीरम घाटी की हृदयविदारक घटना के शहीदों को मैं नमन करता हूं। शहीदों को नमन करते हुए झीरम घाटी शहीद स्मारक को लोकार्पित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पहली पंक्ति के जननायक परिवर्तन के लिए निकले थे। प्रदेश के किसानों, युवाओं, बच्चों और महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाना उनका लक्ष्य था। आज वे हमारे बीच नही हैं, लेकिन उनका मार्गदर्शन सदैव बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हर किसी के साथ न्याय हो रहा है। आज हमारे नेता होते तो बहुत खुश होते। वो जहां भी होंगे आज हम सभी को आशीष दे रहे होंगे। शहीद परिवारों के सुख दुख में हम उनके साथ हैं। हम सभी शहीदों के परिवारों के साथ परिवार की तरह जुड़े हैं। गौरतलब है कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा,उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा सहित 32 लोग शहीद हुए थे। राज्य में शहीदों के बलिदान की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 25 मई को झीरम घाटी श्रद्धांजलि दिवस मनाया गया।

# लोगों के दिलों में सदैव जीवित रहेंगे झीरम घाटी के शहीद : मुख्यमंत्री

## झीरम घाटी हादसे की 9वीं वर्षगांठ पर पर मुख्यमंत्री ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

25 मई को झीरम कांड को 9 साल पूरे हो गए। बस्तर के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और पुलिस के जवानों समेत 32 लोग शहीद हो गए थे। शहीदों को सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जगदलपुर के लालबाग मैदान में उपस्थित थे। झीरम घाटी में शहीद 32 लोगों की यादों को आम लोगों के दिलों में सदैव जिंदा रखने के लिए जगदलपुर के लागबाग मैदान में झीरम घाटी शहीद स्मारक का निर्माण किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मेमोरियल को आम जनता के नाम लोकार्पित किया। मुख्यमंत्री ने मेमोरियल परिसर में ही 100 फीट ऊंचे तिरंगे का भी ध्वजारोहण किया जो शहीदों के सम्मान के रूप में सदैव लहराता रहेगा।



झीरम घाटी में शहीद 32 जनप्रतिनिधियों एवं जवानों की मूर्तियां उनके नाम के साथ स्थापित की गयी हैं जो उनकी पहचान को सदैव जीवित रखेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मेमोरियल में मौजूद शहीदों के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें शाल, श्रीफल और पौधे के रूप में झीरम स्मृति भेंट करते हुए उन्हें सम्मान प्रदान किया। छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों से भी शहीदों के परिजन वर्चुअल रूप से आनलाइन माध्यम से जुड़े हुए थे। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों से बात की तथा शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर किसी के साथ न्याय हो रहा है और आज का छत्तीसगढ़ शांति के टापू के रूप में विकसित हो रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झीरम घाटी के शहीद जहां भी होंगे वो हमें आशीष दे रहे होंगे। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों से बात करते हुए हर सुख दुख में उनके साथ खड़े रहने का वायदा किया और परिजनों के हिम्मत तथा हौंसले की तारीफ की।

### शहीदों के परिजनों से मिले, उनके हिम्मत और हौसले की तारीफ की



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि झीरम घाटी की हृदयविदारक घटना के शहीदों को मैं नमन करता हूं। शहीदों को नमन करते हुए झीरम घाटी शहीद स्मारक को लोकार्पित कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पहली पंक्ति के जननायक परिवर्तन के लिए निकले थे। प्रदेश के किसानों, युवाओं, बच्चों और महिलाओं के जीवन में परिवर्तन लाना उनका लक्ष्य था। आज वे हमारे बीच नही हैं, लेकिन उनका मार्गदर्शन सदैव बना हुआ है।

**नही हैं, लेकिन उनका मार्गदर्शन सदैव बना हुआ है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में हर किसी के साथ न्याय हो रहा है। आज हमारे नेता होते तो बहुत खुश होते। वो जहां भी होंगे आज हम सभी को आशीष दे रहे होंगे। शहीद परिवारों के सुख दुख में हम उनके साथ हैं। हम सभी शहीदों के परिवारों के साथ परिवार की तरह जुड़े हैं। मुख्यमंत्री बघेल चत्रकोट से हेलीकॉप्टर द्वारा सीधे जगदलपुर के लालबाग मैदान पहुंचे और हेलीपैड से चलकर झीरम घाटी शहीद मेमोरियल में झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकतंत्र पर सबसे बड़े हमले में शहीदों की याद में आम जनता को समर्पित है झीरम घाटी शहीद मेमोरियल। गौरतलब है कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा,उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा सहित 32 लोग शहीद हुए थे। इनमें बहुत से कार्यकर्ता, जवान और आमलोगों ने शहादत दी थी। राज्य में शहीदों के बलिदान की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 25 मई को झीरम घाटी श्रद्धांजलि दिवस मनाया जा रहा है।

# डॉ. किरणमयी नायक को राष्ट्रीय स्तर पर मिला दादा साहब फाल्के आईकॉन अवार्ड

### छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की गूंज पूरे देश में : डॉ नायक



■ राष्ट्रीय स्तर पर दादा साहब फाल्के आइकॉन अवार्ड में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्तर पर दादा साहब फाल्के आइकॉन अवार्ड में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया है, जो विभिन्न क्षेत्रों से आयी है, और इस अवार्ड में दो महिला संसद, चार विधायक, टीवी आर्टिस्ट उषा नागकर्णी, हरियाणवी लोककलाकार सपना चौधरी को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नामचीन हस्तियां थी मॉरीशस से एम्बेसडर भी आयी हुई थी। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की गूंज पूरे देश मे हो रही है जो यहां पर महिलाओं के साथ तेज गति से न्याय किये है रहे है सिविल कोर्ट के पावर का जो उपयोग करके महिलाओं को तत्काल न्याय दिया जा रहा है। ऐसा पूरे देश मे कही नही हुआ है, इसी कारण छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष को दादा साहब फाल्के अवार्ड के लिए नामांकित किया गया है।

# ऑल इंडिया आरपीएफ बॉडी बिल्डिंग में दपूम रेलवे के खिलाड़ी को मिला रजत पदक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पूर्व तटीय रेलवे के संबलपुर मंडल में आयोजित ऑल इंडिया आर पी एफ/आर पी एस एफ बॉडी बिल्डिंग चैम्पीयनशिप प्रतियोगिता मे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के एक प्रतिभागीं द्वारा भाग लिया गया, जिसमें 90 एवं 100 किलोग्राम वर्ग में आरक्षक ऋषिकेश भांड, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट सेटलमेंट, रायपुर (रायपुर मंडल) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया ।



आरक्षक ऋषिकेश भांड ने ऑल इंडिया खेल प्रतियोगिता में पदक जीत कर रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को गौरवान्वित किया । महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर ने पदक विजेता आरक्षक ऋषिकेश भांड को बधाई देते व्यक्तिगत पुरस्कार से पुरस्कृत किया । इसके साथ ही महानिरीक्षक द्वारा खेलों में महिला बल सदस्यों को भी भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा खिलाडी बल सदस्यों को आवश्यक सभी सुविधाएं प्रदान करने हेतु तीनों मंडल सुरक्षा आयुक्तों को निर्देशित किया गया ।

# योग के छात्रों ने किया प्रदेश भर में विवि का नाम रोशन

■ जीता राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में पदक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर से योग विभाग के छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में पदक जीते हैं। विवि के प्रति-कुलाधिपति डॉ. जे.के. उपाध्याय, कुलपति डॉ. एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के योग विभाग के छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता में जीत प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। 19 राज्यों के प्रतिभागियों ने 22 मई से 24 मई के बीच 24वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय हिमालया योग ओलंपियाड प्रतियोगिता



स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, प्रशांति कुटीरम् बेंगलुरु में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.जो की योग के क्षेत्र में एक बहु प्रतिष्ठित संस्थान है । बता दें कि यह प्रतियोगिता तीन स्तरों में आयोजित की गयी जिसमें-सब जूनियर, जूनियर और सीनियर कैटेगरी शामिल था । सीनियर कैटेगरी में रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के योग विभाग के एम. ए. योग एवं नेचुरोपैथी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी पंकज यादव ने इस प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया वहीं एम. ए.योग एवं नेचुरोपैथी के द्वितीय सेमेस्टर कि छात्रा दामिनी साहू ने गर्ल्स सिनीयर में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रोशन किया ।

गौरतलब हैं कि इस प्रतियोगिता के पूर्व भी योग विभाग के इन प्रतिभावान् छात्रों ने कई पदक और उपलब्धियां हासिल की हैं । पंकज यादव जहां world wide book of record में अपना नाम दर्ज करा चुके है वही दामिनी साहू ने इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बुलगारिया में आयोजित योग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त कर विश्वविद्यालय और प्रदेश का नाम रोशन किया है । योग विभाग के बीएससी योग के अंतिम वर्ष के छात्र टिकेश्वर पटेल ने 1 घंटा 40 मिनट तक शीर्षासन कर ÷योग बुक ऑफरिकॉर्ड÷ में अपना नाम दर्ज कराया है। योग विभाग के बी.ए. योग के अंतिम वर्ष के छात्र धरेंद्र कुमार वर्मा ने पूर्ण मत्स्येंद्र आसन में 2श्हद्यस्त्र 2द्बस्त्रद्द ड्डश्यश्चद्म श्वद्ध ह्द्गष्श्हस्त्र में अपना नाम दर्ज कराया है । इस तरह योग विभाग के छात्र नित-नवीन उपलब्धियों को प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं । इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिवार इस सफलता के लिए गर्व महसूस करते हुए छात्रों को बधाई प्रेषित करता हैं और भविष्य में ऐसे ही आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। छात्रों कि शानदार जीत के लिए श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. जे. के. उपाध्याय ने कुलपति डॉ. एस. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. प्रताप सिंह, उपकुलसचिव संजीव कुमार के साथ संस्थान के समस्त शैक्षणिक और अशैक्षणिक स्टाफको इस सफ्लता के लिए शुभकामनाएं दी।

# चेम्बर ने लूटपाट के अपराधियों की गिरफ्तारी पर एसएसपी को धन्यवाद ज्ञापित किया



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि पुलिस प्रशासन की सजगता से डूमरतराई में हुए लूट की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को केवल 4 दिन में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस त्वरित कार्यवाही के लिये चेम्बर ने जिला पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि जिस तरीके से पुलिस द्वारा तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए अपराधियों को पकड़ने में कामयाब हुई है वह काबिले तारीफ है। पुलिस प्रशासन द्वारा की गई इस त्वरित कार्यवाही से अन्य अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं तथा पुलिस प्रशासन पर व्यापारियों एवं आम नागरिकों विश्वास और गहरा हुआ है। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, मंत्री- नीलेश मूंधड़ा, प्रशांत गुप्ता, गोविंद माहेश्वरी, युवा चेम्बर महामंत्री कांति पटेल, युवा चेम्बर कोषाध्यक्ष रजत सिंह छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य-महेश चंदवानी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## 'श्रद्धांजलिः झीरम के वीरों को' पुस्तक का विधानसभा अध्यक्ष महंत ने किया विमोचन

# झीरम घाटी के शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधान सभा परिसर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुकर्जी प्रेक्षागृह में आज झीरम घाटी के शहीदों के परिजनों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान. विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रमेश नैय्यर ने की। इस अवसर पर मान. विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत एवं मंचासीन अतिथियों ने विपिन त्रिपाठी द्वारा लिखित पुस्तक'श्रद्धांजलिः झीरम के वीरों को'का विमोचन भी किया। इस अवसर पर विधायक अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, राजकमल सिंघानिया, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष





धुप्पड़, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी एवं विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। इस भावपूर्ण कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने झीरम घाटी में शहीद हुए स्व. पं. विद्याचरण जी शुक्ल, स्व. प्रफुल्ल शुक्ला, स्व.पवन कुंड्रा, स्व. तरूण देशमुख, स्व. पातृक खलखो, स्व.इमानुएल केरकेट्टा, स्व.अशोक वर्मा, स्व. सियाराम सिंह, स्व. दीपक उपाध्याय, स्व. गोपी वाधवानी एवं स्व. राजेन्द्र चंद्राकर के परिजनों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. महंत ने झीरम घाटी के शहीदों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि-यह घटना मानवीय बर्बरता का ऐसा अध्याय है, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी एवं श्री राजीव गांधी के सपनों में पले लोग हैं। उन्होने इस घटना को स्मरण करते हुए कहा कि वे स्वयं इस यात्रा में सम्मिलित थे लेकिन केन्द्रीय राज्य मंत्री होने के नाते आवश्यक कार्य से उसी दिन पुणे में कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रवाना हुए थे।

डॉ महंत ने कहा कि- झीरम घाटी के शहीदों के परिजनों का सम्मान करने के साथ-साथ उन्हें सहायता भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए जिससे शहीदों के परिजन एवं परिवारों को न्याय मिल सके। उन्होने कहा कि इस घटना के तह तक जाने की आवश्यकता है। इसके लिए जो भी दोषी है उसका पटाक्षेप किया जाना चाहिए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उन्होंने शहीद पुण्य आत्माओं को प्रणाम करते हुए उनके प्रति अपनी विनम्र एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को रमेश नैय्यर, अमितेष शुक्ला, राजेन्द्र तिवारी, राजकमल सिंघानिया एवं गुरूमुख सिंह होरा ने भी सम्बोधित किया।

# ट्रांसमिशन कंपनी ने रचा कीर्तिमान, त्वरित गति से स्थापित किया नया ट्रांसफार्मर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी हर उपभोक्ता तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने लगातार प्रयासरत है, इसी कड़ी में 132 केवी उपकेंद्र गरियाबंद में 40 एमवीए (मेगावोल्ट एंपीयर) का नया अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित कर नई उपलब्धि हासिल की है। ट्रांसमिशन कंपनी की टीम ने इस कार्य को महज एक महीने के भीतर पूरा कर लिया। इस उपलब्धि के लिये ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक उज्जवला बघेल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी। गरियाबंद के 132 केवी उपकेंद्र में पहले 40 एमवीए का एक ही ट्रांसफार्मर था, जिससे 220 गांवों के लगभग 60 हजार उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति होती थी। क्षेत्र में गर्मी एवं अन्य आवश्यकताओं के कारण विद्युत लोड बढ़ने से लो-वोल्टेज की समस्या आ रही थी, जिसे दूर करने ट्रांसमिशन कंपनी ने 40 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित करने का निर्णय लिया।

ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक (निर्माण एवं लाइन संधारण) कैलाश नारनवरे ने बताया कि लगभग 4 करोड़ की लागत से स्थापित ट्रांसफार्मर को आज अधिकारी-कर्मचारियों की टीम ने ऊर्जीकृत किया। अब इस उपकेंद्र की क्षमता 40 से बढ़कर 80 एमवीए हो गई, जिससे गरियाबंद, मैनपुर, पांडुका, छुरा व देवभोग के 220 गांवों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति होने लगी है। यह सुदूर वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस कार्य की प्रक्रिया त्वरित गति से पूरी की गई। सामान्यतः इसमें तीन से चार महीने का समय लगता है। आज ट्रांसमिशन एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों ने इस ट्रांसफार्मर को उर्जीकृत किया।

# पुलिया का निर्माण कर एप्रोच बनाना भूल गया आरईएस विभाग

## विभागीय लापरवाही के चलते अधूरा पड़ा है गौठान पहुंच मार्ग, पुलिया निर्माण को डेढ़ साल बीत गये नही बन पाया एप्रोच

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले के हलामीमुंजमेटा ग्राम पंचायत में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई हैं। विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में गौठान पहुँच मार्ग पर 2020-2021 वर्ष में 9.32लाख रुपये से एक पुलिया के निर्माण कराया गया परन्तु एप्रोच रोड बनाना मुनासिब नहीं समझा विभाग और निर्माण को अधूरा छोड़ शासकीय राशि का दुरुपयोग किया।

बता दें जिला मुख्यालय से महज 8 किमी दूर ग्राम पंचायत हलामीमुंजमेटा में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गौठान तक पहुँच मार्ग का निर्माण कराया गया। निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता मद से 9.32 लाख रुपये से पुलिया निर्माण कराया गया जिसमें निर्माण एजेंसी द्वारा पुलिया निर्माण तो कराया गया परन्तु एप्रोच मार्ग नही बनवाया गया जिससे उस पुलिया का निर्माण उपयोगी साबित होता नजर नहीं आ रहा है और खुल कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि गौठान जाने वाले मार्ग पर नाला पड़ता है जिसमे हमेशा पानी रहता है जिससे गौठान तक जाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा गौठान पहुँच मार्ग में पुलिया का निर्माण तो कराया परन्तु राशि का अभाव बता कर एप्रोच मार्ग का निर्माण नही कराया और आज डेढ़ साल बीत गए एप्रोच मार्ग नही बन पाया है। ग्रामीणों ने कहा कि कैसे शासकीय राशि का जमकर दुरपयोग किया जा रहा है इसका उदाहरण है यह पुलिया बिना एप्रोच के यह पुलिया किसी काम का नही है।

**गौठान जाने में हो रही हैं दिक्कत-** वही गौठान समिति की महिलाएं बताती है कि पुलिया में एप्रोच मार्ग नही होने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है पैदल चलकर नाला पार करना पड़ता है जिसके कारण दुर्घटना होने की आशंका रहती हैं।

**विभागीय लापरवाही की झलक-** इस पुलिया निर्माण में खुलकर विभागीय लापरवाही सामने आ रही है जब पुलिया निर्माण की राशि जारी किया गया तो क्या एप्रोच मार्ग के लिए राशि की मांग नही की जा सकती थी परन्तु अधिकारियों को अपने वातानुकूलित कक्ष में बैठकर आराम करने से फुरसत मिले तो जाकर निर्माण स्थल का दौरा करें। पुलिया में अगर एप्रोच मार्ग नही होगा तो वह पुलिया किस काम आयेगा। वही इस मामले में उपयंत्री लक्ष्मी पटेल ने बताया कि जो राशि जारी की गयी थी वो पुलिया निर्माण में खत्म हो गई जिसके कारण एप्रोच मार्ग नही बनाया गया था लेकिन मनरेगा से एप्रोच मार्ग के लिए राशि जारी की गई हैं बहुत जल्द मार्ग निर्माण पंचायत द्वारा कराया जायेगा।

> पुलिया निर्माण की राशि स्वीकृत हुई थी पुलिया निर्माण करा दिया गया है रही बात एप्रोच मार्ग की मिट्टी मुरुम से पंचायत द्वारा कराया जायेगा।
> **आर.एस. नेताम**
> **कार्यपालन अभियंता आरईएस**
> **नारायणपुर**

# समर कैंप में आकर बच्चों को अपर कलेक्टर ने किया प्रोत्साहित

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com



शहर का पैराडाइज हायर सेकेंडरी स्कूल में गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग करते हुए स्कूल द्वारा क्रिएटिव समर कैंप चलाया जा रहा है। जिसमें लगभग 50 बच्चों द्वारा प्रतिदिन सुबह 6.30 से 9.30 तक उपस्थित रह कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी शारीरिक, मानसिक, संगीत एवं कलात्मक क्षमता को विकसित कर रहे है। आज बुधवार 25 मई को कांकेर ज़िले के अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार वैद्य स्वयं विद्यालय में आकर क्रिएटिव समर कैंप का अवलोकन किया और प्रसन्नता जाहिर कर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर जन सहयोग समाज सेवी संगठन के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी भी उपस्थित थे। उन्होंने भी शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुए बच्चों की उनकी प्रतिभा के लिए सराहना एवं प्रशंसा की। बच्चे यहां योग, ध्यान ,एरोबिक्स, मार्शल आर्ट ,संगीत , नृत्य ,कोडिंग आदि कला कौशल सीख रहे हैं इनके अलावा भी शिक्षिका प्रीति झा द्वारा स्पोकन इंग्लिश, शिवम् ठाकुर द्वारा मार्शल आर्ट, कुणाल पाण्डे द्वारा संगीत शिक्षा ,गौरव टांडिया द्वारा डांस प्रैक्टिस तथा प्रतीक ठाकुर द्वारा कोडिंग क्लास चलाई जा रही है । अपर कलेक्टर महोदय ने यहां के सुसज्जित क्लासरूम्स, लाइब्रेरी, इनडोर तथा आउटडोर स्पोर्ट्स ग्राउंड, संगीत शिक्षा व्यवस्था, आदि देखकर बहुत खुशी जाहिर की, सभी प्रयोगशालाएँ, आर्ट एवं क्राफ्ट्स की भी उन्होंने बहुत प्रशंसा की। अपने स्वागत हेतु अपर कलेक्टर वैद्य महोदय ने विद्यालय की प्राचार्य रश्मि रजक तथा प्रबंधक योगेश रजक को धन्यवाद दिया, जिस पर प्राचार्य एवं प्रबंधक ने अपर कलेक्टर महोदय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, आज के सफल कार्यक्रम हेतु लोकप्रिय समाजसेवी अजय पप्पू मोटवानी, प्रवीण गुप्ता आदि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। आम जनता में चर्चा है कि पैराडाइज़ स्कूल ने कम समय में ही बहुत तरक्क़ी की है और अपने छात्रों को शिक्षा के अलावा खेलकूद, व्यक्तित्व निर्माण ,कला कौशल तथा विश्व बंधुत्व की भावना से संपन्न कर दिया है। यहां के छात्र अधिकतर कांकेर के गौरव बनते आ रहे हैं और उच्च स्तर की सोच रखने वाला पैराडाइज़ विद्यालय भी अपने आप में कांकेर शहर का गौरव ही है।

# शहीदों के सम्मान में रखा गया दो मिनट का मौन



पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com

झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर 25 मई को कलेक्टोरेट सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। वहीं सभी ने नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने सहित छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने की शपथ ली। इस दौरान कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों को अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखने सहित नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने तथा छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने की शपथ दिलायी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 25 मई 2013 को बस्तर अंचल के झीरम घाटी में नक्सली हिंसा से जान गंवाने वाले जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवानों सहित विगत वर्षों एवं वर्तमान में नक्सली हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाई-बहनों की स्मृति में प्रति वर्ष 25 मई को झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य शासन के निर्णयानुसार 25 मई को सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों में नक्सली हिंसा में हुए शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया गया तथा नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने सहित छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित होने का शपथ लिया गया।

# झीरम के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

■ **सभी ने रखा मौन, विधायक अनूप नाग ने कहा शहीदों की शहादत हम कभी नहीं भूल सकते**

पायनियर संवाददाता ◂ पखांजुर
www.dailypioneer.com



आज से 9 वर्ष पूर्व 25 मई 2013 को बस्तर के झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए वरिष्ठ नेताओं और जवानों को आज विधायक कार्यालय अंतागढ़ में विधायक अनूप नाग एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सहित क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।श्रद्धांजलि सभा में सभी ने शहीद हुए कांग्रेस नेताओं, सुरक्षा के जवानों एवं आम नागरिकों को श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन धारण कर झीरम घाटी में अपने प्राणों की आहूति देने वालों के प्रति अपना शोक प्रकट किया ।विधायक अनूप नाग ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। उन्होंने कहा अपने देशभक्त शहीदों की वीरता को सलाम करते हैं, उनकी शहादत हम कभी नहीं भूल सकते । विधायक नाग ने इसे इतिहास का काला दिन बताते हुए शहीद हुए सभी लोगों एवं उनके परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की ।भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कहा 25 मई को छत्तीसगढ़ झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में सदैव स्मरण करेगा। हमारे नेताओं का न होने का एहसास तो हम सभी काँग्रेसजनों को हर पल- हर क्षण होता है, लेकिन छत्तीसगढ़ को लेकर उनकी दूरदर्शिता भी हमें प्रतिदिन कार्य करने को प्रेरित करती है, वे आज भी हमारा संबल हैं।गौरतलब है कि 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा सहित 32 लोग शहीद हुए थे। इनमें बहुत से कार्यकर्ता, जवान और आमलोगों ने शहादत दी थी। राज्य में शहीदों के बलिदान की स्मृति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए 25 मई को झीरम घाटी श्रद्धांजलि दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गेश ठाकुर, जिला कांग्रेस मिडिया प्रभारी विश्राम गावड़े, पूर्व जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज राज वाधवानी, शेख शरीफ कुरेशी, रफीक खान, दिलीप सरकार, चंदे ज्योत रामटेके, सूर्यकांत यादव, गुड्डा नेताम समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सर्प काटने एवं पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में कलेक्टर द्वारा सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् दिये गये अधिकारों का उपयोग करते हुए सर्प काटने और पानी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के निकटतम आश्रितों के लिए प्रति पीड़ित परिवार 04 लाख रूपये के मान से तीन पीड़ित परिवारों के लिए 12 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम दयानगर निवासी 67 वर्षीय अबला मजुमदार की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित निपेश मजुमदार के लिए चार लाख रूपये तथा ग्राम मरोड़ा के सात वर्षीय आदर्श आंचला की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता जयदेव आंचला और सितेबाई के लिए चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम तेलम्मा निवासी 33 वर्षीय रामसाय की गड्ढे के पानी में डूबकर मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी सुकबती के लिए चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित तहसीलदार के द्वारा हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जायेगा।

# झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

झीरम घाटी के नक्सल हिंसा में शहीद हुए जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों, सुरक्षा बलों के जवानों तथा इस वर्ष नक्सल हिंसा में हुए शहीदों को आज जिला कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। कलेक्टर श्री चन्दन कुमार ने इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों को नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ भी दिलाया। उन्होंने कहा कि हम छत्तीसगढ़वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे।

# सड़क दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर जितेन्द्र यादव द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के पांच प्रकरणों में मृतक के आश्रितों के लिए 25-25 हजार रूपये की मान से 01 लाख 25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। भानुप्रतापपुर तहसील अंतर्गत ग्राम बारवी निवासी महरूराम तेता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती शीलो बाई और प्रकाश नेताम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती रेवती बाई के लिए 25-25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार अंतागढ़ तहसील के ग्राम लामपुरी निवासी श्रीमती राधाबाई की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन अमित हेतु 25 हजार रूपये तथा भानुप्रतापपुर तहसील के डोंगरीपारा निवासी प्रशांत वर्मा की मृत्यु सड़क दुर्घटना में होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित राजेश्वरी के लिए 25 हजार रूपये और ग्राम हरनपुरी निवासी मेहतर राम समरथ की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी मेतो बाई के लिए 25 हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार भानुप्रतापपुर के माध्यम से किया जायेगा।

# जिले में कला जत्था दल कर रहे हैं राज्य शासन की जनहितकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार

■ **स्थानीय गोंडी एवं हल्बी बोली में कार्यक्रम प्रस्तुति को मिल रहा है अच्छा प्रतिसाद**

पायनियर संवाददाता ◂ बीजापुर
www.dailypioneer.com




राज्य शासन के जनसंपर्क विभाग द्वारा जिले में कला जत्था दलों के माध्यम से राज्य शासन की जनहितकारी योजनाओं-कार्यक्रमों सहित उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दिशा में चिन्हीत प्रमुख बसाहटों एवं हाट-बाजारों में कला जत्था दलों के कलाकारों द्वारा स्थानीय गोंडी एवं हल्बी बोली में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जा रही है, जिसे ग्रामीणों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। स्थानीय गोंडी एवं हल्बी बोली में नाटक, प्रहसन एवं गीतों के जरिये कला जत्था दल शिक्षाप्रद, प्रेरणास्पद एवं मनोरंजनात्मक ढंग से कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। इस बारे में कला जत्था दल यूनिक मॉर्डन प्रोगेसिव शिक्षा संस्थान जगदलपुर के दल प्रमुख आनंद साहू ने बताया कि उनके कला जत्था दल में बस्तर, दंतेवाड़ा एवं बीजापुर के कलाकार शामिल हैं, जो शासन की योजनाओं-कार्यक्रमों के बारे में स्थानीय गोंडी एवं हल्बी बोली में रोचक प्रस्तुति दे रहे हैं। यही वजह है कि ग्रामीण जन उक्त प्रस्तुति को तन्मयता के साथ देखते हैं। उन्होने बताया कि उनके कला जत्था दल को आबंटित 15 कार्यक्रम के तहत अब तक बीजापुर ब्लाक के दुगोली, धनोरा, तोयनार, मिड़ते, एरमनार, बोरजे, तुमनार, कोईटपाल, मूसालूर, चेरपाल, पेदाकोड़ेपाल, चिन्नाकोड़ेपाल एवं ईटपाल में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना नरवा-गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना, समर्थन मूल्य पर लघु वनोपज खरीदी, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, राजीव गांधी ग्रामीण खेतिहार मजदूर न्याय योजना आदि सहित राज्य शासन की उपलब्धियों को रेखांकित कला जत्था कार्यक्रम की प्रस्तुत कर चुके हैं।

# पीसीसी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए अमीन मेमन, आलाकमान ने जारी किया आदेश

पायनियर संवाददाता ◂ केशकाल
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी के प्रति दशकों से पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने एवं बस्तर की राजनीति में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अमीन मेमन पर कांग्रेस आलाकमान ने विश्वास जताया है। अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के प्रस्ताव एवं प्रदेश प्रभारी पी.एल पुनिया, सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत शीर्ष नेतृत्व के अन्य पदाधिकारियों की अनुशंसा पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के.सी वेणुगोपाल ने आदेश जारी करते हुए अमीन मेमन को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। बुधवार की सुबह शोसल मीडिया के माध्यम से नियुक्त की जानकारी मिलते ही पूरे प्रदेश से उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। लोग दलगत भावना से ऊपर उठकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। आपको बता दें कि मूलतः केशकाल निवासी अमीन मेमन को संगठन में रहकर कार्य करने का लम्बा अनुभव है। उन्होंने अपनी राजनीती छात्र संगठन एनएसयूआई से की है, साथ ही वह यूथ कांग्रेस में लम्बे समय से विभिन पदों पर रहे हैं। सन 2000 से 2010 तक देवव्रत सिंह से लेकर राजकुमारी दीवान के कार्यकाल में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रहे है। अविभाजित मध्यप्रदेश में बस्तर जिला के युवा कांग्रेस के ग्रमीण अध्यक्ष भी रहे। ततपश्चात वह 2011 में कांकेर लोकसभा के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष बने थे। वर्तमान में अमीन मेमन पीसीसी सचिव के पद पर कार्य कर रहे थे। मेमन की इस नवीन नियुक्ति से छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक विभाग को निश्चित तौर पर मजबूती मिलेगी और विभाग के कार्यो एवं संगठनात्मक रूप से गति आएगी ऐसे कयास लगाए जा रहे है। अमीन मेमन ने उक्त नियुक्ति पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गाँधी, प्रभारी के.सी वेणुगोपाल, अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान प्रतापगढ़ी, छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम समेत समस्त शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए सभी जनप्रतिनिधियों व कांग्रेसी पदाधिकारियों का आभार माना है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए 6 जून तक आवेदन पत्र आमंत्रित

**बीजापुर।** जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना बीजापुर अंतर्गत बीजापुर नगर के विजय नगर आंगनबाड़ी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत ईटपाल के मांझीगुड़ा स्कूलपारा आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक -एक पद और सहायिका के एक-एक पद पर भर्ती हेतु सम्बन्धित वार्ड एवं ग्राम के स्थायी निवासी अभ्यर्थियों से 6 जून 2022 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण अथवा पुराना 11वीं बोर्ड उत्तीर्ण होना चाहिए।

सहायिका पद के लिए शैक्षणिक अर्हता 8वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। स्थायी निवासी हेतु मतदाता सूची में दर्ज नाम का प्रमाण, ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच अथवा सम्बन्धित हल्का के पटवारी का प्रमाण पत्र होना आवश्यक हैं। वहीं नगरीय क्षेत्र की दशा में वार्ड पार्षद या सम्बन्धित हल्का पटवारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हेतु आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होना चाहिए।

अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जावेगी। भर्ती सम्बन्धी विस्तृत जानकारी के लिए जनपद पंचायत बीजापुर, नगर पालिका परिषद बीजापुर तथा एकीकृत बाल विकास परियोजना बीजापुर के सूचना पटल पर चस्पा विज्ञापन का अवलोकन किया जा सकता है।

# पदोन्नति के संबंध में विधायक से मिला शिक्षक फेडरेशन

पायनियर संवाददाता ◂ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल एचएम पदोन्नति के संबंध में प्रदेश महासचिव रवि प्रकाश लोहसिंह के नेतृत्व में स्थानीय विधायक अनूप नाग से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान विधायक नाग से जल्द से जल्द सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद में संशोधित पदोन्नति आदेश जारी करने के लिए आवश्यक पहल करने का निवेदन किया गया । फेडरेशन के ज्ञापन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर ही मामले की वस्तुस्थिति की जानकारी ली एवं शीघ्र आदेश जारी करने को कहा।

ज्ञात हो कि 8 फरवरी को सहायक शिक्षक से प्राथमिक शाला प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया था लेकिन आदेश में कुछ त्रुटी होने का हवाला देते हुए उसे दुरुस्त करने के बाद पुनः आदेश जारी करने की बात जिला शिक्षा अधिकारी ने कही थी लेकिन तीन महीने बीत जाने के बाद भी आज तक संशोधित आदेश जारी नहीं किया गया। जिससे सहायक शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है। और इसी संबंध में फेडरेशन ने विधायक नाग से मुलाकात किया है। इस दौरान प्रदेश महासचिव रवि प्रकाश लोहसिंह, टिकेश्वरी बघेल, अश्वंता उइके, चित्रागंधा दर्रो, सीमा उईके, विमल साहू, शत्रुघन देहारी, प्रवीण देवांगन, बाबूलाल दर्रो, भोजेश्वर जैन, टिकेश देहारी, ढालू वर्मा, रघुनंदन कौशल, रामसिग कोर्राम, अर्जुन पटेल, गिरिवर बघेल, लालाप्रसाद बघेल, काशी प्रसाद बघेल, टेश्वर पिस्दा, योगेश्वर साहू, श्यामलाल धुर्व, मोहन लाल समरथ सहित बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक उपस्थित थे।

# विकास प्रदर्शनी बनी ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के आकर्षण का केंद्र

## जिले के ग्राम एवं नगर पंचायत के 4 सौ से अधिक प्रतिनिधियों ने विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शनी की सराहना

पायनियर संवाददाता ॅ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ शासन की फ्लैगशिप योजनाओं और कार्यक्रमो पर आधारित विकास प्रदर्शनी ग्रामीण क्षेत्र से आए जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस प्रदर्शनी को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है । राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू ऑडिटोरियम में फोटो प्रदर्शनी के चौथे दिन को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के लगभग 400 सौ से अधिक पंचायत प्रतिनिधियों,नगर पंचायत के पार्षदों और एल्डरमैन ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की।

राज्य सरकार द्वारा आम जनता की भलाई के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इन योजनाओं से आम लोगों के जीवन में काफी बदलाव आया है। विकास प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार की इन योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधि इस फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन करने आ रहे हैं। इसी क्रम में आज बलौदाबाजार भाटापारा जिले के नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष त्रिलोक चंद सलूजा ने पार्षदों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सलूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बीते साढे तीन साल के दौरान ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र के विकास के लिए कई कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना,धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना सहित अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष भाटापारा श्रीमती सुमित्रा परमेश्वर वर्मा ने ग्रामीण अवस्था को मजबूती प्रदान करने सुराजी गांव योजना की सराहना की। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना से गौ-पालकों चरवाहों की स्थिति मजबूत हुई है। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सिमगा के विवेक अग्रवाल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। प्रदर्शनी देखने आए विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत कोनारी के सरपंच विश्रम पटेल, ग्राम पंचायत छड़िया के सरपंच गजेंद्र साहू, विकासखंड बलौदा बाजार के ग्राम पंचायत तरसिव के सरपंच बंशीलाल चेलक, ग्राम पंचायत जुड़ा की सरपंच अनिता श्यामलाल घृतलहरे, ग्राम पंचायत मुण्डा के सरपंच सुमित्रा संतोष वर्मा, विकासखंड बिलाईगढ़, ग्राम पंचायत सोनाडुला सरपंच यशवंत साहू, ग्राम पंचायत खजरी सरपंच गुरुबारी बाई, ग्राम पंचायत बांसउरकुली सरपंच गणेश राम यादव, विकासखंड भाटापारा ग्राम पंचायत दतरेंगी उप सरपंच हिमित यदु, ग्राम पंचायत टोनाटारा सरपंच श्रीमती सत्या ध्रुव, सरपंच परसवानी (अ) निर्मला बाई वर्मा, नगर पंचायत पलारी पार्षद ताजेंद्र, कन्नौजे, संतोष देवांगन, नगर पंचायत लावन पार्षद मनोज पाण्डेय, एल्डरमैन गोपीचंद साहू, नगर पंचायत बिलाईगढ़ पार्षद कन्हैया खूंटे, मनोज देवांगन, एल्डरमैन दयाशंकर देवांगन, भुनेश्वर ने भी उसकी सराहना की।




# सांसद सुनील सोनी ने किया तिल्दा मंडल भाजपा शहर और ग्रामीण का दौरा



पायनियर संवाददाता ॅ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

सांसद सुनील सोनी ने तिल्दा मंडल भाजपा शहर और ग्रामीण का दौरा किया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल के कार्यकताओं के द्वारा सांसद का स्वागत रेस्ट हाउस ससाहोली में किया गया तत्पश्चात सांसद साहू समाज के पदाधिकारी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए साहू समाज के इस आशीर्वाद एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को भाजपा के विशेष मुहिम कार्य विस्तारक कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांव में और शक्ति केंद्रों में पहुचकर कार्यकताओं की बैठक लिया गया वही शाम 5:00 बजे भाजपा तिल्दा शहर मंडल के कार्यकताओं का आवश्यक बैठक सांसद जी ने लिया जिसमें उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के केंद्र में सरकार की विभिन्न लाभदायक जन हितैषी योजनाओं के बारे में कार्यकताओं को संबोधित किया और कार्यकताओं से आग्रह किया कि केंद्र सरकार की योजनाओं को नगर के घर घर में जाकर के माता और बहनों से इनके लाभ लेने के लिए प्रेरित करने कहा गया वही बैठक में मुख्य रूप से अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री राम पंजवानी जिला कोषाध्यक्ष ईश्वर यदु शहर मंडल अध्यक्ष, विकास सुखवानी उपाध्यक्ष नगर पालिका, सौरभ जैन शहर महामंत्री , मनोज निषाद शहर महामंत्री व पार्षद, सुमन गिरी गोस्वामी , देवकी बाघमार, बेबी गोस्वामी, चंद्रकला वर्मा , सुधाचौबे ,पार्षद लुक राम बघेल पार्षद , सतीश निषाद पार्षद , दिनेश पंजवानी, सागर पंजवानी, अलख साहू प्रियक सोनी, चरण जांगड़े , राजू कुरैशी, खुमान वर्मा, कृपा राम पटेल, विक्की यादव, नीरज लाहोटी, गणेश शर्मा , विनोद नेताम अमरजीत पासवान , नरेंद्र ठाकुर शिव वर्मा , हेमंत वर्मा ,यशवन्त सेन, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कबड्डी एवं एथलेटिक्स अकादमी के लिए 150 प्रतिभागियों ने ट्रायल में लिया भाग



पायनियर संवाददाता ॅ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आवासीय बालिका कबड्डी एवं एथलेटिक्स अकादमी बहतराई बिलासपुर हेतु एथलेटिक्स बालक-बालिका, कबड्डी बालिका खिलाड़ियों के चयन ट्रायल स्पेशिफिक्र मापदण्ड एवं पात्रता अनुसार चयन किया गया। उक्त चयन ट्रायल जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसमें जिलें के सभी विकासखंडों से 103 बालक और 57 बालिका सहित 30 ऑफिसीयल शामिल हुए। ट्रायल में चयनित प्रतिभागी 7 जून व 8 जून 2022 को राजधानी स्थित कोटा स्टेडियम में राज्य स्तरीय आवासीय ट्रायल प्रतियोगिता में शामिल होंगें। उक्त जानकारी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर ने दी गयी। चयन ट्रायल आयोजन में अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी सी.एस. ध्रुव,ओलंपिक संघ सचिव हृदयानंद साहू, कबड्डी संघ सचिव बलौदाबाजार मुरीत ध्रुव,शिवकुमार बांधे व्यायाम शिक्षक के उपस्थिति में आयोजित हुआ। चयन ट्रायल को सफल बनाने में हरबंश निषाद, आलोक गुप्ता, परिचय मिश्रा, प्रिया खानी, प्रिया जायसवाल, मुंशी साहू , ईश्वर साहू, राकेश यादव, द्वारिका फेकर, विरेन्द्र पटेल, तिलोतन्मा वर्मा, राजेश कुमार माण्डले, रूपेश कुमार पशीने,संतोष ध्रुव,योगेश कटैलिहा आदि व्यायाम शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## अवैध कबाड़ के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**सरायपाली।** पुलिस अवैध कबाड़ रखने वाले कबाड़ी को गिरफ्तार कर उके पास से कबाड़ जब्त किया है। पुलिस को मुकबिर से सूचना मिली की जय कुमार साहू साकिन पदमपुर रोड अर्जुंदा अपने घर के पास व शेख रमजान बाजार पारा स्थित गोदाम में चोरी के कबाड़ का सामान रखा है मुखबिर बताए निशानदेही जगह पर जाकर पहुंचे जहां (1) जय कुमार साहू पिता गोविंद साहू उम्र 55 वर्ष जाति तेली साकिन पदमपुर रोड अर्जुंदा थाना सरायपाली के गोदाम में अवैध लोहे का कबाड़ समान पुरानी साइकिल टायर एवं पुराने साइलेंसर वजनी 440 किलो कीमती 11000 रुपए (2) शेख रिजवान पिता शेख रमजान उम्र 45 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 11 बाजार पाला सरायपाली के गोदाम से अवैध लोहे का कबाड़ सामान पुरानी कार की साइड गेट मोटरसाइकिल रिंगटन की इंजन का समान कुल वजन 480 किलोग्राम कीमत 12000 को समक्ष गवाहन जप्त कर पुलिस कब्जा में लिया गया ।

# झीरम घाटी के शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ॅ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बस्तर के झीरम घाटी में आज ही के दिन 9 वर्ष पूर्व शहीद हुए नेताओं,जवानों और कार्यकर्ताओं को यहां बलौदाबाजार में भी 2 मिनट मौन का रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान घटना में शहीद हुए विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम गिर्रा निवासी आरक्षक स्व राजकुमार चंद्राकर के छोटे भाई राजेश चंद्राकर का श्रीफल एवं साल से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रतीक स्वरूप एक पौधा भी दिया गया। इस मौके पर कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी,पूर्व विधायक बलौदाबाजार जनक वर्मा,जिलाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने यहां जिला कार्यालय के सभा कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जगदलपुर में नवीन लोकार्पित झीरम शहीद स्मारक स्थल में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के बलिदान का स्मरण किया। मुख्यमन्त्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में शहीदों की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज 25 मई है 9 साल पहले आज ही के दिन बस्तर की झीरम घाटी में नक्सली हमले में हमने अपने अनेक वरिष्ठ नेताओं,जवानों सहित 32 लोगों को खो दिया था। हमने 32 शहीदों में कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल जी,वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल जी, महेंद्र कर्मा जी,उदय मुदलियार जी, योगेंद्र शर्मा जी जैसे अनेक लोगों के नाम शामिल हैं। बहुत से कार्यकर्ता, जवान और आम लोग भी उस हमले में शहीद हो गए थे। उन्होंने सभी को याद करते हुए उन्हें भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने आगे कहा आज छत्तीसगढ़ में हर किसी के साथ न्याय हो रहा है। आज हमारे नेता होते तो बहुत खुश होते। वो जहां भी होंगे आज हम सभी को आशीष दे रहे होंगे। आज हम सभी पुनः बस्तर को शांति का टापू बनाने में प्रयासरत है। इस मौके पर कलेक्टर डोमन सिंह,एसपी दीपक झा,अपर कलेक्टर राजेंद्र गुप्ता,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्दिकी,एडिशनल एसपी पीताम्बर पटेल ने भी कर्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।गौरतलब है कि आज ही के दिन 25 मई वर्ष 2013 में बस्तर के झीरम घाटी में नक्सली हिंसा में कॉग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल सहित दर्जनों नेता,जवान एवं कार्यकर्ता शहादत को प्राप्त हुए थे।

# छड़ चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

पायनियर संवाददाता ॅ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा चोरी, नकब्जनी के बढते अपराधों पर नकेल कसने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरी पुरूषोत्तम कुर्रे एवं उपनिरी नरेन्द्र सिंह (प्रशिक्षु थाना प्रभारी) के नेतृत्व में छड चोरी के मामले में थाना सुहेला में दर्ज अपराध क्र. 35/2022 एवं 49/2022 धारा 379 भादवि के अज्ञात आरोपी के पता साजी हेतु अलग अलग टीम बनाकर रवाना किया गया था। उक्त प्रकृति अपराधो के संबंध में सरहदी थाना में सपर्क कर एवं मुखबीर संक्रिय कर लगातार पतासाजी किया जा रहा था। मुखबीर की सूचना के आधार पर रायपुर के आरोपी 01 प्रवीण उर्फ राजू उर्फ बाउ गायकवाड पिता पटवारी राम गायकवाड उम्र 26 साल साकिन बिरगाव थाना उरला जिला रायपुर को तलब कर कडाई से पुछताछ कर ने पर बताये की अपने अन्य सार्थी रमेश यादव, संदेश यादव, लक्ष्मी कांत नेताम, संतोष डहरिया, गेंदराम सेन, दिनेश कुमार घृतलहरे, अमरजीत साहनी सभी मिलकर छोटा हाथी वाहन क्रमांक छ्त्त 22 रू8414 में 26 बंडल छड को लोडकर ले जाना बताये है। आरोपीगणो से पूछताछ मे बताये की चोरी के छड को मदिर हसौद के यादव ट्रेडर्स के यहा बेचना बताने पर आरोपी यादव ट्रेडर्स के मालिक राजेन्द्र पिता कृष्ण यादव उम्र 42 साल साकिन मंदिर हसौद थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर को हिरासत में लिया गया। उक्त आरोपीगणो के कब्जे से चोरी के छड़ के बिक्री रकम 35,000 रूपये को वजाप्ता सुमार किया गया एवं अपराध में प्रयुक्त वाहन छोटा हाथी किमती एक लाख को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। प्रकरण के 03 आरोपी अन्य अपराध में जेल में निरूध्द है। आरोपीयो को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के समक्ष पेश किया गया।

# थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिपरहाट्टा में हुए हत्या का खुलासा, मृतक की भाभी सहित 2 गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ॅ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी राजेश कुमार ठाकुर ने थाना मंदिर हसौद में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम पिपरहठ्ठा में रहता है तथा खेती किसानी का काम करता है। प्रार्थी का भाई दिनेश ठाकुर गांव में रहता है तथा दिनेश ठाकुर एवं उसकी पत्नि मनोग्या उर्फ खुशबु ठाकुर का तलाक हो गया है। तलाक होने के कारण मनोग्या उर्फ खुशबु ठाकुर दो बच्चों के साथ रायपुर में रहती है। दिनांक 12.05.2022 को सुबह करीब 07.30 बजे प्रार्थी की माता, दिनेश ठाकुर को चाय पीने के लिए उठाने गयी तो दिनेश ठाकुर अपने कमरे में औंधे मुंह लहु लुहान हालत में पडा था। प्रार्थी जाकर देखा तो दिनेश ठाकुर के सिर मे संघातिक चोट था एवं खून निकला था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा दिनेश ठाकुर के सिर में किसी वस्तु से मारकर उसकी हत्या कर दिया गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना मंदिर हसौद में अपराध क्रमांक 307/22 धारा 302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

हत्या की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अभिषेक माहेश्वरी, नगर पुलिस अधीक्षक माना एल.सी.मोहले, प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट गिरीश तिवारी, निरी. रोहित मालेकर एवं थाना प्रभारी मंदिर हसौद वीरेन्द्र चन्द्रा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना मंदिर हसौद की संयुक्त टीम द्वारा अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी, उसकी माता एवं आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। अज्ञात आरोपी की पतासाजी के संबंध में मुखबीर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से भी अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक घटना को मृतक के घर के बाहर देर रात्रि गांव के ही गजांनद बैस उर्फ दरोगा को देखा गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा गजांनद बैस उर्फ दरोगा की पतासाजी किया जाकर पकड़ा गया। पूछताछ में गजांनद बैस उर्फ दरोगा द्वारा किसी भी प्रकार से अपराध में अपनी संलिप्तता नहीं होना बताकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था, कि प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी गजांनद बैस उर्फ दरोगा द्वारा मृतक दिनेश ठाकुर की भाभी व प्रार्थी राजेश ठाकुर की पत्नि कल्याणी ठाकुर के साथ मिलकर हत्या की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया।

## 16 हजार कन्याओं से विवाह कर सुखमय जीवन बिताया

# भागवत में श्रीकृष्ण और रूखमणी विवाह के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने जमकर फूल बरसाए

पायनियर संवाददाता ॅ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com





भागवत में श्रीकृष्ण और रूखमणी विवाह के प्रसंग पर पांडाल में श्रद्धालुओं ने जमकर फूल बरसाए। राधा-कृष्ण मंदिर में तिल्दा नेवरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन मंगलवार को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह का आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथावाचक पूज्य अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य जी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है। वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना और रूखमणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए शामिल हुए। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत कथावाचक पूज्य अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आव्हान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। भागवत कथा के दिन कथा स्थल पर रूखमणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रीकृष्ण रूखमणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई।

कथावाचक श्रीमद्भागवत कथावाचक पूज्य अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य जी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण रूखमणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं। उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा श्रवण के दौरान स्थानीय महिलाओं पर पांडवों के भाव अवतरित हुए कथा वाचक श्रीमद्भागवत कथावाचक पूज्य अशोक कृष्ण महाराज ज्योतिषाचार्य जी ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपारशक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है वह मात्र संकल्प की होती है संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे उन्होंने महारास लीला श्री उद्धव चरित्र श्री कृष्ण मथुरा गमन और श्री रूखमणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर विस्तृत विवरण दिया श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव प्रसंग पर व्याख्यान करते हुए उन्होंने कहा कि रुकमणी के भाई रुकमि ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रूखमणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगे।

## प्राकृतिक आपदा के एक प्रकरण में चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबन्द।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम टीमनपुर निवासी 55 वर्षीय बंशीलाल कमार की 29 जून 2022 को कुएं के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनके निकटतम परिजन अर्थात उनकी पत्नी जमुना बाई 4 लाख रुपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0778-2323633, E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

नि.सू.क्र. 06/ तशा. / (निविदा) / का.अ./ लो.स्वा.यां.खंड / 2022 दुर्ग, दिनांक : 23-05-2022

### // मैनुअल पद्धति संक्षिप्त निविदा सूचना //

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से **प्रपत्र-ए** में प्रतिशत दर पर दुर्ग जिले के विकासखंड दुर्ग / धमधा के निम्नलिखित ग्रामों में स्थित उल्लेखित क्षमता तथा ऊंचाई के उच्चस्तरीय जलागार का संधारण कार्य समस्त सामग्रियों एवं अन्य सिविल कार्य सहित हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30.05.2022 शाम 5.30 बजे है।

| समूह क्र. | ग्राम का नाम | टंकी की क्षमता तथा उंचाई कि.ली./मी | अनुमानित लागत (रू.लाख में) |
|---|---|---|---|
| 01-03 | करंजा भिलाई, बोड़ेगांव, कपसदा | 110/12, 120/12, 100/12 | 3.10, 3.30, 2.68 |

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है, विस्तृत निविदा एवं पूर्ण जानकारी इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड दुर्ग (छ.ग.)

जी.- 91496/3

# पाइप लाइन लिकेज से परेशान नागरिक आयुक्त आशीष ने कहा स्थाई समाधान करें

- **महापौर ने शिविर में उपलब्ध कराया गुमास्ता लाइसेंस**

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



अम्बेडकर स्कूल के आस पास क्षेत्र के नागरिकों ने पाइप लाइन लिकेज की समस्या को लेकर लंगूर मैदान शिविर स्थल पहुंचे। समस्याएं सुनने के बाद निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए। वहीं महापौर शशि अशोक सिन्हा व एमआईसी ईश्वरी साहू और पार्षद सरिता देवांगन ने छोटे-छोटे व्यापारियों को गुमास्ता लाइसेंस वितरण किया।

कई ऐसे व्यापारी है जो गली कुचे में स्थाई रूप से दुकान संचालित कर रहे है। आयुक्त आशीष कुमार देवांगन ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जो लंबे समय से व्यवसाय कर रहे है और गुमास्ता लाइसेंस किसी कारणवश नहीं बनवाए है, उनका लाइसेंस शिविर स्थल पर तत्काल बनाया जाए। किसी तरह से उन पर जुर्माना न लगाया जाए। इसी निर्देश के बाद शिविर में गुमास्ता लाइसेंस बनाने व्यापारी पहुंच रहे है। मंगलवार को हुए शिविर में स्टेशन मरोदा क्षेत्र के व्यापारियों को गुमास्ता लाइसेंस वितरण किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, अनूप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, पार्षद विधि यादव उपस्थित थे।

## पक्का आवास बनाने दिया आवेदन

घनी आबादी वाले श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र टंकी मरोदा, मरोदा कैंप व मौहारी भाठा में कई लोगों के पास पट्टा होने के बाद भी वे छप्पर में रहे है। सर्वे के दौरान उनका नाम छुट गया है। ऐसे लोगों से शिविर स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राशि उपलब्ध कराने आवेदन लिया जा रहा है। लंगूर मैदान शिविर स्थल पर रघुराम साहू, रमेश यादव, अनुसुईया देवांगन, अगराहिज यदु, बारो बाई ठाकुर, हेमलाल चंद्रवंशी ने आवास के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

### आवेदन पर एक नजर

शिविर वार्ड - टंकी मरोदा, मरोदा कैंप, मौहारी भाठा
प्राप्त आवेदन - 338

### 31617 रूपए की वसूली

घनी आबादी वाले क्षेत्र में कई ऐसे है जो संपत्तिकर जमा करने में रूची नहीं दिखा रहे है। राजस्व विभाग ऐसे लोगों की सूची तैयार कर निगम के खजाने में राशि जमा कराने प्रोत्साहित कर रही है। मंगलवार को 7 लोगों ने 31617 रूपए जमा भी किया वहीं 6 लोगों ने वर्षो से काबिज होने का दावा करते हुए पट्टा प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया।

# जांच समिति के अध्यक्ष ऋषभ जैन ने ली समिति के सदस्यों के साथ आवश्यक बैठक



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम बाजार व राजस्व विभाग प्रभारी ऋषभ जैन ( बाबू ) की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सामान्य सभा के निर्णय अनुसार इंदिरा मार्केट दुर्ग में निर्मित 8 दुकानों के आवंटन एवं निर्माण में हुई अनियमितता के संबंध में समिति की बैठक रखा गया। बैठक में काबिज दुकानदारों से समक्ष में बयान लिया गया एवं उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। जिसके आधार पर दस्तावेजों में वास्तविक दस्तावेज का अभाव रहा। संबंधित द्वारा दिया गया बयान संतोषजनक नहीं रहा। समिति द्वारा दस्तावेज एवं बयान के आधार पर निर्णय लिया जाएगा बैठक में उपस्तित सदस्य भोला महोबिया,अरुण सिंह,विजेंद्र भारद्वाज, बाजार अधिकारी थान सिंह यादव एवं ईश्वर वर्मा उपस्थित थे।

# मार्केट क्षेत्र में नागरिकों को मिलेगी आवागमन के लिए नई सड़क

- **56.46 लाख से होगा सड़क डामरीकरण, विधायक व महापौर ने किया भूमि-पूजन**

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त रखने तथा सुगम यातायात हेतु मार्केट क्षेत्र वार्ड क्रं 30 व 31 इंदिरा मार्केट मजार के बाजु से प्रशासनिक भवन होते हुए जवाहार चौक तक और वार्ड क्रमांक 32 में राम मंदिर से दुर्गा मंदिर होते हुए तमेर पारा चौक तक लागत कुल 56.46 लाख का विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने डामरीकरण विकास कार्य का विधिवत् पूजन-अर्चना कर भूमि-पूजन किया गया। भूमि-पूजन के बाद विधायक वोरा और महापौर बाकलीवाल ने पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित अवधि में सड़क डामरीकरण का कार्य पूर्ण करने निगम के अधिकारियों व ठेकेदार को निर्देशित किया।

भूमि-पूजन के इस अवसर पर सभापति राजेश यादव, एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, भोला महोबिया, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, शंकर सिंह ठाकुर, सु जमुना साहू, मनीष बघेल, पार्षद सतीश देवांगन, सु नीता जैन, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, कृष्ण देवांगन, अजय गुप्ता, कार्यपालन अभियंता राजेश पाण्डेय, उपअभियंता करण साहू, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अलताप अहमद, कन्या ढीमर, राजकुमार वर्मा, संदीप वास्तव, विकास यादव, राजू बक्शी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा ने कहा नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा मिले यह उनकी प्राथमिकता है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा शहर विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में शहर के 60 वार्डो में विकास कार्य होगा। सड़क, नाली, पानी और बिजली से जुड़े हर काम होंगे।

# आवेदन करने के एक घंटे बाद ही आवेदक को मिला मृत्यु प्रमाण पत्र

- **शिविर के माध्यम से जनता की समस्याओं को तत्काल निराकरण करने का लगातार किया जा रहा प्रयास**

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग नगर निगम द्वारा लगातार जनता के साथ संपर्क बनाकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है, जिसके लिए आज दिनांक 24 मई दिन मंगलवार को छत्रावास यादव भवन पचरी पारा में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 27,28, और 29 के वार्डो में कुल 67 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें 09 निराकृत हुए और 58 आवेदन विभागीय अधिकारी को प्रेसित किया गया है। शिविर में पट्टा के 9 प्रकरण नागरिकों ने निराकरण हेतु आवेदन किया।जनसमस्या समाधान शिविर में आवेदक को 1 घंटे में मिला मृत्यु प्रमाण पत्र। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप विधायक अरुण वोरा,धीरज बाकलीवाल, संजय कोहले, हमीद खोखर, पार्षद मनीष बघेल,ओम प्रकाश सेन ( राकेश सेन ) राजकुमार नारायणी उपस्थित थे।विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि एक बड़े जनसमुदाय को शिविर का लाभ मिल सके, इसलिए शिविर का आयोजन तीन वार्डो में क्लस्टर बना कर किया गया है। इन शिविर को आयोजित करने का उद्देश्य जनता को उनके समस्या से शीघ्र निदान दिलाना और अधिकारियों के साथ उनका सीधा संपर्क स्थापित करना है। शासन और प्रशासन का कार्य नागरिकों को अपना सेवा प्रदान करना होता है। इसलिए यह आवश्यक है कि जनसमस्या निवारण शिविर में आए हुए आवेदनों को अधिकारी गंभीरता से ले रहे है और समस्याओं का निराकरण भी कर रहें है। उन्होंने कहा कि उनका शीघ्र निराकरण करे ताकि नागरिकों के अंदर हमारे प्रति विश्वास कायम रहे। इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने स्वयं विभागों द्वारा बनाए गए स्टांलों पर गए और आवेदन की स्थिति का जायजा लिया। शिविर में उपस्तित कार्यपालन अधिकारी आर.के. पांडेय, सहायक

# मोर मकान मोर चिन्हारी के लिए आवास पाने का अंतिम अवसर 31 मई तक का

- **महापौर के निर्देश पर बढ़ी तिथि**
- **फिर किराएदारी के रूप में निवासरत पात्र परिवारों को मिलेगा मौका**

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

महापौर नीरज पाल के निर्देश पर मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत आवास पाने के लिए अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए 31 मई की आखरी तारीख निर्धारित की गई है, अब छूटे हुए लोगों को माह के अंतिम तारीख तक आवास पाने का सुनहरा मौका मिलेगा। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत 402 यूनिट आवास का निर्माण किया जा चुका है, जो कि आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड, शांति नगर कोहका एवं कुरूद में निर्मित है। इन आवासों में कैनाल रोड तथा अन्य विकास कार्य से प्रभावित परिवारों का व्यवस्थापन किए जाने के लिए प्रभावित हितग्राहियों को शामिल किया गया था और उन्हें सूचना देकर आवास आबंटन हेतु अंशदान की राशि निगम में जमा करने तथा आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए 30 दिवस का समय दिया गया था जो कि 10 मई 2022 को समाप्त हो चुका है। शाखा प्रभारी विद्याधर देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि कई हितग्राहियों ने राशि जमा कर दी है परंतु 180 प्रभावित हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने राशि और दस्तावेज जमा नहीं की है। ऐसे 180 हितग्राहियों को अंतिम सूचना मानते हुए अनंतिम अवसर के रूप में माह के अंतिम दिवस 31 मई तक का समय अतिरिक्त रूप से दिया जा रहा है इस अवधि में आवश्यक दस्तावेज एवं अंशदान की राशि जमा नहीं करने पर इन हितग्राहियों को आवास की आवश्यकता नहीं है यह समझ कर अपात्र घोषित किया जाएगा तथा निगम क्षेत्र में किराएदारी के रूप में निवासरत पात्र परिवारों को शासन के दिशा-निर्देश अनुसार पात्रता संबंधी संपूर्ण नियम शर्तो का पालन करते हुए उन्हें आबंटन की कार्यवाही की जाएगी। निगम के नोटिस बोर्ड में इसकी सूचना चस्पा कर दी गई है इस अवधि के बाद किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

# महापौर नीरज पाल ने ली वैशाली नगर जोन के अधिकारियों की बैठक स्वास्थ्य, पेयजल एवं विकास कार्यों पर शीघ्रता से कार्य करने के दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज स्वास्थ्य, पेयजल एवं विभिन्न विकास कार्यों को लेकर वैशाली नगर के जोन के अधिकारियों की बैठक ली। इससे पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के बारे में समीक्षा की। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार से विलंब न करें, जनहित के कार्यों को प्राथमिकता से किया जाना चाहिए। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी खुद कार्यों की मॉनिटरिंग कर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराए। वैशाली नगर जोन में स्वीकृति प्राप्त प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्यो की समीक्षा बैठक लिए जिसमें जोन आयुक्त, सहायक अभियंता एवं उप अभियंताओ से हर कार्य को लेकर महापौर पाल ने सीधे सवाल करते हुए निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी मांगी।

मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा किए गए व शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सभी कार्यो को गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। भिलाई निगम क्षेत्र में विकास कार्यों की स्थिति को लेकर बैठक लिए जिसमें उन्होंने लक्ष्य लेकर काम करने कहा। जोन 02 क्षेत्र में चल रहे प्रमुख कार्यों पर उन्होंने विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों से सभी कार्यों की अद्यतन जानकारी मांगी। उन्होंने स्कूल, शौचालय, आंगनबाड़ी जैसे जनसुविधा वाले कार्यों को तयसीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में एमआईसी सदस्य एवं लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एकांश बंछोर, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम आदि मौजूद रहे।


**CHHATTISGARH STATE POWER HOLDING COMPANY LTD.**
(A GOVT. OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) CIN : U65993CT2008SGC020995
Regd. Office :- 2nd Floor Vidyut Sewa Bhawan, Danganiya, Raipur – 492013
Website:- wwwcspc.co.in E-mail : cmo@cspc.co.in Tel. :- 0771-2574612 Fax: 0771-2574157

No.01-06/ Tender/Medicine /128 Raipur Dtd 24.05.2022

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from the Manufacturer (Pharmaceutical Company) enlisted with C S Power Companies or Super Stockiest/ Authorized Distributor/C&F Agent having valid registration with Chhattisgarh Government and have successfully supplied Medicines in Govt./ Public Undertaking/Reputed multispeciality private Hospitals having minimum 100 beds:-

| Tender Specification No. | Item | Approx. tender value(Rs.in lacs) | Cost of Tender Form (Rs.) | Due date of opening of tender |
|---|---|---|---|---|
| 01-02/ General& Proprietary Medicine/TS -01/2022 | Supply of General and Proprietary Medicines for various hospitals / dispensaries of Chhattisgarh State Power Companies for the year 2022-23. | 530.00 | 1180.00 (Rs 1000.00 plus 18% GST ) | 23.06.2022 |

TENDER FORM WILL BE SOLD TILL ONE DAY PRIOR TO THE DATE OF OPENING. IN CASE THE DATE OF OPENING IS DECLARED AS HOLIDAY, THEN TENDER WILL BE OPENED ON NEXT WORKING DAY. SEALED TENDER WILL BE ACCEPTED TILL 15.00 Hrs. ON THE DUE DATE OF OPENING AND WILL BE OPENED AT 15.30 Hrs ON THE SAME DAY. PURCHASE OF TENDER DOCUMENTS : The tender documents can be obtained from the office of the Chief Medical Officer, **CSPHCL**, Raipur, on payment of the tender fee (non-refundable), as shown above, through MICR Demand Draft drawn in favour of **'C S Power Holding Co Ltd'** payable at RaipurNON MICR DEMAND DRAFT WILL NOT BE ACCEPTABLE. Postal charges of Rs. 100/- shall be paid extra, if tender document is required by post. The CSPHCL reserves the right to reject any or all tenders or accept any tender in full or in part, considered advantageous to the CHHATTISGARH STATE POWER HOLDING COMPANY LTD, whether, it is lowest or not, without assigning any reason whatsoever. In case the tender document is downloaded from the website of the company www.cspc.co.in the cost of the tender form i.e. Rs. 1180/- (Rs 1000/- plus 18% GST) in the form of DD/Bankers cheque drawn in favour of CS Power Holding Co.Ltd., Raipur shall have to be submitted by the firm in a separate envelope super scribing **"Cost of Tender form"**. In case the cost of tender form downloaded from website of the company is not submitted alongwith the offer, the tender document of such firm will not be considered. The details about the tender can be obtained from the office of Chief Medical Officer during working days. Please visit CS Power Company's website: **www.cspc.co.in** for details of above tenders

S-32625/2

**Chief Medical Officer**
**CSPHCL: RAIPUR**

// SAVE ELECTRICITY FOR SELF AND NATION//


# कलेक्टर डॉ. सिंह को नन्हें बालक रूहान्त ने भेंट की गुलाब का फूल

**मुंगेली।** जिले में आमलोगों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के विकासखण्ड पथरिया के ग्राम कंचनपुर में नीम के पेड़ के नीचे बैठकर चौपाल लगाई। इस दौरान ग्राम के नन्हें बालक रूहान्त श्रीवास ने कलेक्टर डॉ. सिंह को गुलाब की फूल भेंट की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने नन्हें बालक रूहांत श्रीवास की चंचलता और निडरता की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत और पथरिया अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रिया गोयल मौजूद थीं।

# भीषण गर्मी में देगा राहत, सेक्टर 4 बोरिया मार्केट में महापौर ने वाटर एटीएम का किया शुभारंभ

- **आसपास के रहवासियों सहित आम नागरिकों और राहगीरों को मिलेगा शुद्ध व ठंडा पेयजल**

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




शुद्ध पेयजल शहर सरकार की पहली प्राथमिकता है। बीएसपी के टाउनशिप एरिया में जब शुद्ध पेयजल का संकट हो तो ऐसी परिस्थिति में भिलाई नगर निगम द्वारा वाटर एटीएम की स्थापना करना अपने आपमें एक सुखद व राहतभरी खबर है।

निगम की मंशा है कि शहर के टाउनशिप व पटरीपार के निवासी को पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध करा सकें। इसके लिए निगम प्रशासन सदैव प्रयासरत रही है। महापौर नीरज पाल ने भी पेयजल आपूर्ति विभाग को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। वहीं भीषण गर्मी के दिनों में जगह-जगह प्याउ घर व वाटर एटीएम खोले जाने से शहरवासियों सहित वहां से गुजर रहे राहगीरों के कंठ को तर करने में भी मदद मिलेगी। सेक्टर 4 के बोरिया मार्केट सहित आसपास के लोगों तथा राहगीरों एवं आम नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से वाटर एटीएम की स्थापना की गई है। महापौर पाल ने आज इस वाटर एटीएम का शुभारम्भ किया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि इस वाटर एटीएम के लगने से लोगो को शुद्ध पेयजल मिलेगा। इसकी स्थापना के लिए व्यवसायी भी काफी दिनों से मांग कर रहे थे, जो आज पूरी हुई। पाल ने आमजनता, व्यापारियों व सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे भी सार्वजनिक जगहों पर पानी की व्यवस्था कर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मददगार बनें। उल्लेखनीय है कि निगम वाटर एटीएम लगाकर क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पीने योग्य पानी उपलब्ध कराकर भागीरथी की तरह भूमिका का निर्वाहन कर रही है। निगम निश्चित तौर पर ऐसा पुनीत कार्य कर प्यासे लोगों के कंठ को तर करने का प्रयास कर रही है। वाटर एटीएम के शुभारंभ के दौरान जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, एमआईसी मेम्बर एकांश बंछोर, केशव चौबे, साकेत चंद्राकर, सीजू एंथोनी, लालचंद वर्मा, मालती ठाकुर, पार्षद सेवन कुमार, वैशाली नगर के जोन अध्यक्ष रामानन्द मौर्या, जोन 5 के जोन आयुक्त एन आर रत्नेश, महापौर के निज सचिव वसीम खान, राजीव यादव सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।


**भारतीय स्टेट बैंक** (SBI)
तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा- ब्लॉक बी-1, पुजारी चेंबर, पचपेड़ी नाका, रायपुर, फोन- 0771-4919726-27-28-29-30

**नियम 8(1) कब्जा कब्जा संबंधी नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, जो कि **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी हैं, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित का (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **निम्नलिखित उधारकर्ता को डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि नीचे में दर्शायी गयी है , उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने जारी किय गया।** उधारकर्ता द्वारा उक्त राशि चुकाने में असफल होने के कारण, एतदद्वारा उधारकर्ता को एवं जनता को सामान्य रूप से नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8** के साथ पठित अधिनियम की **धारा 13 की उप-धारा (4)** के अंतर्गत **उन्हें प्रदत्त् अधिकार का प्रयोग करते हुए यहां नीचे संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और जनसामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई लेन देन नहीं करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये भारतीय स्टेट बैंक की संबधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगी।**
प्रतिभूत आस्ति के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. | उधारकर्ता का नाम एवं पता | मांग सूचना / कब्जे की तिथि | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता- मेसर्स मलिक पोहा मिल | (1) 05.01.2022 (2) 20.05.2022 | रू 1,00,16,879.08 दिनांक 05.01.22 से ब्याज एवं अन्य शुल्क | खसरा नं 2/15 एवं 6/8, प.ह नं - 10, मौजा अवरेठी, सूरजपुरा रोड, तहसील-भाटापारा (छ.ग) में क्षेत्र - 0.190 हेक्टेयर पर स्थित संपत्ति। पुस्तक - ए 1, खंड क्र.1312, दस्तावेज संख्या 696 दिनांक 13.10.2000 को प्रस्तुत किया गया एवं दिनांक 16.10.2000 को उप-पंजीयक कार्यालय भाटापारा में पंजीकृत किया गया। मालिकाना हक -श्री हरप्रीत सिंह सलूजा पिता श्री बलवंत सिंह सलूजा. **सीमाएं :उत्तर** - पुन्नबाई एवं अन्य / प्रेम सेठी के खुले प्लाट, **दक्षिण** - श्री शक्ति इंडस्ट्रीज की भूमि, **पूर्व** - रोड, **पश्चिम** - सरकारी घास भूमि / अन्य संपतिया |

दिनांक: 26.05.2022, स्थान- रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, सार्ब, रायपुर



**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क / वा. / नजूल / 2022 मुंगेली, दिनांक 17.05.2022

आवेदिका **पंचवटी बाई साहू**
निवासी मोहल्ला पेण्डाराकावा मुंगेली
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)
**श्रीमति पंचवटी बाई** ..................................**आवेदक**

**बनाम**

**छ.ग. शासन**......................................**अनावेदक**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक इस न्यायालय में आवेदक श्रीमति पंचवटी बाई निवासी मोहल्ला पेण्डाराकावा मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला पेण्डाराकावा मुंगेली स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 459/1 क्षेत्रफल 625 वर्गफीट (58 व.मी.) लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड अधिकार में सपरिवर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालो को किसी प्रकार की दावा / आपत्ति हो तो वे दिनांक 06.06.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवाा अपने मुख्यार/अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 17.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**



**न्यायालय नजूल अधिकारी मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक क / वा. / नजूल / 2022 मुंगेली, दिनांक 17.05.2022

**सोनू जोशी पिता स्व. श्री दुकलहा**
निवासी मोहल्ला पेण्डाराकापा मुंगेली
तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.).....................**आवेदक**

**बनाम**

**छ.ग. शासन**......................................**अनावेदक**

इस सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में आवेदक सोनू जोशी पिता स्व.श्री दुकलहा निवासी मोहल्ला पेण्डाराकापा मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा नगर मुंगेली के मोहल्ला ग.प्र. वार्ड मुंगेली स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 459/1 क्षेत्रफ्ल 300 वर्गफीट (27.88.व.मी.) लीज होल्ड भूमि को फ्री होल्ड अधिकार में सम्परिवर्तन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में प्रकरण विचाराधीन है। किसी व्यक्ति, संस्था या उपरोक्त भूमि पर हक रखने वालों को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वे दिनांक 06.06.2022 को दिन के 02:00 बजे इस न्यायालय में स्वतः अथवा अपने मुख्यार / अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा।

आज दिनांक 1705.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**मुंगेली (छ.ग.)**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - मां शीतला माता**
**वार्ड क्र. 16, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 130/ 25.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 146/16, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - श्री स्व. दुखित राम साहू S/o फगुवाराम साहू **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- रामकृष्ण साहू S/o स्व. दुखित राम साहू.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - संत कबीर**
**वार्ड क्र. 17, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 131/ 25.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 371/17, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - धामीन बाई W/o मणी राम साहू **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम- होरी लाल** साहू S/o स्व. मणी राम साहू.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - मौ. अब्दुल रऊफ**
**वार्ड क्र. 28, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **24.06.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 129/ 25.05.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 708/28, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - सुखविंदर सिंह सिदधु S/o मेजर सिंह **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम- रहेनुमा बानो** W/o जुम्मन अहमद.

मुहर

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम,**
**बीरगांव**

संपादकीय

## आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री कठिन चुनौतियां

**लगता** है कि आस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने क्वाड में अपनी भूमिका तथा चीन के संबंध में दृष्टिकोण तय कर लिया है। चीन को लगता है कि प्रधानमंत्री के रूप में स्काट मोरीसन के बाद पद पर आने वाले आस्ट्रेलिया लेबर पार्टी नेता एंथनी एल्बानीज़ उसके प्रति कम शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाएंगे। इस सोच का क्वाड पर क्या असर पड़ेगा? अमेरिका की पहल पर गठित सुरक्षा संवाद का संबंध हिंद-प्रशांत में चीनी शक्ति प्रदर्शन का मुकाबला करना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस चतुष्कोणीय गठबंधन में समान साझीदार एल्बानीज़ के नेतृत्व वाला आस्ट्रेलिया चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को किस दृष्टिकोण से देखता है। क्वाड का पहला चरण बहुत उथलपुथल वाला रहा जब लिबरल नेता जान हावर्ड के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया इस संवाद से बाहर चला गया था और उनके बाद आने वाले लेबर के केविन रड भी इसमें शामिल नहीं हुए थे। इस रणनीतिक पहल को 2017 में नया जीवन मिला और अब चारों सदस्य पहले के किसी समय की तुलना में क्वाड को सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसी कारण क्वाड स्वयं को आश्वस्त करना चाहेगा कि हाल ही में समाप्त आस्ट्रेलियाई चुनाव अभियान की कड़वाहट, खासकर लिबरल-लेबर टकराव का उस पर कोई असर न पड़े जो दूसरे की तुलना में स्वयं को चीन के निकट प्रदर्शित करने पर तुले थे। उम्मीद करनी चाहिए कि एल्बानीज़ के सत्ता में आने के बाद इसकी प्रतिध्वनि नहीं सुनाई देगी। क्वाड व आस्ट्रेलिया की जनता जानना चाहेगी कि क्या एल्बानीज़ मोरीसन की नीतियों की समीक्षा करेंगे या उनको जारी रखेंगे। चीन-आस्ट्रेलिया संबंध मोरीसन के कार्यकाल में सबसे खराब स्थिति में थे। हालिया चुनाव अभियान में लेबर पर चीन नीति की समीक्षा का भारी दबाव था। मोरीसन के नेतृत्व में लिबरल ने एल्बानीज़ पर चीन के प्रति नरम होने का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि 'चीन सरकार ने उनका घोड़ा पकड़ लिया है और वे खामोश बैठे हैं।' पुनः प्रचारित एक वीडियो में दिखाया गया था कि 2018 में आस्ट्रेलिया-चीन व्यापार असोसियेशन के रात्रिभोज में एल्बानीज़ मैंडारिन बोलने का प्रयास कर रहे थे।

लेकिन एल्बानीज़ ने स्पष्ट किया है कि ताइवान व दक्षिण चीन सागर जैसे विवादास्पद मुद्दों पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि चीन के साथ आस्ट्रेलिया के संबंध 'चुनौतीपूर्ण होंगे' तथा अमेरिका के साथ दोस्ती आस्ट्रेलियाई विदेश नीति का 'पहला स्तंभ' बनी रहेगी। चुनाव के पहले लेबर पार्टी ने चीन के प्रति कठोर दृष्टिकोण प्रदर्शित किया था। नई विदेश मंत्री लेबर की पेनी वोंग ने अपने अभियान में कहा था कि वे चीन के साथ आस्ट्रेलिया के वर्तमान तनावों में 'पीछे कदम नहीं उठाएंगी।' हालांकि, वोंग ने एक साल पहले कहा था कि द्विपक्षीय टकराव का यह अर्थ नहीं कि 'हमारी कार्रवाइयों में सुधार का कोई स्थान नहीं बचा है।' वोंग ने फ्रांसीसी पनडुब्बियों की तुलना में आकुस से जुड़ी नाभिकीय पनडुब्बियां पसंद करने के लिए मोरीसन की आलोचना भी की थी। उस समय लेबर चाहते थे कि सैनिक व सुरक्षा मामलों में आस्ट्रेलिया का दृष्टिकोण अमेरिका से अलग हो। ऐसे में यह सोचना उचित नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय राजनय में नए एल्बानीज़ अमेरिका-प्रथम नीति अपनाएंगे और साथ-साथ चीन से संबंधों को तार्किक रूप देंगे। अपनी ओर से चीन सारे प्रयास कर रहा है कि स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हित में हैं। बीजिंग क्वाड में दरार पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में देखना होगा कि वास्तव में एल्बानीज़ क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं।

# बिजली क्षेत्र के समक्ष चुनौतियों

## डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए।



उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



**मो**दी सरकार वर्तमान समय में गंभीर बिजली संकट का सामना करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। इसके अनेक अन्य कारणों के साथ वर्तमान मौसम में मांग बढ़ना भी शामिल है। सरकार इस क्षेत्र की बाधायें दूर करने का प्रयास कर रही है जिनमें कोयले की सप्लाई भी शामिल है जो देश में कुल बिजली उत्पादन में 52 प्रतिशत का जिम्मेदार है। अप्रैल-मई, 2022 में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने सरकार को बिजली अधिनियम 2003 की धारा 11 के अंतर्गत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उसने सभी आयातित कोयला-आधारित प्लांटों-आईसीबी को पूरी क्षमता से काम करने और बिजली पैदा करने तथा घरेलू कोयला प्रयोग करने वाली सभी उत्पादन कंपनियों-जेनकोज़ को अपनी ईंधन आवश्यकताओं का कम से कम 10 प्रतिशत कोयला आयात करने का निर्देश दिया। इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अन्य उपायों में सभी जेनकोज़ से कहा गया है कि वे अपनी कैप्टिव कोयला खानों की व्यवस्था करें ताकि उन खानों से अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-सीपीएसयू कोल इंडिया लिमिटेड-सीआईएल का योगदान घरेलू कोयला उत्पादन में 85 प्रतिशत है।

उसे अपनी 'प्रयोग न होने वाली' खानें निजी कंपनियों को नीलाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही रेलवे का ढांचा मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वह खानों से अधिकाधिक कोयला ताप बिजलीघरों तक पहुंचाने में अपना योगदान करे। सरकार ने जेनकोज़ को वित्तीय व मूल्य सहायता उपायों की घोषणा भी की है ताकि वे जमीनी स्थितियों का यथार्थ समझ सकें। उसने ऊर्जा वित्त निगम-पीएफसी तथा ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी को निर्देश दिए हैं कि वे 'उपयुक्त सुरक्षा उपायों के साथ भारी दबावों का सामना कर रहे आईसीबी प्लांटों के लिए 6 महीने का अल्पकालीन कर्ज की व्यवस्था करें।' उसने बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम के साथ जेनकोज़ के बिजली खरीद समझौतों-पीपीए का दायरा बढ़ा कर उसमें आयातित कोयले की कीमत जोड़ने का अनुरोध किया है।

सरकार का इरादा घरेलू व विदेशी स्रोतों से कोयले की उपलब्धता बढ़ाना तथा जेनकोज़ के हाथ में ज्यादा पैसा देना है ताकि वे आयातित ईंधन की अधिक कीमत अदा कर सकें। कठिन भू-राजनीतिक स्थिति के कारण केवल दो महीने में इसकी कीमतों में 100 डालर प्रति टन वृद्धि हुई है। उसने उच्च कीमत की भरपाई के लिए डिस्काम से ज्यादा पैसे लेने की अनुमति भी दी है। लेकिन चीजों का इच्छानुसार चलना जरूरी नहीं है। अधिकांशतः राज्य सरकारों के स्वामित्व व नियंत्रण वाली डिस्काम दरें बढ़ाने पर तैयार नहीं हो सकती हैं, इसके साथ ही दरों में संशोधन को अदालतों में चुनौती भी दी जा सकती है। ऐसे में वर्तमान नियमों के अंतर्गत 'ऊर्जा एक्सचेंज' दाम बढ़ाने को तैयार नहीं होंगी तथा दरों की एक सीमा है। अतिरिक्त उत्पादन के प्रयासों के नजीजे तत्काल आने की संभावना नहीं है। यदि सरकार डिस्काम पर अधिक कीमतें अदा करने का दबाव डाले और वे एक्सचेंज को बिक्री में सीमा हटाने पर तैयार हो जाएं तो भी इससे पहले से ही संकट का सामना कर रही डिस्काम और गंभीर संकट में फंस जाएंगी। डिस्काम के संकट का कारण यह है कि वे राज्य सरकारों द्वारा बिजली का बड़ा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को कम कीमत पर देने को मजबूर हैं। यह खरीद कीमत का एक छोटा सा हिस्सा या मुफ्त होता है। कुछ राज्यों में डिस्काम के राजस्व में सब्सिडी का हिस्सा 30-40 प्रतिशत है। हालांकि, राज्य डिस्काम को बिक्री में होने वाला घाटा पूरा करने का आश्वासन देती हैं, पर अधिकांश मामलों में वे इसका आंशिक भुगतान करती हैं या बिल्कुल नहीं देती हैं। आंशिक भुगतान भी बहुत विलम्ब से होता है। इसके कारण घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को दी गई बिजली की कीमत अदा नहीं होती है। उच्च एग्रीगेट व कामर्शियल-एटीएंडसी नुकसान के कारण डिस्काम का घाटा और बढ़ जाता है जो बिजली चोरी का पर्याय है। इसकी पूर्ति के लिए वे उद्योगों और बिजनेसों से अधिक दरों पर वसूली करती हैं। लेकिन इस क्रास-सब्सिडाइजेशन के बावजूद डिस्काम को भारी घाटा उठाना पड़ता है। लगातार नुकसान के कारण 31 मार्च, 2022 तक वे 600,000 करोड़ से अधिक के भारी कर्ज में डूब गई थीं। उन पर स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी का 100,000 करोड़ से अधिक बाकी है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के साथ अन्य उत्पादक भी शामिल हैं। दो दशकों से डिस्काम की स्थिति सुधारने के प्रयास जारी हैं जिसके लिए 2002, 2012, 2015 व 2021 में चार बड़ी योजनायें बनाई गईं, लेकिन इनके कोई नतीजे नहीं निकले। मोदी सरकार के अंतर्गत लाई गई अंतिम दो योजनायें उल्लेखनीय हैं। नवंबर, 2015 में लाई उज्ज्वल डिस्काम बीमा योजना-उदय में केन्द्र ने एटीसी नुकसान घटाने के लिए डिस्काम को 400,000 करोड़ का वित्तीय पुनर्गठन पैकेज-एफआरपी दिया। इसके अंतर्गत नुकसान को 20.7 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 15 प्रतिशत पर लाना था। बिजली बिक्री से प्राप्त औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर व सप्लाई की औसत लागत-एसीएस के बीच अंतर भी 2015-16 में 0.59 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 'शून्य' पर लाना था। लेकिन ये लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। 2021-22 के केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'रिफार्म-लिंक्ड, रेजल्ट-बेस्ड डिस्ट्रीब्यूशन'-आरएलआरबीएसडी योजना शुरू की जिसके लिए 310,000 करोड़ की घोषणा की गई। इस योजना के अंतर्गत डिस्काम को समर्थन देने के लिए सरकार ने एटीएंडसी नुकसान को 12-15 प्रतिशत लाने तथा एसीएस-एआरआर अंतर को 2025 तक 'शून्य' करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के अंतर्गत पैसा जारी करने को सुधार लक्ष्य के विभिन्न चरण पूरा करने से जोड़ा गया है।

लेकिन अतीत की तरह ये खोखली घोषणायें हैं। उदय के अंतर्गत डिस्काम से अपनी व्यवस्था ठीक करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वर्तमान एटीएंडसी नुकसान कम होने के बजाय योजना शुरू करने के समय से अधिक होकर 25 प्रतिशत हो गए हैं। इसलिए आरएलआरबीएसडी के अंतर्गत किए जाने वाले दावों का भी कोई खास महत्व नहीं है। देखना होगा कि सरकार कोयला संकट से निपटने के जो प्रयास कर रही है उनका डिस्काम पर क्या प्रभाव पड़ेगा? आईसीबी प्लांटों को दिए निर्देशों के परिणामस्वरूप डिस्काम द्वारा खरीदी जाने वाली बिजली की कीमतों में भारी वृद्धि होगी। चूंकि हमारे राजनेता घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों से एक पैसा भी अधिक नहीं लेना चाहते हैं और उद्योग पहले से ही भारी दरों का शिकार हैं इसलिए उसमें वृद्धि संभव नहीं है। इस कारण घाटा और बढ़ेगा। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019-20 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 1500 मिलियन टन रखा था, लेकिन भारत का उस समय उत्पादन लगभग 730 मिलियन टन था। 2020-21 में कोविड के कारण उत्पादन घट कर 716 मीट्रिक टन रह गया। हालांकि, यह 2021-22 में बढ़ कर 777 मिलियन टन हो गया जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक था, पर यह लक्ष्य का केवल 50 प्रतिशत था।

यदि उत्पादन लक्ष्य के निकट होता तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था। इससे निपटने के लिए बेहतर नियोजन तथा परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन जरूरी है। मोदी को नवीकरणीय स्रोतों की ओर तेजी से हस्तांतरण भी सुनिश्चित करना होगा तथा इसमें आने वाली बाधायें दूर करनी होंगी। लेकिन हमारे राजनेता वर्ग के लिए सबसे जरूरी है कि वह ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों को जमीनी स्तर तक ले जाएं। इसके लिए डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं समेत सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए। इसके साथ ही बिजली वितरण क्षेत्र से निहित स्वार्थी तत्वों को हटाने के लिए एक स्वतंत्र अधिकरण की स्थापना होनी चाहिए जो 'कामन कॅरियर' सिद्धान्त पर पारदर्शी व बिना भेदभाव के काम कर सके। यदि कोई राज्य सरकार किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी देना चाहती है तो उसे यह काम लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से करना चाहिए।

# युवाओं का जिम्मेदारी और दवाब से भागना, भारत में 'द ग्रेट रेजिग्नेशन' का सबसे बड़ा कारण

– अतुल मलिकराम
(लेखक व राजनीतिक विश्लेषक)

**जिस** देश में 5 करोड़ से अधिक युवा बेरोजगार हों, वहां 'द ग्रेट रेजिग्नेशन' जैसी प्रवत्ति का तेजी से बढ़ना, काम पर आराम हावी होने का संकेत समझा जा सकता है।

वक्त आराम का नहीं मिलता, काम भी काम का नहीं मिलता...इन दिनों ज्यादातर वर्किंग क्लास युवाओं की सोच मुज़्तर ख़ैराबादी के इस शेर से वाबस्ता रखती है। भारत में ऐसा माना जाता है कि लोग, विदेशी चीजों को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं, और ऐसा साबित तब हो जाता है जब कोई बाहरी मुल्क का सोशल मीडिया कैम्पेन, एक प्रवत्ति बनकर, भारतीय युवाओं के भविष्य का निर्णय लेने लगता है। देश में पिछले दो बरसों से द ग्रेट रेजिग्नेशन का चलन तेजी से बढ़ा है। जिसके बैनर तले अमेरिका में पिछले साल 3.4 करोड़ लोगों ने अपनी नौकरियां छोड़ दी। अब जो पहली दफा इस शब्द का इस्तेमाल देख रहे हैं, उनके लिए तो ये समझना बहुत जरुरी है कि दुनियाभर में कामकाजी या कर्मचारी वर्ग के नौकरी छोड़ने की आदत में अति तीव्र बढ़ोतरी हुई है, और यदि आप भी इसी आदत का शिकार हो चले हैं तो इतना मान लें, खतरा आपके आस-पास ही मंडरा रहा है।

रैंडस्टैड एनवी की एक ताजा सर्वे रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 के बाद से दुनियाभर के कर्मचारी वर्ग की सोच में क्रन्तिकारी बदलाव आया है वो भी नौकरी छोड़ने को लेकर, फिर भारत इससे अछूता रह जाये, ऐसा होना अमावास में चांद दिखने जैसा है। जहां तक इस सर्वे का हिस्सा बनाने वाले भारतीय युवाओं की बात है, उनमें से 63% का मानना है कि वे नौकरी में नाखुश होने के बजाय बेरोजगार होना पसंद करेंगे। जबकि 68% ने माना कि वे नौकरी छोड़ देंगे यदि यह उन्हें अपने जीवन का आनंद लेने से रोक रही होगी। वहीं लगभग आधे यानि 49 फीसदी लोगों ने कहा कि यदि उनकी नौकरी उन्हें जीवन की मौज मस्ती से दूर रखती है तो वह ऐसी नौकरी को अलविदा कहना मंजूर करेंगे। इस सर्वे में भाग लेने वाले लगभग 70% प्रतिभागियों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि उनका निजी जीवन उनके कार्य-




जीवन से अधिक महत्वपूर्ण है और उनमें से 61% ने कहा कि यदि पैसा कामना ऑब्जेक्ट न हो तो वह कभी काम न करना पसंद करेंगे। फिर जिस देश में 5 करोड़ से अधिक युवा बेरोजगार हों, वहां 'द ग्रेट रेजिग्नेशन' जैसी प्रवत्ति का तेजी से बढ़ना, काम पर आराम हावी होने का संकेत समझा जा सकता है।

व्यक्तिगत अनुभव की बात करूँ तो कई सालों पहले मैंने एक बार अपने सेठ से दिवाली की छुट्टी मांगी, उन्होंने बड़ी शालीनता से पूछा, कहां की दिवाली जरुरी है? जहां से तुम्हारा घर चलता है वहां की, या जो घर तुम्हे चलना है वहां की? बात समझ आई की जहां काम कर के हमारी आवश्यकताएं पूरी हो रही है, उस जगह की अहमियत, घर और घरवालों से भी अधिक होती है। बहरहाल ये दशकों पुराना दौर था, जिसकी तुलना आज के दौर से बेशक की जा सकती है लेकिन केवल कुछ विशेष परिस्थितियों में ही। इस सर्वे का ही सहारा लें तो इसमें 95% भागीदारों ने कहा कि बेहतर काम के लिए संतुलित घंटे और कार्यस्थल का माहौल काफी मायने रखते हैं, जबकि 91त्न ने माना उन्हें ऐसा लगता है कि उनके पास यह विकल्प नहीं है कि उन्हें कहां काम करना है, और प्रत्येक पांच में से दो लोग अपने समय को नियंत्रित न करने की समस्या से जूझते नजर आये हैं। इसके पीछे दो परिदृश्य समझें जा सकते हैं। एक तो कोविड-19 के लगातार घटते मामलों के बीच कंपनियों ने अपने वर्क फ्रॉम होम वाले कर्मचारियों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। अब जो आदत 21 रोज में आपकी निशानी बन जाती है, वो 2 वर्ष पुरानी हो चुकी हो तो उससे बाहर निकल पाना काफी मुश्किल लगता है। हालांकि यह तब मुश्किल नहीं लगता जब जिम्मेदारी और दवाब की महत्ता अच्छे से समझ आती हो।

दूसरा परिदृश्य ये कि कोरोना काल में जागरूकता के साथ वर्क स्पेस भी बड़े पैमाने पर बढ़ा है। डिजिटल दुनिया ने इसमें अहम भूमिका निभाते हुए, काम के दायरे और अवसरों, को बड़ी मात्रा में पेश किया है। जिसने ऐसे लोगों को अधिक प्रभावित किया, जो कोरोना काल में अपनी नौकरी बचा पाने में कामयाब रहे। बेशक कोरोना ने स्वास्थ्य या परिवार कल्याण को प्राथमिकता देने के बारे में सीख दी है, लेकिन इसी सीख ने अधिकतम युवाओं के भीतर कम सहनशील, अधिक बेचैन और समय से पूर्व सब हासिल कर लेने की अवधारणा को भी जन्म दिया है। जो वर्तमान समय के लिहाज से तो सही प्रतीत होती है लेकिन भविष्य के परिदृश्य से अभिशाप समान नजर आती है। यदि आप काम के साथ जीवन का आनंद लेना सीख जाते हैं तो यह इस कलयुग की सबसे बड़ी सीख साबित हो सकती है। काम में आनंद लेना और आंनद से काम करना, तब और आसान हो जाता है, जब आप अपने कौशल को लगातार बढ़ाने पर केंद्रित रहते हैं। फिर आपके पास बेहतर काम के आधार पर खुद को किसी और जगह आजमाने का कॉन्फिडेंस आता है लेकिन वहीं आप हल्की-फुल्की नोंक-झोक, सीनियर्स की डांट या ऐसे किसी अन्य कारण से नौकरी छोड़ते हैं तो आपका एक फिक्स दायरे तक ही सीमित रहना निश्चित है।

## फरमाया



जनता मेरे लिए पहले स्थान पर है। तेल मूल्य घटाने के निर्णय का विभिन्न तबकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



भारतीय विदेश सेवा पूरी तरह बदल गई है। वे कुछ भी नहीं सुनते हैं। वे घमंडी हैं।


– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



हां, भारतीय सेवा बदल गई है। हां, वह सरकार के आदेशों का पालन करती है। नहीं, इसे घमंडी नहीं कहते हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## मंकी पोक्स का खतरा

**कोरोना** का कहर थमा भी नहीं कि एक और खतरे की आहट देश को धीमे-धीमे सुनाई देने लगी है। जिसका नाम मंकी पोक्स बताया जा रहा है। गौरतलब है कि कोरोना की भी आहट इसी मंद स्वरुप में देश नें सुनी गई थी, पर देश की भोली जनता को उसके भयानक रूप का कतई अंदाजा नहीं था। जब कोरोना नें अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू किया तब जाकर लोगों को स्थिति की गंभीरता का पता चला। नई बीमारी की ऐसी ही मंद आहट फिर सुनाई दे रही है और अभी लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कहीं लापरवाही फिर से किसी नए खतरे को जन्म न दे देए इसके लिए मंकी पोक्स के बारे में देश को जागरूक कर देने की आवश्यकता है। ताकि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी जैसी भयावह पुनरावृति न हो। नई बीमारियों के बारे में यही कहा जा सकता है कि सावधानी ही बचाव कर सकती है। वैसे उपलब्ध जानकारियों के अनुसार यह बीमारी 14 देशों में फैल गई है और भारत सरकार ने विदेश से आने वाले लोगों की हवाईअड्डों पर जांच की व्यवस्था करने की दिशा में कदम उठाए हैं। खासकर मुंबई के हवाईअड्डों पर इसकी जांच कठोरता से की जा रही है।

– **मनोज**, मेरठ

## महंगाई से थोड़ी राहत

**लगातार** रिकॉर्ड महंगाई का सामना कर रही जनता को सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क घटाकर राहत देने की कोशिश की है। इससे आम चीजों के भाव में भी कटौती का अनुमान है। इससे आम आदमी की क्रय शक्ति कुछ बढ़ेगी। अब राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से की राहत भी दें ताकि लोग महंगाई के बोझ से थोड़े और हल्के हों।

लगातार बढ़ती महंगाई ने छोटे से बड़े सभी वर्ग के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। नमक से लेकर चाय, दूध, घी, तेल जैसी घर के लिए उपयोगी वस्तुओं के अलावा सामान्य उपयोग की चीजों की कीमतों में भी बेइंतेहा बढ़ोतरी हुई है इससे आम आदमी की क्रय शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। महंगाई की एक वजह चीजों की ढुलाई रही है जो पेट्रोलियम पदार्थों के ऊंचे दामों के कारण सर्वाधिक ऊंचाई पर है। जनता के आक्रोश के चलते सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती की है जिससे लोगों को फौरी राहत तो मिलेगी ही आम आवश्यकता की चीजों के दाम भी कम होने से रसोई का बजट भी सुधरेगा। अब राज्य सरकारों को भी लोगों की परेशानी समझ कर अपनी हिस्सेदारी में से राहत देना चाहिए।

- **अमृतलाल मारू**, दसई धार

## पर्यावरण संरक्षण

**इंटरनेशनल** यूनियन फार कंजर्वेशन आफनेचर की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले वक्त में इनके विलुप्त होने की संख्या और दर अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया है। इंसानों ने न सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए बल्कि मनोरंजन के लिए हजारों जीव जातियों का अस्तित्व खत्म कर दिया है। हरे-भरे वन सीमेंट कंक्रीट के जंगलों में बदल दिए हैं। यदि देश में प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुरूप ही 2-2 पेड़ लगा दे तो आगामी 15 वर्षों में देश का कोना कोना हरियाली से लहलहा उठेगा। और अब तो टेरस गार्डन जैसे आधुनिक विकल्प भी उपलब्ध है। जिससे व्यक्ति को अपने ही गार्डन में उगाए फल और सब्जियों के साथ ही ताजा हवा बिना कुछ खर्च किए मिलती रहेगी। पर्यावरण संरक्षण में यही हमारा महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

# कावरे ने दिखाए कड़े तेवर, डौंडीलोहारा अनुविभाग के सभी शाखाओं का किया निरीक्षण एसडीएम व तहसीलदार को थमाया नोटिस, 4 लिपिकों की रोकी वेतनवृद्धि

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com





संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा जिले के डौंडीलोहारा अनुविभाग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कावरे द्वारा कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी डौंडीलोहारा, तहसील कार्यालय डौंडीलोहारा एवं उपतहसील देवरीबंगला के समस्त शाखाओ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त दुर्ग संभाग द्वारा समस्त शाखाओं के कर्मचारियों के टेबल पर नेम प्लेट अवश्य रखे जाने के निर्देश दिए गए। कावरे द्वारा तहसील कार्यालय स्थित लोक सेवा केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया एवं समस्त आवेदनो को समय सीमा के भीतर कार्यवाही किए जाने के निर्देश डौंडीलोहारा एसडीएम मनोज कुमार मरकाम को दिए गए।

**एसडीएम एवं तहसीलदार को थमाया कारण बताओ नोटिस–**

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त द्वारा एसडीएम न्यायालय में 5 प्रकरण एवं तहसीलदार न्यायालय में 4 प्रकरण ऑनलाईन दर्ज नही होने के कारण वाचक भोजराज साहू एवं नागेन्द्र कुमार कंवर की वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही की गई साथ ही संबंधित डौंडीलोहारा एसडीएम एवं डौंडीलोहारा तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम न्यायालय में 94 प्रकरण लंबित पाए गए एवं तहसीलदार न्यायालय में लंबित 221 प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कार्यालय तहसीलदार डौण्डीलोहारा में कैशबुक, चेक वितरण पंजी अद्यतन नही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी सैयद अली की वेतनवृद्धि रोकी गई एवं तहसीलदार डौंडीलोहारा द्वारा 3 दिवस के भीतर पूर्ण कर लिए जाने का आश्वासन दिया गया। उपतहसील कार्यालय देवरी बंगला के निरीक्षण के दौरान रिकार्ड रूम में नस्तियों के अव्यवस्थित रख-रखाव पर संभागायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं संबंधित लिपिक रमेश मागेन्द्र के वेतन वृद्धि रोके जाने का आदेश जारी किया गया।

**आम जनता एवं अधिवक्ताओ से की चर्चा–** निरीक्षण के दौरान आम जनता से चर्चा के दौरान ग्राम पंचायत रायपुरा के आवेदक ग्रामीण गजेन्द्र जोशी द्वारा त्रुटि सुधार का आवेदन दिया गया जिस पर संभागायुक्त श्री कावरे ने एक सप्ताह के भीतर त्रुटि सुधार कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए। कार्यालय तहसीलदार डौंडीलोहारा में अधिवक्ता लोकनाथ निषाद, अनिल जैन, भीष्म चन्द्राकर, विजय यदु, दानीराम झारिया एवं शिवचरण साहू से न्यायालयीन प्रक्रियाओं के संबंध में चर्चा की गई, जिस दौरान सभी सदस्यों द्वारा न्यायालयीन प्रक्रियाओं में संतुष्टता व्यक्त की गई एवं कार्यालय परिसर में वाहन स्टैण्ड एवं बैठक व्यवस्था हेतु स्थल प्रदान करने की मांग की गई जिस पर श्री कावरे ने तत्काल कार्यालय परिसर में स्थल चयन कर एसडीएम मनोज मरकाम को वाहन पार्किंग बनाने का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। डौंडीलोहारा सीएमओ राकेश प्रधान को तहसील परिसर में पेयजल व्यवस्था सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**पर्याप्त स्टॉक में उपलब्ध हो जेनेरिक मेडिसिन की दवा–**

कावरे द्वारा श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर डौण्डीलोहारा का निरीक्षण किया गया, जिस दौरान उन्होने स्टोर में उपलब्ध दवाओं की जाँच की एवं सभी चिकित्सको को जेनेरिक मेडिसिन दवा लिखने हेतु वहाँ उपस्थित डौंडीलोहारा एसडीएम को निर्देशित किया।

**गौठान में शामिल करे मल्टीएक्टिविटी के कार्य–**

श्री कावरे ने डौंडीलोहारा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत खपराभाठ के आदर्श गौठान का भ्रमण किया गया। जिसमें आजीविका गतिविधि से सम्बद्ध महिला स्व-सहायता समूह से चर्चा की गई। सर्व प्रथम दोना-पत्तल निर्माण का अवलोकन किया गया, दोना-पत्तल निर्माण में संलग्न स्वरांजली स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष द्वारा जानकारी दी गई कि बनाये गये दोना-पत्तल को ग्राम स्तर पर ही स्थानीय लोगों के द्वारा खरीद लिया जाता है। समूह से आय की जानकारी प्राप्त की एवं उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया। मशरूम उत्पादन करने वाली जय मॉ शीतला स्व-सहायता समूह से मशरूम उत्पादन के सम्बंध में जानकारी ली। महिलाओ ने बताया कि तापमान अधिक होने के कारण मशरूम उत्पादन में कमी आई है। श्री कावरे द्वारा मशरूम उत्पादन में अधिकता लाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिया गया है। मछली पालन किये जा रहे तालाब के दौरान आयुक्त महोदय द्वारा पूछा गया कि मत्स्य निरीक्षक द्वारा समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है कि नहीं....? जिस पर समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है जिससे मत्स्य पालन में लाभ होता है। मछली के आकार में वृद्धि के लिए समय-समय पर बियासी करने निर्देशित करने निर्देशित किया तथा तालाब में बत्तख पालन करने से होने वाले लाभ के बारे में सुझाव दिया। डब्ल्यूएटी में भरे पानी का सदुपयोग करने के संबंध में निर्देशित करने पर समूह के सदस्यों द्वारा बताया गया कि डब्ल्यूएटी में भरे पानी का उपयोग वृक्षारोपण में डालने के लिए किया गया है, जिसे सुनकर आयुक्त महोदय द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई। मुर्गी पालन शेड का निरीक्षण के दौरान स्थानीय विक्रेताओं से सम्पर्क कर बिक्री कराने एवं बाजार मुहैय्या कराने हेतु निर्देश दिया। तापमान की अधिकता को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर मुर्गियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने एवं तकनीकी मार्गदर्शन के लिए पशुपालन विभाग से समन्वय स्थापित करने निर्देशित किया गया।

**स्व-सहायता समूह बनाए केले के चिप्स–**

श्री कावरे ने केला बाड़ी का भ्रमण किया। केला की बिक्री कहॉ की जाती है, इसकी जानकारी ली। डौंडीलोहारा जनपद सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गई कि केला का चिप्स बनाये जाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिस पर आयुक्त महोदय द्वारा प्रसन्नता जाहिर की गई। श्री पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गई कि गोबर से पेन्ट बनाने का उद्यम स्वीकृत किया गया है। जिसका ले-आउट उपअभियंता के द्वारा दे दिया गया है।

## कृषि यंत्रों का प्रदर्शन एवं व्यवहारिकता पर कार्यशाला आयोजित



**बेमेतरा।** कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा में आज बुधवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कृषकों एवं छात्रो को खरीफ-फसलों में उपयोग होने वाले आधुनिक यंत्रो की आवश्यकता एवं उपयोग की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के डीन डॉ. आलोक कुमार तिवारी ने कृषि यंत्रो एवं उनकी व्यवहारिकता एवं नवाचार पर जोर दिया, वही कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव कृषि अभियंता ने कृषको को खरीफ में गहरी जुताई एवं जल संरक्षण में नवाचार के तरीके बताये। इस दौरान छात्रों एवं कृषकों ने यंत्रो के प्रचलन एवं उपयोग के गुण भी सीखे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य वैज्ञानिकों एवं शिक्षको ने किसानो को खरीफ-फसलों में उपयुक्त नई प्रजातियों एवं विभिन्न किस्मो के सुझाव दिये। साथ-साथ कीटो के प्रबंधन एवं प्रक्षेत्र अर्थशास्त्र की जानकारी भी दी गई। इस कार्यक्रम में कुल 105 कृषक एवं छात्रों के साथ महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हेमन्त कुमार जांगड़े, डॉ. चन्द्रकान्त शर्मा, डॉ. मनमोहन बिसेन, डॉ.रोहित घृतलहरे एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## थानखम्हरिया नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर हाईकोर्ट की रोक

पायनियर संवाददाता ➤ थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com




कांग्रेस समर्थित पार्षदों द्वारा नगर पंचायत थानखम्हरिया अध्यक्ष अंजना राजेश ठाकुर के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है।

24 मई को पारित आदेश में उच्च न्यायालय ने अपीलकर्ता के अधिवक्ता की दलीलों को ध्यान में रखते हुये मामले के तथ्यों पर विचार करते हुये और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुये कि अपीलकर्ता एक महिला और नगर पंचायत की निर्वाचित अध्यक्ष है 25 मई के अविश्वास प्रस्ताव पर रोक लगा दी है। अपीलार्थी के अधिवक्ता ने मा न्यायालय को बताया कि निर्वाचित अध्यक्ष को केवल रिट याचिका के साथ अनुलग्नक पी -1 के रूप में दायर अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। उन पर लगाये गये आरोपों की सूची नहीं दी गयी है। अध्यक्ष पर लगाये गये आरोपों का सत्यापन नहीं किया गया है जो प्रथम दृष्टया अवैध है। ज्ञात हो कि कांग्रेस समर्थित पार्षदों द्वारा 10 मई को अनेक आरोप लगाते हुये नगर पंचायत थानखम्हरिया अध्यक्ष के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन सौंपा था। जिस पर कलेक्टर बेमेतरा ने अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की तिथि 25 मई नियत की थी। अनुविभागीय अधिकारी दुर्गेश वर्मा को पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस स्थगन पर भाजपा समर्थकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। भाजपा बेमेतरा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि विपक्षियों द्वारा निर्वाचित अध्यक्ष को पद से हटाने तमाम हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं यह नगर की जनता के निर्णय का अपमान है। प्रशासन भी सत्ता के दबाव में नियमों की अवहेलना कर रहा है। शासन, प्रशासन द्वारा पूरे प्रदेश में जनता के निर्णय को बदलने का काम किया जा रहा है। भाजपा के चुने हुये जनप्रतिनिधियों को लालच, भय, दबाव, फॅसाने आदि के हथकण्डे अपनाकर जबरन कांग्रेस प्रवेश कराया जा रहा है जिसका दुष्परिणाम उसे भविष्य में झेलना होगा।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय बेमेतरा का डॉ. आर. प्रसन्ना ने किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट योजना के अंतर्गत बेमेतरा में संचालित शासकीय शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा का निरीक्षण डॉ. आर. प्रसन्ना सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा आज बुधवार को किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के पुस्तकालय, कम्प्यूटर लैब, जीव विज्ञान प्रयोगशाला, भौतिकी प्रयोगशाला, रसायन प्रयोगशाला तथा गणित प्रयोगशाला का निरीक्षण किया एवं विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या एवं उपस्थिति संबंधी जानकारी ली। स्वामी आत्मानंद विद्यालय खुलने के पूर्व एवं विद्यालय खुलने के पश्चात् छात्रों के शैक्षणिक स्तर में हुए सुधार पर भी चर्चा की, साथ ही छात्रों के शैक्षणिक स्तर को और बेहतर करने संबंधी निर्देश भी दिए। विद्यालय की प्रमुख समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। इस दौरान जिलाधीश बेमेतरा विलास भोसकर संदीपान, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बेमेतरा दुर्गेश वर्मा, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, नोडल अधिकारी सुनील तिवारी, विद्यालय की प्राचार्य सुदेशा चटर्जी एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## दल्लीराजहरा की करिश्मा साहू ने जीता हुनर भिलाई प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



ट्विनसिटी भिलाई में आयोजित हुनर भिलाई टैलेंट हंट प्रतियोगिता के मेगा फाइनल में दल्ली राजहरा की करिश्मा साहू ने सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए डांस प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भिलाई सेक्टर वन में आयोजित इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अनेक कलाकारों ने हिस्सा लिया तीन राउंड में हुए प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर करिश्मा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार अपने नाम किया। कार्यक्रम में निर्णायक गण के रूप में छत्तीसगढ़ के सुविख्यात कोरियोग्राफर अनिल तांडी,डॉ राखी रॉय एवं जॉन उपस्थित थे।वेस्टर्न शैली की नृत्यकार करिश्मा ने अपने बेल्ली डांस एवं फ्री स्टाइल से दर्शकों एवं निर्णायकगणों का दिल जीत लिया। करिश्मा साहू ने इससे पूर्व भी बहुत से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर कला प्रतियोगिता में भाग लिया है एवं अनेक पुरस्कार अपने नाम किये है। दल्ली राजहरा माइंस में कार्यरत योगेश्वर साहू एवं योगमाया साहू की पुत्री करिश्मा साहू आने वाले समय मे टीवी रियलिटी शो एवं अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी में जुटी हुई है। इस उपलब्धि पर नगर के कलाकार एवं नगरवासियों में खुशी की लहर है।

## भाजपा किसान मोर्चा का पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन अमानक खाद व अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश एवं जिला संगठन के निदेशानुसार प्रदेश सरकार किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ समितियों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नाहंदा में किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य वक्ता प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा प्रदेश में कांग्रेस सरकार किसान विरोधी हैं। किसानों के प्रति अन्याय कर रही है। समितियों में खाद बीज के शार्टेज के कारण किसान खाद एवं बीज के लिए भटक रहे हैं। किसानो के हित के लिए 24 मई को धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रदेश सरकार को बताया जा रहा है। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि खुद को किसान का बेटा कहने वाले और किसानों के नाम पर राजनीति करने वाले भूपेश बघेल को किसानों के दर्द का एहसास नहीं है। आज किसानों को प्रति एकड़ 3 बोरी अमानक वर्मी कम्पोस्ट दिया जा रहा है, किसानों की इच्छा के विपरीत इसे लेने के लिए बाध्य किया जा रहा है। प्रदेश के तथाकथित किसान हितैषी मुख्यमंत्री आज गाँव गाँव घूम रहे हैं ।लेकिन उनके पास किसानों की समस्या को सुनने का वक्त नहीं है। किसी भी मंच पर किसानों की बात वे नहीं करते। पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि जिला पंचायत सदस्य होने के नाते मैंने पिछले साल एक ट्रक खाद की कालाबाजारी को पकड़ा था लेकिन कालाबाजारी को बचाने के लिए यह कह दिया कि इसे किसानों के घर डिलीवरी किया जा रहा है। यह कालाबाजारी करने वाला कोई और नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी का एल्डरमैन था जो विधायक के प्रश्रय पर कालाबाजारी कर रहा था। गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के विधायक के शह पर 800 रुपये के खाद को 1900 रुपये में बेचने और बिकवाने का कार्य यहाँ के कांग्रेस विधायक के प्रश्रय पर हो रहा है।

## शिवनाथ उद्वहन सिंचाई योजना–भूमिगत पाईप डालकर नहर का निर्माण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिवनाथ उद्वहन सिंचाई योजना बेमेतरा विकासखण्ड के ग्राम जौंग में स्थित है। इस योजना से पूर्व में ग्राम जौंग व रॉका के कृषकों को ही सिंचाई का लाभ होता था। शिवनाथ उद्वहन सिंचाई योजना का नहर रिमाडलिंग एवं लाईनिंग व नहर विस्तार कर ग्राम जेवरा व करही के लिए पानी उपलब्ध कराने का एक कठिन संकल्प जल संससाधन विभाग ने किया। नहर विस्तार में लगभग 850 मी. भूमिगत पाईप लाईन जो 15 से 16 फीट गहराई में बिछाकर कर सिमगा कवर्धा राष्ट्रीय राजमार्ग के आवागमन को बिना अवरूद्ध किये पुसअप के माध्यम से भूमिगत पाईप डालकर नहर का निर्माण किया। निर्माण पश्चात् ग्राम जेवरा के महामाया तालाब व करही जलाशय में नहर के माध्यम से पानी भरने का टेस्ट किया गया। सफलतापूर्वक दोनों तालाब तक पानी पहुंचाया गया। ग्राम जेवरा व करही के ग्रामीणों में खुशी व्याप्त व शिवनाथ उद्वहन सिंचाई योजना से बेमेतरा विकासखण्ड के ग्राम जौंग, जेवरा व करही तथा बेरला विकासखण्ड के ग्राम रॉका के कृषकों को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगा। इस योजना से ग्राम जौंग में 150 हेक्टेयर, ग्राम रांका में 275 हेक्टेयर व ग्राम जेवरा में 125 हेक्टेयर में खरीफ सिंचाई होगी। इस प्रकार सीधे 550 हेक्टेयर में खरीफ-सिंचाई होगी, साथ ही साथ इस योजना से करही जलाशय को भरा जायेगा, जिससे ग्राम करही व झलमला के 150 हेक्टेयर में भी सुगमता से सिंचाई सुविधा प्राप्त होगा।

### क्रांति सेना के लोग लाठी, डंडा लेकर निकले दुकान बंद कराने, व्यापारियों से की गई गाली गलौच

## बंद के दौरान व्यापारियों से की गई मारपीट, व्यापारियों ने दोषियों पर कार्यवाही करने थाने में की शिकायत





पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कुछ दिनों पहले जिले के पाटेश्वर धाम विवाद एवं तुएगोंदी में वाद विवाद मामले में बुधवार को सर्व आदिवासी समाज, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, जनमुक्ति मोर्चा एवं छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना की ओर से जिला बंद का आव्हान कर और व्यापारियों से बंद के लिए समर्थन मांगा गया था। लेकिन बंद का जिले में मिला जुला असर देखने मिला। जहां जिले के गुरुर, गुंडरदेही, दल्लीराजहरा एवं डौंडीलोहारा मुख्यालय में कुछ दुकानें खुली रही। खुली दुकानों को डंडा पकड़कर जबरदस्ती बन्द करवाने छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के लोग निकले। जहां गुंडरदेही मुख्यालय में दुकाने जबरदस्ती बंद करवाने दौरान मारपीट की खबरे सामने आई है। आंदोलन उग्र नज़र आया। मारपीट के दौरान कुछ व्यापारियों को काफी चोट भी आई है। घायल व्यापारियों को गुंडरदेही के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बंद के दौरान हाथों को डंडा लेकर छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के द्वारा जबरदस्ती दुकानों को बंद कराया जा रहा था। तब यह स्तिथि निर्मित हुई। वही मारपीट के बाद गुंडरदेही में तनातनी का माहौल बन गया। साथ ही व्यापारियों ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए गुंडरदेही थाने में लिखित शिकायत कर कार्यवाही किये जाने की मांग की हैं। दरअसल सर्व आदिवासी समाज एवं अन्य ने जिला बंद का आह्वान किया था। जिसके विरुद्ध कई दुकाने खुली हुई थी। जिसको लेकर क्रांति सेना के गुस्साएं लोग सड़क पर उतरे और दुकाने बंद करने को लेकर जमकर लाठी चलाने लगे। माहौल को गरमाता देखते हुए जिले से अतिरिक्त पुलिस बल गुंडरदेही रवाना किया गया। इसके साथ ही मौके पर पुलिस के तमाम प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। गुंडरदेही नगर में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। आपको बता दे कि जामड़ी पाटेश्वर धाम के प्रमुख बाबा बालक नाथ के ऊपर कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को जिले में बंद कराया गया था।

'आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने वाले आखिर क्रांति सेना के पीछे कौन है जो गुंडरदेही में हुई बड़ी घटना को अंजाम दिए हैं...? मैं पुलिस व प्रशासन से अपील करता हूँ, की डंडा व हथियार से लेस बदमाशों को गिरफ्तार करे व कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे। मैं इस घटना की घोर निंदा करता हूँ व शांति बनाये रखने जनता से भी अपील करता हूँ।

**राजेंद्र कुमार राय,** पूर्व विधायक, गुंडरदेही

## जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का केंद्र का सचिव ने निरीक्षण किया



**बेमेतरा।** जिला चिकित्सालय अंतर्गत एम सी एच विंग में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का राज्य सरकार के सचिव आर प्रसन्न द्वारा आज आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिला चिकित्सालय बेमेतरा जिसमें एन आर सी के बच्चो से मिले व परिजन से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर संतुष्ट नजर आए साथ में सीएमएचओ डॉ खेमराज सोनवानी व सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ वंदना भेले से स्वास्थ्य विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली विशेष कर गर्भवती महिलाओं, कुपोषित बच्चों, संस्थागत प्रसव, परिवार नियोजन कार्यक्रम, अंधत्व निवारन कार्यक्रम संचालन की जानकारी लेतेहुए कमियों को दूर करने हेतु आवशयक निर्देश दिए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी (छ.ग.)**

// निविदा निरस्तीकरण //

जी. क्रमांक - 90237

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्रमांक-02 / दिनांक- 08.04.2022, सिस्टम नं.- 97090 (जी. क्रमांक-90237) को आमंत्रित की गई निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है। :-

जी.- 91471/4

कार्यपालन अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, धमतरी (छ.ग.)

## झीरम घाटी नक्सल हिंसा में शहीदों की स्मृति में मनाया गया “झीरम श्रद्धांजलि दिवस”



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारीगण, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए सभी भाई-बहनों की स्मृति में 25 मई को प्रतिवर्ष ''झीरम श्रद्धांजलि दिवस'' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर विजय अग्रवाल, भा.पु.से., पुलिस अधीक्षक, जांजगीर-चांपा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कर्मचारियों को दिनांक 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सली हिंसा में हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छत्तीसगढ़ में अहिंसा एवं सहनशीलता में विश्वास रखने, नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने, राज्य को शान्ति का टापू बनाने के लिए शपथ दिलाई गई एवं शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया गया।

## बोर्ड परीक्षाओं के शक्ति जिले में टॉपर रहे बच्चों का विधानसभा अध्यक्ष महंत आज करेंगे सम्मान

**सक्ति।** शक्ति शहर के हटरी धर्मशाला स्थित प्रथम मंजिल के सभागार में 26 मई को सुबह 11:00 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत विगत दिनों दसवीं-बारहवीं की संपन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में टॉपर रहे शक्ति जिले के बच्चों का सम्मान करेंगे,उक्तआशय की जानकारी देते हुए नगरपालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला खनिज न्यास निधि के सदस्य श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि 26 मई को सुबह 11:00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,



जिसमें शक्ति जिले के टॉपर बच्चों के साथ ही विगत दिनों छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा शहर के बालक हाईस्कूल में संपन्न स्कूली छात्र/छात्राओं के संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत द्वारा उपरोक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले समस्त बच्चों को प्रति छात्र दो ?2000/-दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई थी तथा उपरोक्त घोषणा के अनुरूप 26 मई को विधानसभा अध्यक्ष महंत के हाथों करीब 368 स्कूली बच्चों को उपरोक्त राशि का चेक भी प्रदान किया जाएगा।

## 27 मई को होगा विधानसभा के सीएम कांफ्रेंस हाल में जन जागरण कार्यक्रम

**सक्ति।** अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की दिल्ली एनसीआर प्रदेश इकाई द्वारा आगामी 27 मई 2022 दिन- शुक्रवार को शाम 4:30 से 6:30 तक दिल्ली विधानसभा सिविल लाइन स्थित सीएम कांफ्रेंस हाल में जन जागरण कार्यक्रम गेट टू गेदर आयोजित किया गया है,उपरोक्त जानकारी देते हुए अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन दिल्ली एनसीआर प्रदेश इकाई के ऊर्जावान अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 26 मई को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि में रूप मे दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल के साथ अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल कोलकाता एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के जन जागरण कार्यक्रम की राष्ट्रीय संयोजिका सीनियर एडवोकेट श्रीमती पायल अग्रवाल अहमदाबाद मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगी, साथ ही दिल्ली विधानसभा के सीएम कांफ्रेंस हाल में होने वाले इस कार्यक्रम में अंतराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के दिल्ली एनसीआर प्रांत इकाई के पदाधिकारी सदस्यों के साथ-साथ प्रमुख हस्तियां एवम गणमान्य नागरिक भी शामिल होंगे,प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि यह पहला अवसर होगा जब दिल्ली विधानसभा के सीएम कांफ्रेंस हाल में सम्माननीय विधानसभा अध्यक्ष जी की उपस्थिति में जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है,तथा इस कार्यक्रम में विस्तार पूर्वक चर्चाओं के साथ ही राष्ट्रीय एवं प्रदेश के प्रमुख विषयो तथा जनकल्याणकारी विषयों पर भी चर्चा होगी।

## नवागढ़ को राजस्व अनुभाग मुख्यालय बनाये जाने के आंदोलन का समर्थन किया विधायक चंदेल ने

**जांजगीर-चाम्पा.** क्षेत्र के विधायक एवं छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड मुख्यालय



नवागढ़ को राजस्व अनुभाग मुख्यालय बनाये जाने के लिये चल रहे आंदोलन का पूर्ण रूप से समर्थन किया। विधायक श्री चंदेल ने नावगढ़ को राजस्व अनुभाग मुख्यालय बनाये जाने हेतु मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल को पत्र लिख कर व राजस्व मंत्री को इस मांग से अवगत कराया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि नवागढ़ एक प्रमुख केन्द्र है, पुराना विकास खण्ड मुख्यालय है, तथा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से घिरा हुआ है आवागमन के दृश्टिकोण से सभी क्षेत्र के लिये उपयुक्त है। अतः नवागढ़ को राजस्व अनुभाग मुख्यालय बनाया जाना उचित व न्यायसंगत होगा तथा क्षेत्र के आम जनता के हित मे होगा। विधायक श्री चंदेल ने अधिवक्ता संघ व आम नागरिकों द्वारा वहां चलाये जा रहे आंदोलन का पूर्ण रूप से समर्थन किया है। विधायक श्री चंदेल ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि नवागढ़ को राजस्व अनुभाग मुख्यालय बनाया जाये। इसके पूर्व में भी विधायक श्री चंदेल ने विकास खण्ड मुख्यालय नवागढ़ को राजस्व अनुभाग मुख्यालय बनाये जाने का पत्र मुख्यमंत्री को प्रेशित किये है।

# कैसे गिरी 1 करोड़ की बिल्डिंग कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

- **उद्यानिकी विभाग के अधीन चल रहा था काम**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



घरघोड़ा में मुनगा प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माणाधीन भवन कथित रूप से एक आंधी में गिर गया। मजबूत कांक्रीट के कॉलम और बीम भी आंधी के सामने नहीं टिक पाए। प्रशासनिक अधिकारियों को यह तर्क पल्ले नही पड रही है। इस मामले में कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी से जांच कराने का आदेश दिया है।

घरघोड़ा में उद्यानिकी विभाग द्वारा मुनगा प्रोसेसिंग यूनिट का निर्माण कराया जा रहा है। कई महीनों से ठेकेदार ने काम बंद कर दिया था। हाल ही में एक ओर की पूरी दीवार ढह गई जिसका कारण आंधी को बताया गया। सूत्रों के मुताबिक काम बेहद घटिया क्वालिटी का था। आदिवासी क्षेत्रों के किसानों को रोजगार का एक और साधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की नींव रखी। अफसरों ने इस प्रोजेक्ट को गंभीरता से पूरा कराने के बजाय गड़बड़ी कर दी। ठेकेदार जैन एसोसिएट्स एंड इंटरप्राइजेस ने कैसा काम किया यह कोई देखने ही नहीं गया। इस प्रोसेसिंग प्लांट के लिए घरघोड़ा, खरसिया, लैलूंगा, तमनार और धरमजयगढ़ में मुनगा की खेती कराई जाएगी। उद्यानिकी विभाग ने करीब 1.90 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। इसमें से भवन निर्माण के लिए 87 लाख रुपए स्वीकृत हैं। गुणवत्ता खराब होने के कारण आंधी में दीवार ढह गई। कलेक्टर भीमसिंह ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी से जांच कराने की बात कही है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार ने बहुत घटिया काम किया था, जिसकी जानकारी अधिकारियों को भी थी।

### लिखित में की थी शिकायत

सोनू सिदार भाजपा नेता ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर के घरघोड़ा दौरे के समय पूर्व में लिखित में शिकायत कर मुनगा प्रोसेसिंग यूनिट भवन निर्माण की अनियमितताओं को उजागर किया था। इंजिनियर के ले - आउट ड्रॉइंग-डिजाईन पर भी सवाल कर गलत तरीके से घटिया सामग्री के उपयोग की बात कही थी, प्रोसेसिंग यूनिट के लिए करीब 11 हजार वर्गफुट भूमि पर काम किया जा रहा है। बड़े गोदाम की तरह भवन बनाया जा रहा है। तकनीकी रूप से कॉलम की जितनी मोटाई होनी चाहिए, उतनी नहीं थी। छड़, सीमेंट, रेत और गिट्टी सही अनुपात में उपयोग नहीं किया गया था, इसलिए ऐसा हुआ। जांच में अनियमितता उजागर होगी।

### क्या कहते हैं कलेक्टर

इस संबंध में रायगढ़ कलेक्टर भीम सिंह ने बताया कि मुनगा प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माणाधीन भवन की दीवार गिर गई है। निर्माण की जांच पीडब्ल्यूडी से कराई जाएगी।

## महापौर की दो टूक- लापरवाही नहीं चलेगी', बरसात से पूर्व नालों की सफाई के लिए चल रहा वार्डो में सघन दौरा



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

बरसात से पूर्व नालों की सफाई के लिये नगर निगम की महापौर जानकी काट्जू सघन दौरा कर रही है ताकि जलभराव और नाला जाम की स्तिथि सामने न आये।आज वार्ड क्रमांक 41 ,4,एवं 25 में नाला और वार्ड क्रमांक 14 पहुँचकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया और सम्बंधित विभाग को निर्देशित किया।

महापौर जानकी काट्जू ने शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने तथा बरसात में आने वाली समस्याओं से निजात दिलाने 15 दिन पूर्व से ही नालों की सफाई जारी करा दी है उसी तारतम्य में आज सघन दौरा करते हुए वार्ड क्रमांक 41 छतामुरा सहदेवपाली में स्वयं उपस्थित होकर बड़े नाले का सफाई कराया,उसके बाद केलो नदी रेलवे ब्रिज के नीचे जाम नाले को सफाई कर्मी एवं निगम के संसाधनों से साफ कराया,तत्पश्चात वार्ड क्रमांक 25 चिरंजीव नगर के उस नाले को साफ करवाया जो बरसात के दिनों परेशानी का सबब बन जाता है,क्षेत्रवसियों ने महापौर की उपस्तिथि और बरसात से पूर्व सफाई को देखते हुए साधुवाद दिया।वहाँ से महापौर वार्ड क्रमांक 14 और 4 के निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जल्द कराने ई ई और ठेकेदार को निर्देशित किया।वही वार्ड क्रमांक 4 के नाली में बने रिटेनिंग वाल का भी जायजा लेते हुए दो टूक में लापरवाही ना बरतने कहा।

निरीक्षण दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री शाखा यादव ,ई ई नित्यानन्द उपाध्याय,वार्ड सुपरवाइजर अनूप जायसवाल एवं निगम की टीम उपस्थित रही।

## शहर विकास के लिए विभागों में कसावट लाने महापौर ने ली बैठक, स्वास्थ्य विभाग और इंजीनियर्स को दी हिदायत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



महापौर जानकी काट्जू आगामी दिनों होने वाले बरसात के पूर्व की तैयारी हेतु स्वास्थ्य विभाग एवं निर्माण कार्यो में गति लाने इंजीनियर्स का तथा विभागों में कसावट लाने बैठक लिया और इंजीनियर, विभाग प्रमुख समेत समस्त वार्ड कर्मचारियों को जिम्मेदारी पूर्ण कार्य करने हिदायत दी। नगर निगम महापौर जानकी अमृत काट्जू शहर विकास और बरसात पूर्व शहर के नालों की सफाई को लेकर अत्यंत सजग होते हुए निगम के विभागों में कसावट लाने स्वास्थ्य विभाग और इंजीनियर्स की बैठक ली।

इंजीनियर्स को वार्ड अनुसार कार्यो का जायजा लिया साथ ही कौन से कार्य किस मद से कितने लागत के है जानकारी लेकर निर्माणाधीन निर्धारित कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तथा समयावधि में करने हिदायत दी।

स्वास्थ्य विभाग प्रमुख रमेश तांती एवं स्वास्थ्य निरीक्षक राजू पांडेय समेत सफाई दरोगाओं को बरसात से पूर्व समस्त नालों की सफाई कराकर जानकारी देने कहा एवं निरीक्षण दौरान कार्य मे लापरवाही दिखने पर सेलरी की कटौती की भी बात कही, दरोगाओं को सख्त निर्देश दिया कि कही भी नाला जाम की स्तिथि ना हो। बैठक दौरान एम आई सी सदस्य एवं लोक निर्माण प्रभारी विकास ठेठवार, राजस्व प्रभारी सलीम नियारिया उपस्थित रहे।

## हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कांटाझरिया क्षेत्र में जंगली हाथी के हमले से बीती रात मवेशी चराकर घर लौट रहे ग्रामीण की मौत हो गई। इस क्षेत्र में 11 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा है।

रायगढ़ जिले में जंगली हाथियों का आंतक एक लंबे अर्से से लगातार जारी है। जंगली हाथी और मानव के बीच द्वंद में कभी हाथी तो कभी इंसानों की मौत की घटना लगातार घटित हो रही है। इसी क्रम में बीती रात मवेशी चराकर घर लौट रहे ग्रामीणों पर घरघोडा वनपरिक्षेत्र के कांटाझरिया क्षेत्र के सहनी बंधान के पास जंगली हाथियों के एक दल ने अचानक हमला कर दिया। इस दौरान जहां दो ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचा ली, वहीं कांटाझरिया निवासी आनंदराम यादव पिता सिदार यादव 40 हाथियों के चपेट में आ गया। जिससे जंगली हाथियों के भारी भरकम पैरो तले कुचले जाने से ग्रामीण की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा की कार्रवाई पश्चात तत्कालीक सहायता के रूप में मृतक के परिजनों को 25 हजार रूपये की राशि उपलब्धी कराई है।

### 11 हाथियों का दल कर रहा विचरण

घरघोड़ा वनपरिक्षेत्र में लगभग 11 जंगली हाथियों का दल विचरण कर रहा है। वन विभाग के द्वारा हाथी आमद की सूचना मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगली की जाने से रोका जा रहा है। जंगली हाथी की आमद से कांटाझरिया सहित आसपास के आधा दर्जन गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

### क्या कहते हैं प्रभारी रेंजर

इस संबंध में घरघोडा वन परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर छोटेलाल डनसेना ने बताया कि बीती रात कुछ ग्रामीण मवेशी चराकर वापस अपने गांव जा रहे तभी हाथियों का दल था जिससे ग्रामीणों का सामना हो गया। इस दौरान दो ग्रामीणों ने भागकर अपनी बचा ली। एक ग्रामीण पर हाथी ने हमला कर दिया। इससे ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक के परिजनों को तत्कालीक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपये दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

## छत्तीसगढ़ी फिल्मों के लिए संभावनाओं का दरबार खोलती भूलन द मेज

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीतने वाली फिल्म ठीनसंद जीम ड्रंम के निर्देशक मनोज वर्मा ने आज रायगढ़ में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से इस फिल्म से परिचित कराया और क्षेत्रीय फिल्म से राष्ट्रीय पुरस्कार पाने तक के अपने सफर के बारे में भी बताया। ठीनसंद जीम ड्रंम आगामी 27 मई से सिनेमाघरों में लगने वाली है।

समानांतर सिनेमा की तरह दिखने वाले इस फिल्म की कथानक के बारे में बताते हुए मनोज वर्मा ने कहा कि यह फिल्म बक्शी जी का उपन्यास भूलन कांदा पर आधारित है। उपन्यास को फिल्म के हिसाब से स्क्रिप्ट लिखने में ढाई साल लग गए। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में मुकेश तिवारी, राजेन्द्र गुप्ता जैसे हिंदी कलाकारों को भी इस लिए लिया गया है ताकि देश भर इसे देख जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि इस फिल्म का एक गाना कैलाश खेर ने गया है। ठीनसंद जीम ड्रंम एक जंगली फल के इर्द गिर्द घूमती है। जिसके बारे में मानना है कि उसपर पांव रखने से आदमी थोड़ी देर के लिए सबकुछ भूल जाता है।

## शासकीय अस्पतालों में जेनेरिक दवाएं ही लिखें डॉक्टर्सः कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय अस्पतालों में डॉक्टर्स इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सिर्फ जेनेरिक दवाएं ही लिखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे। ऐसा नही करने वाले डॉक्टर्स पर कार्यवाही की जाएगी और अर्थदंड लगाया जाएगा। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत मिलने वाली सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी सेवा प्रदाता विभाग के अधिकारियों से कहा कि उनके कार्यालय द्वारा प्राप्त और निराकृत किये आवेदनों की जानकारी पंजियों में संधारित हो। कलेक्टर श्री सिंह ने राशन दुकानों में भरी जाने वाली 10 प्रकार की पंजियों को अद्यतन कर के रखने के लिए कहा। उन्होंने ओबीसी वर्ग के राशन कार्ड निर्माण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने मितान योजना के बारे में चर्चा करते हुए लाभ लेने वाले हितग्राहियों से आवश्यक दस्तावेज लेते हुए समय में उन्हें सर्टिफिकेट बना कर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य लोगों को घर बैठे सेवाओं का लाभ समय पर मिलना है।

## चोरी की बाइक खपाने ग्राहक से सौदा करते युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



चक्रधरनगर पुलिस को लगातार संपत्ति संबंधी अपराधों में सफलता मिल रही है। आज चक्रधरनगर थाना प्रभारी को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एक युवक जमुनाइंन चैंक पर बाइक की बिक्री के लिये ग्राहक से सौदा तय कर रहा था, मुखबिर द्वारा युवक के पास चोरी का बाइक होने का संदेह व्यक्त किया जिस पर थाना प्रभारी द्वारा पेट्रोलिंग भेजकर संदेही युवक को तलब कराये। स्टाफ द्वारा संदेही को हिरासत में लेकर थाना लाया गया संदेही सुभाष राठिया उर्फ नान्ही उर्फ किट्टु से कड़ी पूछताछ पर उसने बताया कि 15 मई की रात पंजरीप्लांट से बाइक चोरी कर तमनार कुंजेमुरा के पास छिपाकर रखा है जिसको बिक्री के लिये ग्राहक से सौदा तय कर रहा था। आरोपी सुभाष राठिया के मेमोरेंडम पर तमनार के कुंजेमुरा में झाडियों के पास छिपाकर रखह हुई हिरो होण्डा साइन को बरामद कर थाना लाया गया।

## बिलासपुर के रोटरी क्लब क्वींस ने केंद्रीय महिला जेल में आयोजित किया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

बिलासपुर के केंद्रीय जेल में रोटरी क्लब क्वीन्स द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तान्या दुबे द्वारा महिला कैदियों को चर्म रोग से संबंधित जानकारियां दी गई और चर्म रोग से पीड़ित कैदियों को दवाइयां वितरित की गई,इस दौरान रोटरी क्लब क्वींस बिलासपुर में सदस्यों द्वारा महिला कैदियों को साफ सफाई के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई और चर्म रोगों से कैसे दूर रहा जाए और उनसे सुरक्षित रहने के उपाय भी बताए साथ ही रोटरी क्लब आपके द्वारा आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिला कैदियों में भी स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया तथा उपस्थित सदस्यों ने बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य का नियमित रूप से ध्यान रखना चाहिए तथा अगर हमारा आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा तो हमारा स्वास्थ्य भी बेहतर होगा,कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेल अधीक्षक श्री तिग्गा जी,राय साहब जी, रोटरी क्लब सिटी कोऑर्डिनेटर चंचल सलूजा, रोटरी क्लब क्वींस की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, किरण सिंह, मनीषा जायसवाल,वंदना सिंह, रश्मि जैन, सीमा ठाकुर, रुचिका जेल प्रभारी सुनीता शर्मा समेत अनेको लोग मौजूद रहे,ज्ञात हो कि बिलासपुर कि रोटरी क्लब आफ़क्वीन्स द्वारा निरंतर समय-समय पर विभिन्न सेवा कार्य एवं जन जागरूकता से संबंधित शिविरों का आयोजन एवं जरूरतमंदों की सहायता की जा रही है, तथा रोटरी क्लब आफ क्वींस बिलासपुर की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल के नेतृत्व में निरंतर क्लब के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य समय-समय पर शासन के साथ भी मिलकर विभिन्न कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी करते हैं।

- **रोटरी क्लब आफ क्वींस की अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम का आयोजन**

## पिछड़ा वर्ग को छत्तीसगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दिया धरना



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के निर्देश पर 24 मई को जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने धरना का आयोजन करते हुए बताया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकसभा में 127 वा संशोधन कर राज्यों को पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित करने का अधिकार दिया है, किंतु छत्तीसगढ़ राज्य में आज पर्यंत तक पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारित नहीं किया गया है,तथा आज धरना प्रदर्शन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम ज्ञापन सौंपकर पिछड़ा वर्ग को छत्तीसगढ़ प्रदेश में 27प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है, तथा भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा,भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष भुवन भास्कर यादव, जिला महामंत्री टिकेश्वर गबेल टुकू, कृष्ण कुमार सिंहसर्वा, अमृतलाल साहू, नरसिंह साहू सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे, एवं इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष सहित सभी नेताओं ने धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश में आज केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने राज्यों को इतना बड़ा अधिकार प्रदान किया है।

## चंद्रपुर में होंगी मल्टी सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल की स्थापना

**अस्पताल निर्माण के लिए बनी सहमति, आवश्यक जमीन एवं राशि उपलब्ध कराएगा ट्रस्ट**

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



सामाजिक कुरीतियों से दूर रहते हुए हमारी गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन से ही हम एक सशक्त सुरक्षित समृद्धि समावेशी एवं मूल्य निष्ट राष्ट्र और समाज के निर्माण की ओर अग्रसर होंगे, मुख्य अतिथि की आसंदी से उक्तआशय के विचार व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल ने आगे कहा कि हमें सेवा और समाज उत्थान के कार्यों को और आगे बढ़ाना होगा। सहज सरल सौम्य व्यक्तित्व के धनी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने चंद्रपुर में समाज द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्य, स्कूल के संचालन व्यवस्था, भवन एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन कर मुक्त कंठ से वहां के संचालन व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस छोटे से परीक्षेत्र में अग्रवाल समाज के द्वारा ऐसे अनेक सेवा के प्रकल्प चलाए जा रहे हैं जो पूरे प्रदेश को प्रेरणा देते हैं।

अपने सारगर्भित उद्बोधन में डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि आज समाज को अपने बच्चों को शास्त्र पढ़ाने के साथ-साथ शस्त्र की शिक्षा देनी भी आवश्यक है, हम ऐसे ही स्थान की तलाश में हैं जहां गुरुकुल की भी स्थापना की जा सके। कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने आज के इस भ्रमण उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा की छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन वरिष्ठ जनों के लिए एक बहुत ही वृद्ध बृहद सुसज्जित वृद्ध आश्रम का संचालन करने जा रहा है, जिसके लिए उपयुक्त स्थान की तलाश में आज यह प्रतिनिधिमंडल चंद्रपुर आया है, सभा को बिलासपुर संभागीय अग्रवाल महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, अग्र अलंकरण की संयोजिका एवं महिला संगठन की प्रांतीय महामंत्री डॉ अनीता मोहनलाल अग्रवाल ने भी संबोधित किया। अग्रोहा सेवा संघ परीक्षेत्र चंद्रपुर डभरा के आतिथ्य में रामअवतार अग्रवाल चंद्रपुरिहा के आव्हान पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों का एक दौरा कार्यक्रम विगत दिनों चंद्रपुर में संपन्न हुआ।

## ग्रामीणों के साथ बैठकर सुनी समस्याएं

# कलेक्टर डॉ. सिह ने ग्राम खपरी और कंचनपुर में लगाई चौपाल

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में आमलोगों की मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न ग्रामों में जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जिले के विकासखण्ड पथरिया के ग्राम खपरी में प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केन्द्र के मध्य प्रांगण और ग्राम कंचनपुर में नीम के पेड़ के नीचे बैठकर चौपाल लगाई। चौपाल के आयोजन से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। चौपाल में कलेक्टर डॉ. सिंह ने आमलोगों की तरह ग्रामीणों के साथ बैठकर विकास और निर्माण कार्यों के साथ-साथ नागरिक केन्द्रित सेवाओं यथा पेयजल, बिजली, सड़क, राशन, पेंशन, राजस्व प्रकरण, पटवारी एवं पंचायत सचिव की मुख्यालय में उपस्थिति, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा की मजदूरी भुगतान, बी-वन का वाचन आदि की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण तथा पात्रता रखने वाले लोगों को लाभांवित करने के लिए पटवारी, सचिव और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को प्रत्येक बुधवार को ग्राम खपरी स्थित सामुदायिक भवन में बैठने के निर्देश दिए। इस दौरान ग्रामीण ग्राम खपरी के निःशक्त कु. पल्लवी यादव का निःशक्तता प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। ताकि निःशक्तता के आधार पर दी जा रही सभी सुविधाएं कु. पल्लवी यादव को भी प्राप्त हो सके। इसी तरह उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला हेतु अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं अन्य कार्यों और ग्राम कंचनपुर में आमलोगों की सुविधा हेतु ग्रामीणों की मांग पर तालाब में पचरी निर्माण करने हेतु कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि ग्रामसभा की बैठक में छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है तथा बैठक में ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर ग्राम के विकास के संबंध में चर्चा करें और महत्वपूर्ण निर्णय लेकर ग्राम के विकास में भागीदार बनें।

इस अवसर पर उन्होंने पेंशन, राशन, पेयजल, बिजली सहित अन्य समस्याओं को सुनने के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने की बात कही। इस दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधितों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आर्थिक उत्थान के लिए शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की भी समझाईश दी। तत्पश्चात् कलेक्टर डॉ. सिंह ने ग्राम कंचनुपर में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया और राशन विक्रेता से राशन सामग्री की उपलब्धता, वितरण, राशनकार्डधारकों की संख्या आदि की जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार प्रदान करने निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल का भी निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, पथरिया अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती प्रिया गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## पेयजल समस्या से निजात दिलाने, विधायक ने तत्काल बोर खनन करने का दिया आदेश



**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत पंडरीपानी के आश्रित ग्राम कोईलबहाल की महिलाएं पानी समस्या को लेकर अनुसुचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक किस्मत लाल नंद से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसकी गंभीरता के मद्देनजर विधायक नंद ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर समाधान के लिए कहा जिसके परिणामस्वरूप ग्राम कोईलबहाल के भोईडीह में स्वंय की उपस्थिति में पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए 24 घंटे के अंदर बोर खनन करवाया गया और विधायक नंद ने ग्रामवासियों के मांग पर भोईडीह में सामुदायिक भवन के लिए अपने विधायक मद से सामुदायिक भवन के लिए राशि की घोषणा भी की पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामवासियों का विधायक द्वारा तत्काल समाधान से महिलाएं हर्षित नजर आई जिसके लिए ग्रामवासियों ने विधायक नंद को धन्यवाद प्रकट कर आभार व्यक्त किया है इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ब्लॉक कांग्रेस छुईपाली अध्यक्ष बलराम भोई एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थिति रहें।

# कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने केशकाल पहुंचे निगम अध्यक्ष, संगठन के मुद्दों पर की चर्चा

पायनियर संवाददाता केशकाल
www.dailypioneer.com




केशकाल विधायक संतराम नेताम के निवास कार्यालय में बुधवार को प्रदेश बूथ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल एवं खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं केशकाल विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम की अध्यक्षता में बूथ, जोन एवं सेक्टर के कार्यकताओं के साथ बैठक आहूत की गई थी। इस बैठक में सर्वप्रथम झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेसी नेताओं को विनम्र श्रद्धांजलि दी गयी। ततपश्चात अतिथियों ने केशकाल, बडेराजपुर व फरसगांव ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकताओं से बातचीत करते हुए संगठन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए संगठनात्मक समस्याओं से रूबरू हुए।

**सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में हो रहा है प्रदेश का चौमुखी विकास- गिरीश देवांगन**

इस दौरान राज्य खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों तक भाजपा के शासनकाल में प्रदेश की जनता हलकान हो गयी थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे पूरे प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है। हालांकि कोरोना काल के कारण लगभग 2 वर्षों तक कार्य प्रभावित हुए इसके बाद भी हमारी सरकार ने अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है जिसमें बूथ, जोन और सेक्टर स्तर के कार्यकताओं का अहम योगदान रहा है। हमें इसी तरह कांग्रेस पार्टी की रीति-निति और विचारधारा के साथ काम करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भी पुणः पूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस की सरकार बनाना है, शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में कार्यकताओं की अहम भूमिका- संतराम नेताम विधायक संतराम नेताम ने कहा कि जिस प्रकार से आदरणीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी किसान, मजदूर, शासकीय कर्मचारी, व्यापारी और आम आदमी सभी को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं बना रहे हैं। और हमारे कांग्रेसी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों की बदौलत इन योजनाओं के ि यान्वयन से जनता लाभान्वित हो रही है। इसी का परिणाम है कि आज विपक्ष में बैठे भाजपा के नेताओं के पास विरोध करने के लोए कोई मुद्दा नही बचा है। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री जी केशकाल विधानसभा आने वाले हैं ऐसे में जो भी कार्यकर्ता संगठन से सम्बंधित मुद्दों पर बातचीत करना चाहता है हम उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री जी से जरूर करवाएंगे।

**ये रहे मौजूद**

इस दौरान मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रवि घोष, पीसीसी सचिव सगीर अमहद कुरैशी, धन्नूराम मरकाम, यूनुस पारेख, केशकाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नेताम, बडेराजपुर हीरालाल नेताम, धनोरा प्रवीण अग्निहोत्री, जिला पंचायत सदस्य सन्तोषी नेताम, नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान, जनपद उपाध्यक्ष गिरधारी सिन्हा, श्यामा साहू समेत ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# मनरेगा कर्मियों की दो सूत्रीय मांगों को लेकर 50वें दिन भी हड़ताल जारी

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ मनरेगा अधिकारी व कर्मचारी भाटापारा पिछले 50 दिनों से अपनी मांगो को लेकर हड़ताल में डटे हुए हैं। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन की विफल नीतियों के कारण सभी हड़ताली कर्मचारी भूपेश सरकार के वेतन वृद्धि की घोषणा को दरकिनार करते हुए अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार संघर्षरत हैं। संघ के इतिहास में सबसे ज्यादा दिन हड़ताल में व्यतीत हुआ हैं। यह शासन के मानसिकता को प्रदर्शित करता हैं कि अपने ही घोषणा को अमल कराने के लिए मनरेगा कर्मी हड़ताल करने पर मजबूर हैं। मनरेगा जैसी बहुउद्देशीय योजना में केंद्र से अपनी छवि को धूमिल कर रही छत्तीसगढ़ सरकार मनरेगा कर्मी की मांगो को आज तक पूरा नहीं कर पा रही हैं। प्रांतीय संघ प्रतिनिधियों द्वारा सरकार को अपनी मांगो को ध्यान दिलाने के लिए विभिन्न तरीकों से टीवी डिबेट, फेसबुक, ट्विटर पर अपनी मुद्दो को जन जन तक पहुंचा रहे हैं। भूपेश सरकार अपनी भेट मुलाकात के दौरान जनता से रूबरू हो रहे हैं किंतु अपने ही कर्मचारी को इस तरह उचित मांगो से वंचित करना जायज नहीं लगता। प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को आदेशित किया गया हैं कि जब तक इस दो सूत्रीय मांग को सरकार पूरा नहीं करती है तब तक हड़ताल में उपस्थित रहे। मनरेगा कर्मचारियों के 400 किमी की दांडी यात्रा की सफलता ने सरकार को 2 सूत्रीय मांगों पर विचार करने पर विवश तो कर ही दिया है जिसके पूर्ति के लिए सरकार जनपद स्तर पर कागजों में ही मनरेगा का काम चलाने पर विवश हो गई हैं।



# बंसल क्लासेस के बालको स्टडी सेंटर का भव्य शुभारंभ



**रायपुर।** कोटा राजस्थान की प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान बंसल क्लासेस के स्टडी सेंटर का भव्य शुभारंभ बालकोनगर में किया गया। मुख्य अतिथि श्री अभिजीत पति, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक बालको ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बंसल क्लासेस द्वारा छात्रों को आईआईटी-जेईई, एनईईटी, एनटीएसई एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करायी जाती है। बंसल क्लासेस के कोरबा सेंटर का संचालन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। सेंटर ने निरंतर कोरबा का सर्वश्रेष्ठ परिणाम, प्रतियोगी परीक्षाओं में ही नहीं अपितु बोर्ड परीक्षाओं में भी दिया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिजित पति ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के उत्तरोत्तर विकास में शिक्षित युवाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। युवाओं के भविष्य निर्माण में माता-पिता का किरदार महत्वपूर्ण होता है, वे चिंतन करें कि शिक्षित समाज और सुनहरे कल के निर्माण में उनका क्या योगदान है। उन्होंने कहा कि बालको प्रबंधन प्रयासरत है कि उच्चस्तरीय प्रतियोगी संस्थानों से बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट मार्गदर्शन मिल सके। हम अपने परियोजनाओं और कार्यों की मदद से कोरबा के आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ शैक्षणिक विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहा है। श्री पति ने कहा कि युवाओं के प्रतिभा प्रोत्साहन के लिए बालको प्रतिबद्ध है। कोटा से आए बंसल क्लासेस के गणित विभाग के प्रमुख रवि प्रताप सिंह एवं मानव संसाधन विभाग प्रमुख स्पर्श द्विवेदी के द्वारा छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। रवि प्रताप सिंह ने छात्र जीवन में समय के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि यदि छात्र उचित समय पर रणनीति के साथ धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयत्न करते हैं तो किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता अर्जित कर सकते हैं।

स्पर्श द्विवेदी ने बंसल क्लासेस के पितामह स्व. श्री. वी. के. बंसल के कथन 'सफलताओं का सीधा संबंध सुविधाओं और साधनों से नहीं होता, इसका संबंध साधना से होता ह' को इस कार्यक्रम के माध्यम से सारगर्भित किया।

# जियो स्टूडियो की प्रस्तुति 'अपहरण 2'- वूट सिलेक्ट ओरिजिनल, अब ऑल्ट बालाजी पर

**रायपुर।** अपने अनूठे अंदाज, ऐक्शन, मजेदार डायलॉग और यादगार किरदारों के लिये पूरी दुनिया में पसंद की गई वेब सीरीज 'अपहरण- सबका कटेगा', अपने दूसरे सीजन के साथ लौट आई है! इस बार थ्रिलर ड्रामा, हरिद्वार के घाटों से निकलकर साइबेरिया की बर्फीली पहाड़ियों पर पहुंच गया है। रुद्र श्रीवास्तव को ना चाहते विक्रम बहादुर शाह की तलाश में साइबेरिया जाना पड़ता है। विक्रम एक ऐसा दुश्मपन है, जिसका सामना रूद्र ने पहले कभी नहीं किया है। यह रुद्र की जिंदगी के लिये परीक्षा की घड़ी होगी और इस बात की कोई गारंटी नहीं कि वह जिंदा रहेगा या नहीं! जियो स्टूडियो की प्रस्तुति, वूट सिलेक्ट ओरिजिनल 'अपहरण 2' सीजन 2, को पहले वूट सिलेक्ट पर रिलीज किया गया था और इसे लोगों से बहुत पसंद किया था। अब इसे ऑल्ट बालाजी प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज किया जा रहा है। 'अपहरण 2' पूरी तरह से एक रोमांचक सफर की तरह है, जहां दर्शकों को अरुणोदय सिंह के रूप में रुद्र श्रीवास्तव, निधि सिंह के रूप में रंजना श्रीवास्तव, सत्यनाराण दूबे के रूप में सानंद वर्मा से मिलने का मौका मिलेगा। इस बार गिलौरी के रूप में एक और दिलचस्प किरदार शामिल हुआ है, जिसे स्नेहिल दीक्षित मेहरा ने निभाया है। वह रुद्र की बीवी और हमारे देसी माचो मैन की ट्रांसलेटर बनने का नाटक करती है। यह जांबाज खिलाड़ी अपने दायरे से बाहर निकलकर साइबेरिया की गलियों में कुछ गुंडों का सफाया करने आया है। इस शो का अंदाज काफी रेट्रो किस्म का है, जिसमें चीजों को दिलचस्प बनाए रखने के लिये 70 के दशक के कुछ बेहतरीन गानों को शामिल किया गया है।

## गौठान ग्राम राखी में श्री प्रसन्ना आर, सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा का भ्रमण

**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा के राखी गौठान में सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास का भ्रमण बुधवार को जिला बेमेतरा वि.खं.-साजा के गौठान ग्राम राखी का भ्रमण किया गया, भ्रमण दौरान गौठान ग्राम-राखी का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण दौरान महिला स्व-सहायता समूह द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर समूहों द्वारा किये जा रहे कार्यो वर्मी कम्पोष्ट उत्पादन, केला तना से रेशा निकालने, गोबर गैस संयत्र एवं दाल मिल का कार्य किया जा रहा है कि जानकारी से अवगत कराया गया एवं केला तना से रेशा निकालने एवं अन्य उत्पाद बनाने से होने वाले प्रतिमाह प्रति महिला सात हजार रूपये प्राप्त होने के संबंध में जानकारी दिया गया। निरीक्षण के दौरान महिला स्व-सहायता समूह से केला तना से रेशा निकालने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लिया गया साथ ही समूह के द्वारा रेशा से अन्य हेण्डलूम उत्पाद जैसे-चटाई, टोपी, बैग, पर्दा का अवलोकन कर उन्हे और अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़कर अन्य व्यवसायिक उत्पाद तैयार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

## पुलिस और राजस्व विभाग ने किया जनचौपाल का आयोजन

**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से सप्ताह में दो दिन जनचौपाल आयोजित करने के संबंध में निर्देश दिए गए थे। निर्देश के परिपालन में विगत दिनों मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार एवं संबंधित पुलिस के अधिकारी द्वारा ग्राम चीनू नवांगाव और टेमरी एवं छटन में जनचौपाल का आयोजन किया गया। मुंगेली अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार ने बताया कि जनचौपाल में राजस्व से संबंधित विभिन्न लंबित प्रकरणों का निराकरण कर संबंधितों को राहत पहुंचाई गई। इसी तरह पुलिस विभाग द्वारा ग्रामीणों को आर्थिक उत्थान के लिए उन्हें शराब, जुआ-सट्टा सहित अन्य अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी गई।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ0ग0)**

// ईश्तहार //

रा0प्र0क0 अ / 2 वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शशीबाई पति श्री विनोद चन्द्रवंशी निवासी ग्राम गंडईखुर्द तहसील बोड़ला जिला कबीरघाम के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि गण्डईखुर्द प.ह.नं. 14 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं 436/4 रकबा 0.016 हे. भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथि 13.06.2022 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 23.05.2022
पेशी दिनांक - 13.06.2022.

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व )बोड़ला

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**

रा.प्र.क. 202205160100035 अ-20(3) 2021-22

// ईश्तहार //

आम जनता को इस ईश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आवेदनकर्ता रामकृष्ण बैरागी पिता / पति नवकुमार बैरागी उम्र 50 वर्ष जाति रामकृष्ण बैरागी नमोशुद्र मो.नं.9425594755 निवासी किरंदुल को वर्ष 1997-98 में राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत नगरीय क्षेत्र किरंदुल पहन 07 रानिमं व तहसील बचेली जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा स्थित नजूल भूमि खसरा नंबर 1/25 रकबा 1:3430 हे भूमि में से प्राप्त 702 वर्गफिट भूमि के भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने संबंधी प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति के स्पष्ट कारणों को उल्लेख करते हुये स्वयं या अपने मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07-06- 2022 तक कार्यालयीन समय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है ।

नियत तिथि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति / अभ्यावेदन इस न्यायालय द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24.05.2022 को जारी किया जाता है ।

मुहर — नजूल अधिकारी, दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र. क्र. 202205090200054 अ-6 वर्ष 2021-2022

// राजस्व मामले में नोटिस //

1. श्री कलीराम पिता फिरतु 2. कु. प्रीति पिता धनीराम 3. नुना बाई पति धनीराम 4. संतोष पिता फिरतु 5. बेदबाई पिता फिरतु 6. रूखमणी पिता फिरतु

सभी निवासी ग्राम कटली, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का राजस्व प्रकरण क्रमांक 202205090200054 अ-6 वर्ष 2021-2022 पक्षकार संदीप कुमार रामटेके विरूद्ध कलीराम व अन्य 5 ग्राम मगरधोखरा तहसील छुरिया जिला राजनांदगांव में आवेदक संदीप कुमार रामटेके पिता महादेव रामटेके निवासी ग्राम धुपसाल तहसील छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम दिवानटोला पहन 11 तहसील छुरिया स्थित कृषि भूमि खाता क्रमांक 331 में दर्ज खसरा न ( रकबा) 208/18 ( 0.1740 हे.). 208/12 ( 0.1130 है) 208/13 (0.0400 है) अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अनावेदकगण से दिनांक 18-08-2021 को पंजीकृत बैनामा के माध्यम से उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में क्रय किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है. आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति पेश किया गया है। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30.05.2022 को समय प्रातः 11 बजे नियत है।

अतः आप निर्धारित तिथि व समय में न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर आपका पक्ष समाप्त कर नामांतरण की कार्यवाही किया जायेगा जिसके ज़िम्मेदार आप स्वयं होंगे।

आज दिनांक 13.05.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, छुरिया, जिला-राजनांदगांव

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **राजनवागांव** के समस्त आश्रित ग्राम **राजनवागांव** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम- राजनवागांव,**
**आवेदक का नाम- शहजादा खान,**
**हितग्राही का नाम- 1. शहजादा खान 2. ऐनुल खान 3. आलिया खान 4. अर्शिन खान,**
**आनलाईन आवेदन क्रमांक - 0705012214002931, 0705012214002933, 0705012214002934, 0705012214002936,**
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- मेवाती,**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 06/06/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20/05/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 20/05/2022
पेशी दिनांक - 06/06/2022

मुहर — नायब/तहसीलदार, बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**कार्यालय नायब/तहसीलदार बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम पंचायत- **राजनवागांव** के समस्त आश्रित ग्राम **राजनवागांव** को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शित कॉलम नम्बर-03 के आवेदकों द्वारा कॉलम नम्बर-04-06 के निम्नांकित हितग्राही/हितग्राहियों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पेश किया गया है:-

**ग्राम का नाम- राजनवागांव,**
**आवेदक का नाम- जावेद खान,**
**हितग्राही का नाम- जावेद खान,**
**आनलाईन आवेदन क्रमांक - 0705012114010490,**
**जिस जाति का प्रमाण पत्र जारी किया जाना है- मोमिन,**

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 12/05/2022 तक प्रमाणित दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक में दावा/आपत्ति प्रस्तुत न करने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 06/04/2022
पेशी दिनांक - 12/05/2022

मुहर — नायब/तहसीलदार, बोड़ला जिला कबीरधाम (छ.ग.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत धनगांव जनपद व जिला पंचायत राजनांदगांव**

दिनांक 17.05.2022

// निविदा सूचना प्रकाशन //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम पंचायत को 15 वें वित्त योजना से सौर ऊर्जा लाईट क्रय किए जाने हेतु प्रस्ताव पारित हुआ है।

इच्छुक सामग्री निविदाकर्ता/फर्मों से बंद लिफाफा में निविदा दरें आमंत्रित की जाती हैं।

01. निविदा जमा करने की तिथि : 26 मई 2022 व 27 मई 2022
02. निविदा खोलने की तिथि : 27 मई 2022
03. स्थान : ग्राम पंचायत भवन, धनगांव, वि.खं. राजनांदगांव

टीप : निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पटल पर कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।

श्री खोमलाल साहू, उपसरपंच, 7869852221
श्री कृष्णा लाल सिन्हा, सचिव, 7693818993
श्रीमति जाम बाई ठाकुर, सरपंच, 7869414902, ग्राम पंचायत धनगांव

**कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित हितग्राहियों को उनके समक्ष दर्शाए गए आवासीय भूखण्डों/भवनों **टाटीबंध, वीरसावरकर नगर हीरापुर, पं. दीनदयाल उपाध्या नगर डंगनिया, कबीर नगर, एवं जनता कॉलोनी गुढ़ियारी, रायपुर** में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, हितग्राहियों द्वारा निम्नलिखित आवासीय भूखण्डों/भवनों को फ्री होल्ड अधिकार में सपरिवर्तन हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेज, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | भवन / भूखण्ड क्र. |
|---|---|---|---|
| टाटीबंध रायपुर | | | |
| 1. | श्रीमती एस.वी.लक्ष्मी नायडु | स्व. श्री एम.एन.आर. नायडु | LIG-63 |
| वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर | | | |
| 2. | श्रीमती अनुराधा गुप्ता | श्री राजेन्दर गुप्ता | JR. MIG-1879 "C" |
| 3. | श्री संतोष चोपकर | स्व. श्री काशीरामजी चोपकर | JR. MIG-1879 "A" |
| 4. | श्रीमती योगिता वैष्णव | श्री चुरामणी वैष्णव | LIG-I/1079 SL- III |
| 5. | श्री विवेकानंद देशमुख | श्री कारू देशमुख | CH-II 114 SL - III |
| पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर डंगनिया रायपुर | | | |
| 6. | श्री रविकान्त जैन | श्री निर्मल कुमार जैन | SR. MIG-689 Sec -II |
| कबीर नगर रायपुर | | | |
| 7. | श्रीमती मौसमी कर | श्री हिमांशु शेखर कर | MIG(KBT)-133 PH-III |
| जनता कॉलोनी गुढ़ियारी रायपुर | | | |
| 8. | श्री तोटा सन्यास नायडु | स्व. श्री तोटा हनुमंत राव | LIG- 85 |
| 9. | श्री सी. के. सोमनाथा पनिकर | श्री पी. कुंजु पनिकर | LIG- 201 |
| 10. | श्री रविन्द्र प्रसाद | स्व. श्री मौजी सिंह | LIG- 848 |
| 11. | श्री हीरा प्रसाद गुप्ता | स्व. श्री किशुन राम | LIG- 844 |
| 12. | श्री ज्ञानीराम वाल्दे | स्व. श्री केशवराम वाल्दे | JANTA-592 |
| 13. | सुश्री मिली बिश्वास | स्व. श्री जे.पी. बिश्वास | JANTA-58 |
| 14. | श्री के जयलक्ष्मी | श्री के. उपेन्द्र राय | JANTA-376 |
| 15. | मुस्ताक अहमद आजमी | स्व. नीजामुद्दीन अन्सारी | JANTA-739 |

मकान नहीं घर बनाते हैं पीढ़ी से पीढ़ियों का रिश्ता बुनते हैं।

संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, रायपुर

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT**
**Office of the Chief Engineer**
**Mahanadi Project Water Resources Department Raipur**

NATIONAL OPEN COMPETITIVE PROCUREMENT
(Two-Envelope Bidding Process with e-Procurement)
e-PROCUREMENT REQUEST FOR BIDS
e-Procurement Portal: (https://eprocure.gov.in/eprocure/app)

**(First Call)**

TENER ID No. 2022_WRCWB_689850/RFB No. 02/SAC/2022-23/EM/Rudri/Drip-II DATED 19/05/2022

Online Tender are invited for the following works up to 27.06.2022 at 15:00 Hrs. (IST)

Name of work : Lighting Arrangement Of Dam Top, Right & Left Guide Bund, Garden, Gallery, Supply Installation Testing & Commissioning Of LED Street Light Fixture, Pole, Cable, AB Cable, Sky Lift(Sky Man) / Light Elevator, 1 No, 250 KVA 11/0.43KV New Sub Station, Alternative Electric Power Supply System (125 &160 KVA DG Set), Repair And Fencing Of 1600 KVA 33/11KV& 500 KVA 11/0.43 KV Sub Station With Re-Internal- Electrification Of Residential Quarter Of Rsp Gangrel Colony.

**Probable Amount of Contract: - Rs. 322.66 Lakhs**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of India Integrated e-Procurement Portal **(https://eprocure.gov.in/eprocure/app) from Date 26.05.2022, at15:00 Hours.(IST)** onwards.

**NOTE:** All eligible/interested bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (https://eprocure.gov.in/eprocure/app) in order to download the tender document and participate in the subsequent bidding process.. Bidders from India should however be registered with the Government of Chhattisgarh or other State Government/ Government of India or State/Central Government Undertaking. Bidders from India. Who are not registered as above on the date of bidding can also participate provide they get themselves Registration in appropriate class by the time of contract singing. If they become successful bidders.

G-91467/6

Executive Engineer,
E&M H.E.M.M. Division Rudri
for Chief Engineer
Mahanadi Project Water Resources
Department Raipur

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

कार्यालय पता :- न्यू बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) फोन नं. 07744469714 E-mail-emzonerjn@gmail.com

क्र./806/सं.अधि./21 राजनांदगांव/दिनांक : 24/05/2022

-: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, राजनांदगांव द्वारा सामान्य आवास योजना के तहत लखोली, राजनांदगांव में निर्मित भवन क्र. एच.आई.जी. बी/2 श्रीमती रत्नी जैन पति स्व. धरमचंद जैन को आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 01.07.2015 तथा इस कार्यालय के विक्रय अनुमति पत्र कमांक 1353 दिनांक 17.08.2021 के पश्चात् उक्त भवन को दिनांक 26.11.2021 को पंजीयन कार्यालय से श्रीमती नविता अग्रवाल पति श्री श्री राम अग्रवाल को विक्रय कर पंजीकृत किया गया है। श्रीमती नविता अग्रवाल द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 09.12.2021 को आवेदन प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु अनुरोध किया गया है ।

अतः आवेदिका के नाम पर नामांतरण की कार्यवाही से किसी व्यक्ति परिवार के सदस्य, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, वित्तीय संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा / आपत्ति कर सकता है, अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के के बाद में कोई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण / हस्तांतरण की कार्यवाही की जायेगी ।

मुहर — संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा, तहसील धमधा, जिला दुर्ग**

// उद्घोषणा //

रा. प्र. क्र./ 202202102800080/ ब-121/वर्ष 2021-22

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ........ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग से प्राप्त ज्ञापन क्रमांक/179/अ.वि.अ./वाचक-1/2022 धमधा दिनांक 28.01.2022 के अनुसार आवेदक श्री आशुतोष डड़सेना प्र. उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दुर्ग के द्वारा मौजा नंदौरी प.ह.नं. 61 रा.नि.मं. मुरमुंदा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 267/1 रकबा 1.00 हे. को ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि योजनांतर्गत गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण हेतु आबंटन किये जाने के संबंध में जांच प्रतिवेदन बाबत् आवेदन इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 30.05.2022 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.05.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 11.05.2022
पेशी दिनांक 30.05.2022

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

-: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित व्यवसायिक भूखण्ड योजना के अंतर्गत, निर्मित में से दुकान क्रमांक **09-डी** में **श्रीमती सुनीता अग्रवाल पति श्री किशोर अग्रवाल** को भाड़ाक्रय/स्ववित्तीय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06.08.2015 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 10.03.2022 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त दुकान **श्रीमती संजय सिंघानिया पति श्री चन्द्र कमल सिंघानिया** को विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर — सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, कबीर नगर रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**

सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

-: आम सूचना :-

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अंतर्गत, भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-73/865 भूतल में श्रीमती कुसुम खड़ेकार पति स्व. श्री बालकृष्ण खड़ेकार** को स्ववित्तीय/एकमुश्त आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06.04.2010 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 07.05.2022 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर फ्लैट/भवन **श्रीमती संगीता देवांगन पति श्री रमेश देवांगन** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर — सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, कबीर नगर रायपुर

# फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड से होगा मौत का खुलासा

## संदिग्ध अवस्था में घर में मिली थी युवा प्रोफेसर की लाश

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के जेन्टस क्लब मैदान के समीप एक चाल में निवासरत एक प्रोफेसर की संदिग्ध लाश मिलने से नगरभर में सनसनी फैल गई है। 23 मई को देर शाम पुलिस को सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने पंचनामा कर लाश पीएम के लिए भेज दिया है। घटना की संदिग्धता के मद्देनजर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लेते हुए डॉग स्क्वॉयड एवं फोरेंसिक टीम को भी तलब किया है।

पुलिस ने मीडिया को आधिकारिक जानकारी में बताया कि मर्ग एक प्रोफेसर की अज्ञात कारणों से मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस की टीम व स्वास्थ्य विभाग टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक मृतक के घर का दरवाजा खुला हुआ था। प्रोफेसर का सिर कूलर में टिका हुआ था, तथा लाश के आसपास खून के थक्के नजर आए हैं।

पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम कूलर के करेंट से प्रोफेसर की मौत का अंदाजा लगा रही है। लाश के दुर्गंध मुताबिक लाश को 2 या 3 दिन पूर्व की लाश बताई जा रही है। बहरहाल पुलिस मर्ग क्र 44/2022 धारा 174 जाफौ के तहत मर्ग कायम कर विवेचना मां लेते हुए पंचनामा कर लाश पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं डॉग स्क्रॉयड व फोरेंसिक टीम को तलब किये जाने की खबर है।



**एकाकी जीवन जी रहे थे प्रोफेसर :** पुलिस की माने तो प्रोफेसर का नाम एस कुमार गौर, लगभग 42 वर्ष है। वे मूलतः बिटाल दल्लीराजहरा के निवासी बताए जाते हैं। मृतक छुरिया कालेज में सेवारत थे। वे डोंगरगांव नगर में किराए के मकान में निवासरत थे। उनकी पत्नी की कुछ वर्ष पूर्व मौत की खबर है। वहीं उनका एक 12 वर्ष का बेटा बाहर में रहकर अध्ययनरत है।

**रिश्तेदार के आने से मौत का खुलासा :** सूत्रों की माने तो मृतक प्रोफेसर का साला अपने जीजा के घर पहुंचा, तब प्रोफेसर की मौत की जानकारी हो सकी है। मृतक का साला अपने जीजा को लगातार 2 दिनों से कॉल कर रहे था, प्रोफेसर द्वारा कॉल रिसीव नही करने पर साला अपने जीजा के घर पहुंचा तो माजरा अलग ही था। बहरहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

## पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर भाजपा का विलाप महज नौटंकी : मदन साहू

**राजनांदगांव।** पिछड़ा वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण दिए जाने के मसले पर भाजपा के बयानों और प्रदर्शनों को कांग्रेस नेता मदन साहू ने नौटंकी करार दिया है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 से 27 प्रतिशत किए जाने को लेकर कांग्रेस की नीयत साफ है। मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल तो इस संबंध में घोषणा भी कर चुके हैं। जो भाजपा आज भूपेश सरकार पर सवाल उठा रही वे ही बताए कि क्यूं 15 सालों तक सत्ता में रहते हुए वे पिछड़ा वर्ग का आरक्षण बढ़ाने की घोषणा नहीं कर पाए। श्री साहू ने कहा कि, 15 अगस्त 2019 को मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी ने पिछड़ा वर्ग का आरक्षण 14 से 27 फीसदी किए जाने की घोषणा की थी। लेकिन यह मामला कोर्ट में चला गया और इस घोषणा पर रोक लगा दी गई। जाहिर है कि पिछड़ा वर्ग के उत्थान और अधिकार के लिए छत्तीसगढ़ की सरकार प्रतिबद्ध है। जबकि भाजपा के साथ ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि, डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में 15 साल भाजपा ने प्रदेश की बागडोर संभाली। इन पंद्रह वर्षों में सभी वर्गों का दोहन ही किया गया। कीमती पंद्रह वर्ष भाजपा ने यूं ही गंवा दिए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार उन 15 वर्षों में छत्तीसगढ़ की खोई अस्मिता को लौटाने पूरी तरह समर्पित होकर काम कर रही है। भाजपाईयों के पास सवाल पूछने का न ही अधिकार रह गया है और न कारण। श्री साहू ने कहा कि, तीन वर्षों के ही कार्यकाल में भूपेश सरकार आम लोगों के बीच विकास, विश्वास और न्याय का चेहरा बन गई है। भाजपाई इससे तिलमिलाए हुए हैं। वे अपनी ही भेदभावपूर्ण नीति का खुलासा कर रहे हैं। पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर आरएसएस के मोहन भागतव सहित भाजपा के कई नेताओं की कथनी पूरे देश ने सुनी है।

# एसडीओ दीवान गिरफ्तार और मुचलके पर रिहा, परिजनों ने हिट एंड रन का मामला दर्ज करने की मांग की

## 23 मई को हुई सड़क दुर्घटना में 24 वर्षीय युवक की मौत हुई थी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सड़क दुर्घटना के आरोपी लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पदमन सिंह दीवान को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दीवान को मुचलके पर जमानत मिल गई है। 23 मई को पदमन सिंह दीवान ने लापरवाह तरीके से वाहन चलाते हुए एक 24 वर्षीय युवक को अपनी चपेट में लिया था। इस हादसे में बल्देव बाग निवासी यश चौथवानी (24) की मौत हो गई थी।



दुर्घटना के बाद मृतक युवक के पिता अनिल चौथवानी ने कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी। यह हादसा नेशनल हाईवे पर मौजूद अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास हुआ था। मृतक पारीनाला दरगाह से माथा टेककर घर लौट रहा था जब ये हादसा हुआ। आरोपी पदमन सिंह दीवान काफी तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। उसने मोपेड सवार यश को पीछे से ठोकर मारी और एक ट्रेक्टर शो रुम में खड़े ट्रेक्टर के पीछे गाड़ी भिड़ा दी। इस घटना का विडियो भी सामने आया था जिसमें आरोपी की गाड़ी काफी तेजी से भिड़ती दिख रही है।

मंगलवार को घटना के पहले के कुछ और फुटेज सोशल मीडिया पर सामने आए थे। इसमें एसडीओपदमन सिंह दीवान गाड़ी चलाते हुए ठाकुर टोला स्थित टोल पार करते हुए नज़र आ रहा था। वहीं विभाग के वाहन चालक ने भी पुलिस को बयान दिया था। चालक ने बताया था कि घटना के दौरान दीवान ही गाड़ी चला रहा था। जानकारी के अनुसार मंगलवार की देर शाम तक ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था।

**परिजनों ने लगाए हैं गंभीर आरोप :** बताया जा रहा है कि घटना के बाद मौके पर पहुंची डायल 112 गंभीर रुप से घायल यश की बजाए आरोपी को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने यश को तड़पता हुआ मरने के लिए छोड़ दियाऔर आरोपी को उपचार के लिए ले गई। मृतक के पिता अनिल चौथवानी ने इस मामले में हिट एंड रन का मामला दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर कुछ पुलिस वालों ने भी दीवान की मदद की।

## वैट कम करें सीएम भूपेश : आशीष जैन



**राजनांदगांव।** भाजयुमो दक्षिण मंडल के महामंत्री आशीष जैन ने केंद्र सरकार की सराहना करते कहा कि पेट्रोल में 9.50 रुपए, डीजल में 7 रुपए और घरेलू गैस में 200 रुपए की जो कटौती की है, उससे जनता को काफी राहत मिली है। उसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार को भी वैट कम करना चाहिए, जिससे जनता को और राहत मिले, लेकिन भूपेश बघेल की सरकार इसमें अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है जो कि निराशाजनक है। जारी विज्ञप्ति में कहा आशीष ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार को जल्द ही अपने मंत्रियों के साथ बैठक कर वैट कम करके राहत देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल को जनता की कोई फिक्र नहीं है। जल्द से जल्द बघेल द्वारा वैट कम नहीं किया गया तो भाजयुमो द्वारा बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा, इसकी जिम्मेदारी प्रदेश में बैठी कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार की होगी।

# मशीन में फंसी, दर्दनाक मौत, शरीर के दो टुकड़े हो गए

■ शहर के पोहा मिल में हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



एक हादसे में दिहाड़ी महिला मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बसंतपुर स्थित स्थित पोहा मिल में बुधवार को हुआ। यहां महिला मजदूर की मशीन में फंसने से मौत हो गई। चलती मशीन की चपेट में आने से महिला के शरीर के दो टुकड़े हो गए। हादसे के बाद मजदूरों में पोहा मिल संचालक के खिलाफ आक्रोश है। वहीं परिजनों ने संचालक को पूरे मामले के लिए दोषी ठहराया है।

मिली जानकारी के अनुसार पोहा मिल में रोज की तरह मोहारा बस्ती की रहने वाली अनूपा यादव मशीन के समीप काम कर रही थी। सुबह लगभग 11 बजे महिला जिस मशीन में काम कर रही थी उसमें लगा पट्टा उतर गया। पट्टे को चढ़ाने जाने के दौरान बगल में चल रही दूसरी मशीन से महिला के साड़ी का पल्लू फंस गया। हादसे के वक्त प्रत्यक्षदर्शी रहे अन्य मजदूरों का कहना है कि चलती मशीन में ही पट्टा लगाया जाता है। पट्टा लगाने जाते वक्त दूसरी मशीन से साड़ी का एक हिस्सा फंस और वह सीधे मशीन में जा टकराई।

तेज रफ्तार में चल रही मशीन ने महिला के शरीर के दो टुकड़े कर दिए। बताया जाता है कि लगभग 15 साल पहले 2007 को भी उक्त पोहा मिल के एक मजदूर की हादसे में जान चली गई थी। मृतिका के तीन बच्चे हैं। घटना के बाद बसंतपुर पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच के बीच मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को ठोका, एक की मौत दूसरा घायल

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के नजदीकी ग्राम कालेगोंदी में सोमवार की रात्रि करीब साढ़े 9 बजे अज्ञात वाहन ने बाईक सवार दो व्यक्तियों को ठोकर मार दी और फरार हो गया। घटना में एक व्यक्ति की हॉस्पिटल पहुंचने से पहले मौत हो गई जबकि दूसरा घायल है। गंडई पुलिस ने अज्ञात वाहन के खि़लाफ़ आईपीसी की धारा 279, 337, और 304(ए) मामला दर्ज किया है।

गंडई पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक गोड़मर्रा थाना परपोड़ी निवासी है। मृतक का नाम परस (57) वर्ष है।जबकि घायल राजकमल (32) है। दोनों एक ही गांव के निवासी है। मृतक पेशे से शिक्षक हैंजो किसी काम के सिलसिले में गंडई आये हुए थे।वे काम निपटा कर घर जा रहे थे कि रात्रि करीब साढ़े 9 बजे गंडई-धमधा मार्ग पर कालेगोंदी के पास अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। घायलों को 112 वाहन की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई लाया गया। परस कोसरे की हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी। जबकि दूसरे युवक को मामूली चोटें आयी है। उसका प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

> मृतक के सिर के पीछे भाग में गहरी चोट लगी थी।हॉस्पिटल पहुंचने से पहले मौत हो चुकी थी जबकि दूसरे युवक के बाएं हाथ में मामूली खरोंच आई थी। पीएम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।
>
> **-डॉ. चंद्रकांत उवार्शा,**
> सीएससी गंडई

# झीरम के शहीदों को कांग्रेसजनों ने किया नमन

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com



ब्लाक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 9 वर्ष पूर्व झीरम घाटी नक्सल हमले में शहीद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, बस्तर टाइगर तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, पूर्व विधायक उदय मुदलियार, कांग्रेस कार्यकर्ता अल्ला नूर भिंडसरा सहित समस्त शहीद कांग्रेस नेताओं, सुरक्षाकर्मियों को संगोष्ठी आयोजित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस दौरान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जनों ने कहा कि झीरम हमले में शहीद कांग्रेस नेताओं ने संगठन के मजबूती की मजबूती के लिए जो कार्य किए हैं, उसी का परिणाम है कि आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्तासीन हुई है। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके योगदानो को कभी भुला नही पाएंगे। इस दौरान ब्लाक शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम, संध्या देशपांडे, नलिनी मेश्राम, संजय श्रीवास्तव, अनिल मेश्राम, माधोलाल देवदास, रिम्मी भाटिया, जितेंद्र भाटिया, रमेश लिल्हारे, रूपचंद खोब्रागढ़े, ममता शिंदे, रेखा खोब्रागढ़े, संजय यादव, धन्ना गणवीर, नरेश करसे, बलदेव यादव, गणेश साहू, दुलीचंद बडोले, साबिर भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र को मिली एंबुलेंस, दूर होगी मरीजों की परेशानी



**छुरिया।**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया को सांसद निधि से एंबुलेंस मिली है। बुधवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने पूजा-अर्चना बाद एंबुलेंस स्वास्थ्य केंद्र के हवाले कर दी। गौरतलब है कि यहां बीते कई वर्षों से एंबुलेंस की मांग की जा रही थी। इसे लेकर सांसद संतोष पांडे ने पहल की। उन्होंने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय से एंबुलेंस को रवाना किया था। सांसद निधि से प्राप्त एम्बुलेंस से स्थानीय व आस पास के ग्रामीणों को इसकी सुविधा मिलेगी। एम्बुलेंस के पहुंचते ही भाजपा नेताओं ने अस्पताल पहुंच कर एम्बुलेंस की पूजा अर्चना कर अस्पताल प्रबंधन को एम्बुलेंस की चाबी सौंपी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की दर्दनाक मौत, दो की हालत गंभीर

■ गंडई - कवर्धा मुख्य मार्ग पर हुआ हादसा

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



मंगलवार की शाम तकरीबन साढ़े 5 बजे गंडई - कवर्धा मुख्य मार्ग पर गंडई के सुरही नदी (रपटा) के पास बाईक सवार तीन युवकों को सीमेंट पाईप से लोड तेज रफ्तार टाटा वाहन (सीजी08 बी2600) ने अपनी चपेट में ले लिया। सभी घायलों को गंडई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। ईलाज के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया जबकि दो अन्य युवक गम्भीर रूप से घायल हैं।

घायल युवकों की गम्भीरता को देखते हुए डॉक्टर ने रेफ़र कर दिया। एक युवक की स्थिति अभी भी नाजुक बताई जा रही है। मृतक का नाम सुनील (18) साकिन बेन्दरची जिला बेमेतरा है।जबकि घायल युवकों में मोहन मिर्चे (21) व राम खेलावन मिर्चे (17) हैं। दोनों एक ही गांव बेलगांव जिला खैरागढ़ के निवासी हैं। घायल रामखेलावन के कमर में चोटआई है। जिसकी वजह से उसकी स्थिति नाज़ुक बनी हुई है। जबकि मोहन के पैर में चोट लगी है जो फिलहाल खतरे से बाहर है।

### विधायक के काफिले से मिली मदद

जानकारी अनुसार जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त क्षेत्र की विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा और जनपद सदस्य गुलशन तिवारी उसी रास्ते से गुजर रहे थे। उन्होंने तत्काल गाड़ी रोक कर जनपद सदस्य गुलशन तिवारी की गाड़ी में घायल तीनों युवकों को हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉ. पंचारी व डॉ. सोनी के अथक प्रयास के बावजूद एक युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद से परिजनों ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चला रहे ड्राइवर पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। गंडई पुलिस ने घटना को विवेचना में लेते हुए आईपीसी की धारा 279, 337 और 304 (ए) कायम की है।

## अधिकारियों, ठेकेदार कंपनी के कर्मियों की मौजूदगी में हुआ समझौता, सड़क की गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

# एडीबी के सड़क निर्माण से ग्रामीण परेशान, नाली निर्माण न होने पर रोकी गाड़ियां

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत उदान के आश्रित ग्राम तेंदुभाठा में मंगलवार को ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। एडीबी के प्रोजेक्ट के तहत बन रही सड़क किनारे नाली निर्माण न किए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। इसके ही चलते उन्होंने मंगलवार को सड़क बना रही एनसी नाहर कंस्ट्रक्शन कंपनी के वाहनों को खड़ा करवा दिया।

उनका कहना था कि सड़क निर्माण के दौरान नाली का निर्माण नही कराया गया है। पिछले साल भी बरसात का पूरा पानी ग्रामीणों के घरों, स्कूलऔर मंदिरों में घुस आया था। घर जल मग्न हो गए थे। ठेकेदार के प्रतिनिधि को कई बार समस्या से अवगत कराते हुए चर्चा की गई लेकिन वे सिर्फ आश्वासन देकर ही चले जाते थे। मानसून आने में सिर्फ 15 से 20 दिनो ही शेष बचे हुए हैं।ऐसे में सभी ग्रामीणों ने एकमत होकर चक्काजाम करने का फैसला लिया और सूचना छुईखदान थाना और जिला कलेक्टर को सूचनार्थ प्रेषित किया।

ज्ञात हो कि छग राज्य सड़क क्षेत्र परियोजना(एडीबी) द्वारा छुईखदान-उदयपुर-दनिया तक सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है।जिसकी लंबाई 26.96 लगभग 27 किलोमीटर और लागत 74 करोड़ 96 लाख रुपये है। इस कार्य का जिम्मा ठेकेदार मेसर्स एनसी नाहर को मिला है। लेकिन निर्माण कार्यो की लापरवाही और सही समय मे उचित व्यवस्था नहीं होने के चलते आज स्थिति चरमराई हुई है।



ग्रामीणों के प्रदर्शन की सूचना मिलने पर क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार यहां पहुंचे थे। जिले भर के तमाम संबंधित अधिकारी मंगलवार होने के कारण जिला कार्यालय में टीएल की बैठक में व्यस्त थे।दो घंटे बाद ठेकेदार के इंजीनियर को बुलाया गया। समाधान न निकलने पर गांव के ही बरगद पेड़ के नीचे कुर्सी और चटाई लगाकर ग्रामीण धरने में बैठे रहे।

### इंतजार करते बैठे रहे ग्रामीण

अधिकारियों का इंतजार करते करते लगभग 3 बज गए।उसी दरमियान ठेकेदार के प्रोजेक्ट मैनेजर सीएम पाठक,विभाग और ठेकेदार के बीच के कंसाइडर रेसिडेंट इंजीनियर डी बद्रीनाथ,फील्ड इंजीनियर बी भूषण नायक भी पहुँचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दो दिन बाद नाली निर्माण का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। सरपंच सहित ग्रामीणों ने एक मीटर नाली निर्माण कराने ठेकेदार के मैनेजर को दिया पत्र,तहसीलदार से निवेदन भी किया। ग्रामीणों ने दो दिन बाद नाली निर्माण कार्य प्रारंभ नही करने पर जिला मुख्यालय के हाईवे में अपनी मांगो को लेकर चक्काजाम किए जाने की बात कही है।

### निर्माण से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

सड़क निर्माण के दौरान पेयजल का पाइपलाइन पाईप क्षतिग्रस्त हो गया है।ग्रामीणों को कई दिनों से पानी पर्याप्त मात्रा में नही मिल पा रहा है।गाँव के सरकारी बोर और निजी बोर से ग्रामीण अपना प्यास बुझाने मजबूर हो रहे है। इतने भयंकर गर्मी में जहाँ पारा 44 के पार जा चुका है, ऐसे स्थिति में ग्रामीणों को पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

> स्टीमेट के आधार पर कार्य चल रहा था। 600सेन्टीमीटर चौड़ाई का नाली निर्माण किया जाना था, ग्रामीणों द्वारा 1000हजार सेन्टीमीटर याने एक मीटर का निर्माण किए जाने की मांग की गई है।इसके लिए ग्रामीणों के बीच समझौता कराने मेरे आरईओ गए थे। दो दिन का समय दिया गया है।जल्द ही ड्राइंग, इस्टीमेट तैयार कर उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा, स्वीकृति प्रश्चात निर्माण कराया जाएगा।
>
> **-आगम दास बंजारा, एसडीओ (एडीबी ),** परियोजना राजनांदगांव

# शहर में ठप पड़े विकास कार्यों के विरोध में भाजपा ने दिया धरना, महापौर को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



नगर में ठप पड़े विकास कार्य और स्मार्ट सिटी के पैसे का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के नेतृत्व में नेहरू चौक में धरना देकर महापौर को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नगर निगम की कांग्रेस सरकार के खिलाफ अब लामबंद हो गई है। लगातार भाजपा के जनप्रतिनिधि नगर निगम के महापौर से शहर में विकास कार्यों को गति देने की मांग कर रहे थे लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं होते देख आखिरकार भाजपा के द्वारा आंदोलन का सहारा लेना पड़ा इसी कड़ी में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी बिलासपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय बिलासपुर विकास भवन का घेराव कर दिया।

इससे पहले नेहरू चौक में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने नगर निगम बिलासपुर और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि पिछले साढे 3 सालों में बिलासपुर में सभी विकास कार्य ठप पड़ गए हैं तो वहीं भाजपा शासनकाल में विकास की बयार बहती थी। यही नहीं बिलासपुर नगर निगम अपना काम छोड़कर केवल बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में आ रही राशि के काम का ही विकास कार्य करा रही है तो वहीं इसका दुरुपयोग की कर रही है उनका कहना था कि केवल रंगाई पुताई के नाम पर स्मार्ट सिटी के माध्यम से करोड़ों रुपए के टेंडर जारी किए गए जबकि इनका उपयोग और किया जा सकता था यही नहीं पैसे के बावजूद स्मार्ट सिटी के द्वारा काम नहीं कराये जाने पर भी भाजपा ने तीखा विरोध जाहिर किया। धरना प्रदर्शन के बाद पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल और उनके समर्थक महापौर के चेंबर में पहुंचे।

जहां उन्होंने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वे भी नगरीय प्रशासन मंत्री रह चुके हैं और उन्हें पता है कि नगर निगम की सरकार कैसे चलाई जा सकती है। उनके रहते कभी फंड की कमी नहीं थी जबकि अभी नगर निगम के पास भारी आर्थिक समस्या है उन्होंने महापौर से कहा कि नगर निगम के अंतर्गत सफाई व्यवस्था पूरी चौपट है तो वहीं अन्य विकास कार्य भी ठप पड़े हैं जो उचित नहीं है इसके अलावा उन्होंने लखीराम ऑडिटोरियम में चल रहे दुकानों के संबंध में भी महापौर से विरोध जताया ।उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर इन मांगों पर गौर नहीं किया गया तो भाजपा और उग्र आंदोलन कर कर इन सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने आगे आएगी।

पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने महापौर रामचरण यादव को कहा कि वह शहर में अशांति नहीं चाहते क्योंकि शहर उनका भी है लेकिन विकास भी शहर में जरूरी है अगर नगर निगम की मौजूदा सरकार विकास कार्यों के लिए पैसे लाने में सक्षम नहीं है तो वह उन्हें कहे वह आंदोलन के माध्यम से यहां राशि उपलब्ध कराकर विकास कार्यों को गति प्रदान करने में सहयोग करेगी लगातार शिकायतों के बाद भी विकास कार्य ना होना कहीं ना कहीं राज्य सरकार की विफलता को दर्शाता है क्योंकि अभी छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव को केवल डेढ़ साल का वक्त बचा है ऐसे में अब भाजपा भी पूरी तरह से सक्रिय हो गई है और विपक्ष की भूमिका निभा रही है विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा लगातार आंदोलन कर रही है ऐसे में उम्मीद है कि आने वाला समय कांग्रेस की सरकार के लिए मुश्किलों भरा साबित होने वाला है क्योंकि भाजपा जनता से जुड़े मुद्दे उठा रही हैं तो वहीं अभी शहर में समस्याओं का अंबार है ऐसे में अगर भाजपा इन मुद्दों को जनता तक सही तरीके से पहुंचाने में कामयाब रहती है तो निश्चित ही चुनाव में इसका असर देखा जा सकता है क्योंकि कुछ यही स्थिति पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की भी थी।

## झीरम के शहीदों और साहित्यकार श्रीकांत वर्मा को पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा स्व विद्याचरण शुक्ला, स्व नन्द कुमार पटेल, स्व महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, दीपक पटेल सहित झीरम नक्सली हमले में शहीद 32 कांग्रेस नेताओं को और पूर्व सांसद स्व श्रीकांत वर्मा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन मे श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि झीरम घाटी नक्सली हमला बर्बरता ,अमानवीय और नृशंस हत्या ,की पराकाष्ठा है, जिसमे कांग्रेस पार्टी ने अपने शीर्ष नेतृत्व को खो दिया ,उससे भी ज्यादा अमानवीय कृत्य जांच को को बाधित करने वाले कर रहे है । ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि परिवर्तन यात्रा में पर्याप्त सुरक्षा नही देना ,घटना के बाद भी देरी फ़ोर्स का आना, पांच किलोमीटर की दूरी पर पुलिस चौकी होना ,उसके बाद भी 200 से अधिक संख्या में नक्सलियों का होना और पुलिस को जानकारी नही होना सन्देह के दायरे में है ,9 वर्ष बाद भी आधे अधूरी जांच रिपोर्ट देना, किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है, महापौर रामशरण यादव ने कहा कि बिलासपुर का नाम साहित्यिक और राजनीतिक मानचित्र पर अंकित कराने वाले का नाम है श्रीकांत वर्मा। जिन्होंने साहित्य साधना और पत्रकारिता के रास्ते कांग्रेस को राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका अदा की ,उन्होंने कालजयी नारा दिए , गरीबी हटाओ, जात पर न पात पर मुहर लगेगी हाथ पर आदि आदि । स्व श्रीकांत वर्मा ने इस शहर को कस्बाई स्वरूप से महानगर में तब्दील करने के लिए शहर विकास के लिए अनेक योजनाओ को भौतिक स्वरूप प्रदान किये , सैय्यद ज़फ़र अली ,एसएल रात्रे, अजय श्रीवास्तव ने कहा कि विद्याचरण शुक्ल, नन्द कुमार पटेल ,महेंद्र कर्मा छत्तीसगढ़ कांग्रेस के आधार स्तम्भ थे ,जो परिवर्तन यात्रा से जनजागरण कर सरकार की विफलता को जन जन तक पहुचाने के लिए निकले थे ,किन्तु नक्सली हमले से कांग्रेस के 32 नेता शहीद हो गए ,जो कांग्रेस के मनोबल को तोड़ने वाला था , कांग्रेसी डरे नही ,रुके नही और हौसले के साथ आगे बढे ,और उनकी शहादत ने कांग्रेस को नई ऊर्जा के साथ शक्ति प्रदान की । कांग्रेस भवन के बाद कांग्रेसजन स्व श्रीकांत वर्मा जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिए, कार्यक्रम में शामिल होने के लिए स्व श्रीकांत वर्मा जी की पुत्रबधू श्रीमती एंकाअभिषेक वर्मा विशेष रूप से दिल्ली से आई थी। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, महापौर रामशरण यादव, प्रदेश सचिव आशीष सिंह ,अजय श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, पूर्व शहर अध्यक्ष नरेंद्र बोलर, ज़फ़र अली, हरीश तिवारी, राकेश शर्मा, ऋषि पांडेय, सुभाष ठाकुर, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप, माधव ओतलवार,जिग्नेश जैन, एसएल रात्रे, ब्रजेश साहू,राजेश शुक्ला, सीमा घृतेश, डॉ बद्री जायसवाल, कृष्ण कुमार यादव, विनोद साहू, सावित्री सोनी, अन्नपूर्णा यादव, त्रिवेणी भोई,राजेन्द्र वर्मा, अरविंद शुक्ल, जावेद मेमन, अनिल पांडेय, दीपक रायचेलवार, शहज़ादा खान, करम गोरख, मोह अयूब, हरमेंद्र शुक्ला, अजय साहू, लक्ष्मी जांगड़े, भरत जुर्यनी, आशा पांडेय, मनोज शर्मा, मोहन जायसवाल, गोवेर्धन श्रीवास्तव, देवेंद्र मिश्रा आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने किया बालगृह का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



छ.ग राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग की अध्यक्ष एवं सदस्यों के द्वारा संस्था हेल्प एण्ड हेल्प्स समिति बालगृह बालक जांजगीर का निरीक्षण कर संस्था के गतिविधियों एवं पंजियों का अवलोकन किया गया। अध्यक्ष एवं सदस्यों ने संस्था में संरक्षण प्राप्त समस्त बालको से चर्चा की। इसके पश्चात् बाल कल्याण समिति जांजगीर का निरीक्षण एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/ सदस्यों से प्रकरणों एवं प्रकरणों के निराकरण में आने वाली समस्याओं के संबंध में चर्चा किया गया। संस्था के निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष तेज कुंवर नेताम एवं सदस्यगण पुष्पा पाटले, आशा संतोष यादव, अगस्टीन बर्नार्ड, सोनल कुमार गुप्ता, आयोग के सहायक संचालक बृजेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेन्द्र कश्यप जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जांजगीर, गजेन्द्र सिंह जायसवाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास जांजगीर, ज्योति मिश्रा संरक्षण अधिकारी (संस्थागत देखरेख) जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास जांजगीर, एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी शामिल थे।

## छात्र युवा नागरिक रेल जोन संघर्ष समिति ने रेलमंत्री का पुतला दहन किया

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लाखों यात्रियों की सुविधा को ताक में रखकर सिर्फ और सिर्फ कोयला ढुलाई के लिए पिछले 2 महीनों से लगातार यात्री ट्रेनों को रद्द किए जाने की वजह से यात्रियों की मुसीबतें बढ़ गई है जिसे देखते हुए लगातार विरोध के स्वर विभिन्न स्थानों से हो रहे हैं तो वहीं अब इसमें आम नागरिक भी शामिल हो रहे हैं ।इसी कड़ी में बुधवार को छात्र युवा नागरिक रेल ज़ोन संघर्ष समिति के द्वारा ट्रेनों को बंद किए जाने के विरोध में तार बहार चौक में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव का पुतला दहन किया गया। समिति के सदस्यों का कहना है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे लगातार कोयला ढुलाई के नाम पर ट्रेनों को रद्द कर रहा है लेकिन इसकी वजह से ट्रेनों को रद्द किया जाना उचित नहीं है क्योंकि इससे यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। अगर इस सुविधा को जल्द प्रारंभ नहीं किया गया तो आगे समिति के सदस्य प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन के दौरान सदस्यों ने ट्रेनों के रद्द होने पर तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि भारतीय रेल मनमानी कर रहा है जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है समिति ने प्रारंभिक तौर पर इसे चेतावनी के तौर पर भारतीय रेल को अग्रेषित किया है ताकि ट्रेनों को जल्द ही शुरू किया जाए। समिति रेल बोर्ड को अपने फैसले को वापस लेने मजबूर करेगी ।इस दौरान संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि ट्रेनों को रद्द करने के साथ भारतीय रेल ट्रेनों के स्टॉपेज को भी भी विभिन्न छोटे स्टेशनों में खत्म कर रही है जो न्याय उचित नहीं है इसे भी जल्द प्रारंभ नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन समिति के द्वारा किया जाएगा। छात्र युवा नागरिक रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए भारतीय रेलवे बोर्ड पर आरोप लगाया कि जानबूझकर इस तरह से ट्रेनों को रद्द किया जा रहा है क्योंकि उन्हें पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाना है बिजली की कमी के नाम पर केवल अफवाह फैलाई जा रही है।

## योग आयोग सदस्य व पार्षद रविंद्र सिंह ने बारिश पूर्व नालों की हो रही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य व नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद रविन्द्र सिंह ने आज नगर के विद्याउपनगर ,व्यापार बिहार, श्रीकांत वर्मा मार्ग, लिकरोड, बिनोबानगर के नालो का बारिश पुर्व सफाई ब्यवस्था देखा। वही व्यापार बिहार सडक व नाला निर्माण के बाद लिकरोड व विद्याउपनगर मे आर सी सी नाला निर्माण हो रहा है।वहॉ पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लेकर ठेकेदार को तेज गति से कार्य करने दिशा निर्देश दिये। बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र मे श्रीकांत वर्मा मार्ग ,बस स्टैंड, लिकरोड ,कश्यप कालोनी, बिनोबानगर,विद्या नगर डुबान क्षेत्र है। बरसात के मौसम मे यहॉ के लोगो को काफी परेशानि यो का सामना करना पडता है। इस वर्ष तेज बारिश मे भी पानी की निकासी हो सके इस लिए लिकरोड से बाद



विध्याउपनगर में चौड़ी नाली का निर्माण वार्ड पार्षद रविन्द्र सिंह ठाकुर के देख रेख मे किया जा रहा है। पानी भराव वाले क्षेत्रो मे गाडी से नालो का सफाई कार्य किये जाने हेतु नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर भेज दिया गया है। नाला निर्माण के बाद यहॉ के निवासियों को जल भराव समस्यॉ से मुक्ति मिलेगी।

## 31 को मनेगा अन्तर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग द्वारा 31 मई को अन्तर्राष्टीय धूम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिससे जन सामान्य में धूम्रपान के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण निर्मित हो सके।

तम्बाकू या तम्बाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर बीमारियां परिलक्षित हो रही है, जो सभी के लिए चिन्ता का विषय है। तंबाकू युक्त निर्मित विभिन्न उत्पादों के विरूद्ध व्यापक जनचेतना विकसित करने के लिए भारत माता वाहिनी एवं विभागीय कलाकारों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। नशे के दुष्परिणामों से लोगों को जागरूक करने के लिए जन जागरूकता रैली, प्रचारित बैनर, पोस्टर, दीवार लेखन तथा नशामुक्ति पाम्पलेट का वितरण नशा प्रभावित क्षेत्रों में एवं बिलासपुर शहर के स्लम क्षेत्र में व्यापक स्तर से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### भक्त कवरराम प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्या. का निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**बिलासपुर।** छ.ग. राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग रायपुर के आदेशानुसार वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक आर.पी. कोरी को भक्त कवरराम प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्या. चकरभाठा का रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 02 जून को नियोजन पत्र प्राप्त किया जाएगा, 03 जून को नियोजन पत्र की जांच की जाएगी। 04 जून नियोजन पत्रों की वापसी, 10 जून को आम सभा, मतदान, मतगणना, 12 जून को सहयोजन, 15 जून को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का बैठक सूचना जारी कर 20 जून को निर्वाचन सम्पन्न कराया जायेगा।

## संभागायुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई नक्सलवाद और हिंसा का विरोध करने की शपथ

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर आज संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग सहित संभागायुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया। संभागायुक्त डॉ. अलंग ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को नक्सलवाद एवं हिंसा का विरोध करने और छत्तीसगढ़ को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढसंकल्पित होने की शपथ दिलाई। जिला कार्यालय में कार्यालय अधीक्षक सी.एस. सिदार ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा 25 मई 2013 को बस्तर अंचल के झीरम घाटी में नक्सल हिंसा के शिकार हुए जनप्रतिनिधि, सुरक्षा बलों के जवान एवं विगत वर्षों तथा वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीद हुए अन्य सभी भाई बहनों की स्मृति में प्रतिवर्ष 25 मई को झीरम श्रद्धांजलि दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है।

## जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री के लिए धावक दिनेश चयनित

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दिनेश, जूनियर टीएनसी/ बिलासपुर ने अपनी जगह सुनिश्चित किया है । उक्त दल बर्लिन (जर्मनी) में 13 से 16 जुलाई 2022 को आयोजित होने वाला वर्ल्ड रेलवे क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भाग लेगा । भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल की ओर से 5 पुरुष एवं तीन महिला भाग लेंगे । भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल में शामिल होने हेतु परीक्षण में दिनेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री दल में जगह बनाने पर दिनेश को महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बधाई दी है।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में हसौद पुलिस को मिली सफलता

पायनियर संवाददाता ◂ जांजगीर
www.dailypioneer.com



पुलिस ने हसौद में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। मृतका का जेठ फिरूराम उम्र 56 वर्ष निवासी चिस्दा ने थाना रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके छोटे भाई की पत्नी दुकलहीन अपने घर में अकेली रहती है जिसे किसी अज्ञात ब्यक्ति के द्वारा सिर में धारदार ठोस वस्तु से मारकर हत्या कर दिया है। फिरूराम की रिपोर्ट पर थाना हसौद में 10 मई को धारा 302 भादवि पंजीबद्ध किया गया। विवेचना के दौरान दुकलहीन की हत्या उसका जेठ फिरूराम द्वारा जमीन विवाद को लेकर करने की बात सामने आने पर फिरूराम को पुलिस अभिरक्षा में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उसके द्वारा जमीन विवाद के कारण अपने भाई की पत्नी दुकलहीन की हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी फिरूराम ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता है, दुकलहीन का बेटा बजरंगी ने अपने हिस्से का डभरा खार में स्थित जमीन 07 डिसमील को 70000 रू में एवं भर्री खार में स्थित 06 डिसमील को 39000 रू. में मेरे पास बेचा है जिसका स्टाम्प में लिखा पढी कराकर रखा हूॅ। जिस पर बजरंगी के मां दुकलहीन विवाद करती थी। उसके बाद मै बजरंगी से उसका नहर खार के 10 डिसमील जमीन को खरीदना चाहता था तो दुकलहीन ने जमीन को मुझे देने से मना कर दिया और उस जमीन को मेरे भाई का बेटा सीताराम को दे दिया। दुकलहीन साहू द्वारा बार बार जमीन बटवारा का फौती कटाने के लिये बोलने से तथा नहर खार के 10 डिसमील जमीन को नही देने से दुकलहीन नही रहेगी तो पुरा जमीन मेरा हो जायेगा इस उद्देश्य से जान से खतम करना सही होगा सोचकर 9-10 मई के रात्रि करीबन 02.00 बजे अपने ईट काटने के औजार टेसी से दुकलहीन के सिर में मारकर दुकलहीन की हत्या कर घर से दीवार कुदकर अपने घर चला गया और औजार को पानी से धोकर बाथरूम के पीछे छिपाकर रख दिया। मुझ पर किसी को शक न हो यह सोचकर मैं स्वयं थाना जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया था। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईट काटने के औजार टेसी को बरामद कर जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 302 के अतिरिक्त धारा 450,201 भादवि की भी धारा जोड़कर आरोपी को 25 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

### सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति हाइकोर के अंतरिम फैसले से बाधित रहेगा

**बिलासपुर।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक (नेत्र रोग) की नियुक्ति के हाईकोर्ट के अंतिम फैसले से बाधित रहेगी। इस मामले में हाईकोर्ट ने निर्धारित शर्तों को पूरा नहीं करने के बावजूद चयन के मामले में संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने फरवरी 2022 में सहायक प्राध्यापक पदों पर भर्ती के लिए शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय चिकित्सा शिक्षा विभाग के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इस पर दुर्ग की डॉ. विनन्ती मोतीराम कानगले और बिलासपुर की डॉ. प्रभा सोनवानी ने भी आवेदन किया था। विज्ञापन की कंडिका 3 के अनुसार किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज में संबंधित विषय में जूनियर रेजीडेंट 3 वर्ष और किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज में संबंधित विषय में सीनियर रेजीडेंट के रूप में एक वर्ष और अनुसूची 1 के खंड 4 के अनुसार एमडी/एमएस के समतुल्य माने गए डी एवं बी या डीएनबी प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त कार्य अनुभव के अलावा किसी मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज में संबंधित विषय में सीनियर रेजीडेंट के रूप में एक वर्ष निर्धारित किया गया था।

//कार्यालय सेनानी, 16वीं वाहिनी (भा./र.) छ.स. बल, नारायणपुर (छ.ग.)//
दूरभाष :- कार्यालय 07781-252931, फैक्स 07781-252931, e-mail ID :- co16thbn-npr.cg@gov.in

क्रमांक:- 16वीं बटा./छ.स.बल/नारायणपुर/क्वा.मा./ /2022, दिनांक /05/2022
प्रति,

// निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदायें प्रपत्र-अ में प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा 01.01.2015 (भवन) एवं निविदा जारी दिनांक तक संशोधित दर अनुसूची के आधार पर लोक निर्माण विभाग/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / छ.ग. गृह निर्माण मंडल/ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/ सिंचाई विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति, जिसमें एक अमानत राशि व दूसरा निविदा प्रपत्र का लिफाफा होगा, निविदा हाथो हाथ, पंजीकृत डाक एवं स्पीड पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है। कार्यालय सेनानी, 16वीं वाहिनी (भा./र.) छ.स. बल, नारायणपुर में निविदाओं उपस्थित निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। उक्त तिथि को अपरिहार्य परिस्थिति में निविदा संबंधी कार्यवाही अगले कार्य दिवस को की जायेगी।

(01) निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि :- 07.06.2022 के 03:00 बजे तक
(02) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि :- 08.06.2022 के 03:00 बजे तक
(03) निविदा खोले जाने की तिथि :- 09.06.2022 के 04:00 बजे संध्या
(04) निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750/-
(05) कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 60 दिवस।
(06) ठेके की श्रेणी/निविदा आमंत्रण क्रमांक :- 'डी' एवं उच्च श्रेणी लो.नि.वि. के श्रेणी के पात्रतानुसार (प्रथम बार)
(07) प्रभावी दर अनुसूची भवन :- लो.नि.वि. द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2015 को जारी एस.ओ.आर. में प्रचलित

| स. क्र. | कार्य का नाम | संख्या | लागत (लाख में) | धरोहर राशि | कार्य स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वाहिनी मुख्यालय में एन्ट्री गेट निर्माण कार्य | 01 | 5.30 | 15,900/- | ग्राम-गढ़बेंगाल एवं गरांजी, जिला- नारायणपुर |
| 2 | वाहिनी मुख्यालय में गार्ड रूम निर्माण कार्य | 01 | 5.68 | 17,040/- | |
| 3. | एम.टी. रैम्प निर्माण कार्य | 01 | 3.45 | 10,350/- | |

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु रुपये 750/- का पृथक-पृथक चालान 0055 पुलिस 800 अन्य प्राप्तियां में जमा कर चालान की प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें। निविदा संबंधी अन्य जानकारी के लिए 16वीं वाहिनी (भा./र.) छ.स.बल, नारायणपुर से संपर्क कर सकते हैं।

सेनानी
16वीं वाहिनी (भा./स.) छ.स. बल
नारायणपुर

# राजीव भवन में झीरम के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में झीरम घाटी के शहीद नेताओं की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजली आयोजन किया गया जिसमे उपस्थित कांग्रेसजनों ने शहीद नेताओं को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजली दी गयी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, खादी बोर्ड के अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी, आरडीए अध्यक्ष सुभाष धुप्पड, पंकज शर्मा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जे.पी. श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, रायपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, सेवादल मुख्य संगठक अरूण ताम्रकार, दौलत रोहड़ा, सुंदर जोगी, उषा रज्जन श्रीवास्तव, राजेश चौबे, दिलीप षडंगी, आशा चौहान, संजय पाठक, सुरेश यादव, जनक ध्रुव, निवेदिता चटर्जी प्रशांत ठाकुर, सागर यादव, महेश सोना, अशोक राज आहूजा, अजय अग्रवाल, राजेन्द्र पप्पू बंजारे, राजेश पांडे, पूनम यादव, दीपा बग्गा, शशि शर्मा, विपिन मिश्रा, भवानी मरकाम, आलोक सिंह ठाकुर, विनोद कुर्रे, नवीन श्रीवास्तव, महेन्द्र देवांगन, विजय राठौर, नीलीमा नंद, अन्नूराम साहू, सुल्तान बागड़ी, रहमत उलला खान, अजय जोशी, बिन्दु रानी प्रसाद, पूजा देवागंन, शशि भूषण, उपेन्द्र पाल, सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



## झीरम के शहीदों को आरडीए ने दी मौन श्रध्दांजलि



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर रायपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ के नेतृत्व में संचालक मंडल के सदस्यों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने 25 मई 2013 को झीरम घाटी में नक्सल हिंसा में शहीद हुए जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बल के जवानों सहित वर्तमान में नक्सल हिंसा में शहीदों को दो मिनट का मौन रख कर श्रध्दांजलि दी और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों को याद किया। श्रध्दांजलि कार्यक्रम में सुभाष धुप्पड़ ने उपस्थित सभी संचालक मंडल के सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। शपथ में इस बात का संकल्प लिया गया कि हम छत्तीसगढ़ वासी अपने राज्य में अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठापूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के नक्सलवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम छत्तीसगढ़ राज्य को पुनः शांति का टापू बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे।

# झीरम घाटी के शहीद कांग्रेस की राजनीति के हुए शिकार : विष्णुदेव साय

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने भाजपा की ओर से झीरम घाटी के शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि झीरम के शहीद कांग्रेस की राजनीति के शिकार हो गए। झीरम का सच सामने आने में कांग्रेस और उसकी भूपेश बघेल सरकार बाधक बनी हुई है। क्या कारण है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न्यायिक जांच आयोग की रपट विधानसभा में रखने की बजाय उसे सार्वजनिक होने के पहले ही नया जांच आयोग गठित कर दिया। जिसकी कार्यवाही पर माननीय उच्च न्यायालय ने अंतरिम रोक लगा दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि जब 25 मई 2013 को झीरम घाटी नक्सली हमला हुआ, तब केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार थी। भाजपा ने इस बेहद गंभीर मामले की उच्च स्तरीय जांच का आग्रह किया। तत्कालीन यूपीए सरकार ने एनआईए जांच का आदेश दिया। तब लगभग साल भर तक केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार रही। भाजपा ने जांच में तेजी लाने के लिए आग्रह किया लेकिन साल भर तक कांग्रेस ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई। भाजपा की राज्य सरकार ने झीरम घाटी मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग गठित किया। उसकी सुनवाई में घटना के चश्मदीद और मौजूदा कांग्रेस सरकार के मंत्री ने बयान दर्ज कराना उचित नहीं समझा, आखिर क्यों? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट आ जाने के बाद कांग्रेस की राज्य सरकार को उसे विधानसभा में रखना चाहिए था लेकिन 6 माह से अधिक का समय बीतने पर भी कांग्रेस की सरकार ने न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की। बल्कि भूपेश बघेल सरकार ने नया जांच आयोग गठित कर दिया। इसकी क्या वजह है? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने माननीय उच्च न्यायालय में इसकी वैधानिकता को चुनौती दी और न्यायालय ने नए आयोग की कार्यवाही पर रोक का अंतरिम आदेश दिया तो इसमें भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को शिकायत है कि नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक अदालत क्यों पहुंच गए। सरकार अगर असंवैधानिक व्यवस्था देगी तो इसके खिलाफ न्यायालय नहीं तो क्या राजीव भवन जायें? प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि झीरम के सबूत जेब में रखकर घूमने का दावा करने वाले भूपेश बघेल साढ़े तीन साल से मुख्यमंत्री हैं तो जेब से सबूत निकालकर शहीदों के साथ न्याय क्यों नहीं कर देते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि झीरम का सच सामने आये।

## सत्ता में आने के बाद भी अब झीरम पर कांग्रेस मौन क्यों : कोमल हुपेंडी



आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने कहा है कि 25 मई 2013 को पूरे देश को झकझोर कर रख देने वाली झीरम हत्याकांड आखिर नक्सली घटना या राजनीतिक साजिश? इस घटना में छत्तीसगढ़ कांग्रेस के तत्कालीन शीर्ष नेतृत्व को मौत के घाट उतार दिया गया था। आज झीरम कांड को पूरे 9 साल हो गए पर उस घटना की पूरी सच्चाई अभी तक सार्वजनिक नहीं हुई है। वहीं 2013 में केंद्र में यूपीए की सरकार थी तब कांग्रेस की नेताओं ने जांच में तत्परता क्यों नहीं दिखाई उस समय तो सारी जांच एजेंसियों जांच कर सकतीं थीं। अब कांग्रेस क्यों नये सिरे से जांच करना चाहती है। घटना के समय राज्य में भाजपा सरकार थी तब कांग्रेस जाँच की मांग करती थी। सत्ता में आने के बाद अब कांग्रेस मौन क्यों है क्या वे भी झीरम कांड का सच जनता को नहीं बताना चाहते हैं। वहीं पिछले साल झीरम घाटी नरसंहार मामले में नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक द्वारा लगायी गई याचिका में उन्होंने झीरम कांड की न्यायिक जांच रोकने की मांग की थी।

# समाजसेवी रूपेश कुमार ने छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com



युवा समाजसेवी रूपेश कुमार ने कक्षा दसवीं में प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्राओं कु. मीनाक्षी प्रधान, कु.नैंसी पटेल, कु.भवानी पटेल, कु.प्राची भोई एवं कु.महक अग्रवाल के घर जाकर परिजनों से मुलाकात कर बधाई दीऐ एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें एक अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किए सर्वप्रथम रूपेश कुमार ने सभी बच्चों एवं उनके परिवार जनों को मुंह मीठा कर एवं बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया साथ ही साथ उन्हें उनके भविष्य को लेकर जो योजनाएं हैं उनके लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें एक अच्छा इंसान बनने और समाज एवं क्षेत्र के लोगों का कल्याण करने के लिए प्रेरित किए।


# वाट्सएप ग्रुप में अश्लील संदेश, शिक्षक शैलेष वर्मा गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता सिमगा/तिल्दा
www.dailypioneer.com



महिला शिक्षिका को बदनाम करने की नियत से उसके बारे में समन्वयक शिक्षक वाट्सएप ग्रुप में अश्लील संदेश भेजकर चरित्र हनन करने वाले शिक्षक संकुल समन्वयक शैलेष वर्मा को पुलिस ने किया गिरफ्तार। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला झीपन में कार्यरत शैलेष कुमार वर्मा ने अपनी ही साथी महिला शिक्षिका के बारे में समन्वयक वाट्सएप ग्रुप में अश्लील संदेश भेजकर महिला शिक्षिका का चरित्र हनन का प्रयास किया है जो अनैतिक कृत्य है जिसकी शिकायत पीड़िता महिला शिक्षिका एवं छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन संघ सिमगा ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले से किया है लेकिन शिक्षा अधिकारी के द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता शिक्षिका ने थाना तिल्दा नेवरा में उक्त संकुल समन्वय शैलेष वर्मा के विरुद्ध शिकायत किया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया था और आरोपी शैलेश वर्मा के तलाश में थी कि आरोपी का पता लगते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि संकुल समन्वयक शैलेष वर्मा को ऐसा ही अनैतिक कृत्य के चलते जरौद संकुल से हटाया गया था। 15 दिन पहले प्रार्थी शिक्षिका ने आरोपी के विरुद्ध तिल्दा नेवरा थाना में एफ आई आर दर्ज कराया था। उसके बाद से शिक्षक फरार था। मिली जानकारी के अनुसार सिमगा ब्लॉक के झीपन स्कूल में पदस्थ शैलेष कुमार वर्मा का खपराडीह स्कूल के समन्वयक शिक्षक से मीटिंग की बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में एक दूसरे के खिलाफ टीका टिप्पणी करते रहे। विवाद इतना बढ़ गया कि शैलेष कुमार वर्मा ने खपराडीह स्कूल के समन्वयक शिक्षक की पत्नी के नाम पर उसी व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक में अश्लील टिप्पणी करते हुए मैसेज कर दिया। शैलेष कुमार वर्मा के द्वारा की गई अश्लील टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए खपराडीह स्कूल के समन्वयक शिक्षक की पत्नी जो कि पेशे से उसी ब्लॉक में एक स्कूल में शिक्षिका है ने तिल्दा पुलिस थाने में शैलेंस के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करा दिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से शैलेष कुमार वर्मा फरार हो गया था,सोमवार को तिल्दा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ग्राम सुहेला का रहने वाला शैलेश वर्मा. कहने को शिक्षक के पद पर कार्यरत है बावजूद उसके वह दो प्राइवेट स्कूल का संचालन करता है।

# 26 को भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों व 27 मई को होगी प्रदेश कार्यसमिति बैठक



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 26 व 27 मई को प्रातः 11 बजे आयोजित की गई है। बैठक के पहले दिन 26 मई को भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी। वहीं दूसरे दिन 27 मई को प्रदेश कार्यसमिति के पदाधिकारियों की बैठक होगी। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में प्रदेश प्रभारी डी. पुरन्देश्वरी, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। 26 मई को होने वाले बैठक में भाजपा के प्रदेशपदाधिकारियों की बैठक में राज्य में हमारा बूथ सबसे मजबूत की समीक्षा होगी, जबकि 27 मई को होने वाले बैठक में भाजपा कार्यसमिति के बैठक में आसन्न चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की जाएगी।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403